सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 25 अगस्त, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 48, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## सेंसेक्स में 172 अंकों की गिरावट

वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की ऊंची कीमत से घरेलू शेयर बाजार में गिरावट आई और सेंसेक्स 172 अंक टूटा। } 10

## सीमा मुद्दे पर वार्ता के लिए बीजिंग पहुंचे डोभाल

एनएसए अजित डोभाल दो दिवसीय दौरे पर बीजिंग पहुंचे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेंगे। } 12

## सावन के आखिरी सोमवार पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



वाराणसी/मथुरा/बाराबंकी। सावन के आखिरी सोमवार को उत्तर प्रदेश के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर, मथुरा-वृंदावन के प्रमुख शिवालयों और बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। वाराणसी में मंगला आरती के बाद काशी विश्वनाथ मंदिर के कपाट खुलते ही कांवड़ियों और अन्य श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक शुरू कर दिया। मंदिर प्रशासन के अनुसार, सुबह सात बजे तक करीब ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूपी-जापान के बीच संवाद से बना सकारात्मक माहौल : योगी

**विशेष संवाददाता**



लखनऊ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जापानी कंपनियों के निवेश और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को इन्वेस्ट यूपी व अन्य विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार 240 लोगों के प्रतिनिधिमंडल का प्रदेश में आगमन हुआ। इस यात्रा में जापान व उत्तर प्रदेश के बीच सकारात्मक माहौल का सृजन हुआ। जापान से आए अतिथियों ने उत्तर प्रदेश में आए सकारात्मक बदलावों की सराहना की। ऐसे में जापान व उत्तर प्रदेश के बीच निरंतर संवाद कर निवेश के माध्यम से युवाओं को रोजगार से जोड़ा जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री को जापान के प्रतिनिधिमंडल की ओर से किए गए सभी एमओयू के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इस दौरे का मुख्य फोकस निवेश, मैन्युफैक्चरिंग, ग्रीन एनर्जी, तकनीक, कौशल विकास, शिक्षा और पर्यटन में सहयोग बढ़ाने पर रहा। मुख्यमंत्री ने यीडा के अंतर्गत जापानी सिटी के लिए भूमि अधिग्रहण के संबंध में जानकारी ली। अधिकारियों ने अवगत कराया कि 500 एकड़ में से 350 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने इस कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान में सितंबर, अक्टूबर व दिसंबर में होने वाले विभिन्न वैश्विक आयोजन में उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल को भी भेजा जाए। इसमें मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्योगपतियों के साथ ही संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञों को भी शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापानी भाषा के प्रशिक्षण तथा स्किल डेवलपमेंट के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाया जाए। यामानाशी प्रांत सहित जापान के विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाओं को सुदृढ़ किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्वेस्ट यूपी में अलग से यामानाशी जापान डेस्क बनाई जाए। इसके जरिए निरंतर संवाद होता रहे। उन्होंने हर तीसरे महीने इसकी प्रोग्रेस रिपोर्ट भी लेने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापानी पर्यटकों को उत्तर प्रदेश के बौद्ध स्थलों पर जाने के लिए अच्छी सुविधाएं दी जाएं। एक ऐसा रूट विकसित किया जाए, जिससे वे एक साथ सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कपिलवस्तु समेत अधिक से अधिक बौद्ध स्थलों का दर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि आगामी ट्रेड शो में जापानी विशेषज्ञों के साथ विशेष सत्र आयोजित किए जाएं, जिससे युवाओं को उनके अनुभवों का लाभ प्राप्त हो सके। मुख्यमंत्री ने कहाकि यूनेस्को ने सारनाथ की भांति जापान के नारा को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है। दोनों को परस्पर सांस्कृतिक रूप से जोड़ने के लिए कदम उठाए जाएं। मुख्यमंत्री ने द्विपक्षीय पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश एवं यामानाशी प्रांत के टूर ऑपरेटरों के मध्य ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप

## रक्षा मंत्रालय की अधिकारी की मौत, जांच की मांग

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) की मौत को लेकर उनके परिवार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। बिहार के ट्रक चालक अब्दुल तवाब खान के लिए साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से निकलकर उनकी बेटी का रक्षा मंत्रालय में सहायक अनुभाग अधिकारी (एएसओ) बनना गर्व की बात थी। दिल्ली के द्वारका में उनकी तीन महीने की गर्भवती बेटी की मौत ने उन्हें इस मामले की गहन जांच की मांग करने पर मजबूर कर दिया है। तीस वर्षीय नाजिया खानम ने एसएससी सीजीएल परीक्षा उत्तीर्ण की थी और इसके बाद वह रक्षा मंत्रालय में एएसओ के पद पर तैनात हुई थीं। उन्होंने इस साल अप्रैल में मोहम्मद आजम अली खान से शादी की थी। नाजिया ने इससे पहले दो साल तक पश्चिम बंगाल में आयकर विभाग में काम किया था। उनके परिवार का आरोप है कि द्वारका स्थित अपने ससुराल में उन्हें अक्सर झगड़ों और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा था।

## पति की हत्या के जुर्म में महिला व प्रेमी को उम्रकैद

बहराइच (उप्र)। बहराइच जिले की एक अदालत ने अपने पति की हत्या की आरोपी एक महिला और उसके प्रेमी को सोमवार को दोषी करार देते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनायी। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) गिरीशचन्द्र शुक्ला ने बताया कि 29 अप्रैल 2021 को दरगाह शरीफ थानाक्षेत्र के सासापारा गांव में असलम का शव अपने घर में पाया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में दर्ज मुकदमे में असलम की पत्नी आशिया उर्फ जरीना और गांव के ही सोनू उर्फ मुनव्वर को आरोपी बनाया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार आशिया के सोनू के साथ प्रेम संबंध थे और पति असलम इसका विरोध करता था।

# वर्तमान पीढ़ी का भविष्य खराब कर रहे राहुल : योगी

❍ सीएम योगी ने रायबरेली को दी 879 करोड़ की सौगात ❍ मुख्यमंत्री ने राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मृति सभागार का किया लोकार्पण

**हरीशानंद मिश्र**



रायबरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मनु स्मृति वाले बयान की तीखी आलोचना करते हुए उनसे सवाल किया कि वह क्यों अर्बन नक्सलियों के हाथों भारत की वर्तमान पीढ़ी के भविष्य को खराब करना चाहते हैं?

इससे पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1857 के अमर नायक राणा बेनी माधव भगत सिंह सभागार के लोकार्पण के साथ विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से 19 करोड़ का अंतरण , 879 करोड़ रुपए की 346 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। 60 सपेरा समुदाय एवं अन्य आवासीय विहीन परिवारों को आवास का आवंटन समेत अनेक योजनाओं को हरी झंडी दी। रायबरेली के सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के गढ़ में मनुस्मृति को लेकर उनके पुणे में दिये गये कथित बयान का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि भारत को राहुल गांधी से व्यक्तिगत तौर पर कोई उम्मीद नहीं है लेकिन लोकसभा में उनके पास जो नेता प्रतिपक्ष का पद है उससे जरूर उम्मीद है। अपने सवालों को विस्तार देते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल भारत की विरासत को क्यों बर्बाद करना चाहते हैं, क्यों भारत के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना चाहते हैं ? राहुल गांधी से एक जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष के रूप में सकारात्मक भूमिका की अपेक्षा यह देश रखता था, लेकिन उन्होंने उन भूमिकाओं को बर्बाद कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उन जिम्मेदारियों से अपने आपको पूरी तरह अलग कर दिया। अमेठी और रायबरेली इस परिवार को ढोता तो रहा, लेकिन इस क्षेत्र के सामने इस परिवार ने हमेशा पहचान का संकट खड़ा किया। सीएम योगी ने आरोप लगाया कि यहां के संस्थानों के नाम, यहां के स्मारकों के नाम, एक परिवार के नाम पर हो जाएं, इनको अच्छा लगता था, लेकिन राना बेनी माधव बख्श सिंह या वीरा पासी के नाम पर आपने या आपके लोगों ने सोचा भी नहीं। वे 1857 के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर नायक, अवध केसरी राना बेनी माधव बख्श सिंह की 222 वीं जयंती पर रायबरेली में आयोजित भाव समर्पण ...शेष पृष्ठ 10 पर

## मुख्यमंत्री ने सुनी जनता की फरियाद

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान सीतापुर निवासी पूनम देवी ने गोपालन के जरिए आत्मनिर्भर बनने की इच्छा जताई। मुख्यमंत्री ने तत्काल अपर मुख्य सचिव पशुधन को निर्देश दिया कि उन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराई जाए और नियमानुसार सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाए।

पूनम देवी सीतापुर के गुरुदेव नगर, हरगांव की रहने वाली हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह गोपालन के माध्यम से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करना चाहती हैं। उनके पास पहले से पांच गाय हैं और अतिरिक्त गोवंश रखने के लिए पर्याप्त स्थान भी उपलब्ध है। उन्होंने और गाय उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, ताकि दूध आदि की बिक्री से आय बढ़ा सकें। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन्हें निराश्रित गाय उपलब्ध कराने के साथ मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत गोवंश की देखभाल के लिए नियमानुसार आर्थिक सहायता भी दिलाई जाए। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने पूनम देवी का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि सरकार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## लखनऊ में चैंबर तोड़ने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे अधिवक्ता

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली एक याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति जताई, जिसमें लखनऊजिला अदालत परिसर के पास कथित तौर पर सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण करके बनाए गए वकीलों के चैंबरों को तोड़ने का निर्देश दिया गया था।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ को एक वकील ने बताया कि तोड़फोड़ के नोटिस जारी किए जा चुके हैं और 30 अगस्त को कार्रवाई प्रस्तावित है। प्रधान न्यायाधीश ने शुरू में अधिवक्ता से पूछा कि उच्च न्यायालय का रुख क्यों नहीं किया जा सकता। इस पर वकील ने कहा कि तोड़फोड़ का निर्देश स्वयं उच्च न्यायालय ने दिया है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, वे अनधिकृत चैंबर होंगे। हालांकि, वकील ने दलील दी कि ये चैंबर करीब 40 वर्षों से अस्तित्व में हैं। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम देखेंगे। उन्होंने सुनवाई के लिए कोई तारीख तय नहीं की। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

## स्वाइन फ्लू, वायरल फीवर को लेकर यूपी में अलर्ट

डिप्टी सीएम ने अपर मुख्य सचिव व स्वास्थ्य महानिदेशक को दिये निगरानी के निर्देश

**वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ। दिल्ली में स्वाइन फ्लू के मरीजों के मिलने के बाद प्रदेश में स्वाइन फ्लू के मामलों को देखते हुए उत्तर प्रदेश का स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। इसके साथ ही वायरल फीवर के मरीजों को लेकर अलर्ट किया गया है।

अस्पताल आने वाले प्रत्येक बुखार के मरीज की तत्काल सभी आवश्यक जांच कराई जाए और उपचार में पूरी सतर्कता बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को अपने अधीनस्थ चिकित्सालयों का लगातार भ्रमण कर मरीजों की स्थिति की निगरानी करने तथा सभी मरीजों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रदेश के सभी जिलों में स्वाइन फ्लू से संबंधित मामलों पर पैनी नजर रखी जाए। साथ ही अस्पतालों में आने वाले संदिग्ध एवं संक्रमित मरीजों की स्थिति की नियमित





निगरानी और आवश्यकता के अनुसार तत्काल उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में उपलब्ध संसाधनों, जांच एवं उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की भी लगातार समीक्षा की ...शेष पृष्ठ 10 पर

### साफ-सफाई का रखें विशेष ध्यान

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अस्पतालों में साफ-सफाई की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने तथा संक्रमण से बचाव के लिए सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसमी बुखार और वायरल फीवर के बढ़ते मामलों को देखते हुए अस्पतालों में मरीजों की सतत निगरानी और उपचार व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। साथ ही, निदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि मौसमी बुखार को ...शेष पृष्ठ 10 पर

## रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मिले जयशंकर

मॉस्को। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को मॉस्को में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों तथा वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर रूस की दो दिवसीय यात्रा के तहत रविवार को मॉस्को पहुंचे। यह यात्रा 12-13 सितंबर को ब्रिक्स नेताओं के शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नयी दिल्ली दौरे से पहले हो रही है। जयशंकर और पुतिन की बैठक को इसलिए अहम माना जा रहा है, क्योंकि भारत और रूस कई क्षेत्रों में द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सहयोग बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इससे पहले जयशंकर ने रूस के उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव के साथ द्विपक्षीय व्यापार ...शेष पृष्ठ 10 पर

## महिलाओं के हुनर से पैदा होंगे नये रोजगार

महिलाओं की आर्थिक मजबूती से गांवों में बढ़ेगी खुशहाली : धामी

**प्रमुख संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि महिला जब आर्थिक रूप से मजबूत होती है तो उसका लाभ परिवार के साथ-साथ पूरे गांव को मिलता है। महिलाओं के हुनर को कारोबार से जोड़कर ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आय के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं।

मुख्यमंत्री सचिवालय में उत्तराखंड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों की ओर से लगाए गए सशक्त बहना उत्सव के स्टॉलों का शुभारंभ करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और महिलाओं द्वारा तैयार किए गए स्थानीय उत्पादों, राखियों तथा अन्य सामग्री के



बारे में जानकारी ली। महिला समूहों के उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए आयोजन की अवधि बढ़ाने की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 से सशक्त बहना उत्सव रक्षाबंधन से 15 दिन पहले शुरू होगा और पखवाड़े भर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक चलने वाले आयोजन से महिलाओं को अधिक ग्राहकों तक पहुंचने, उत्पाद प्रदर्शित करने और बिक्री बढ़ाने ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


❍ योगी सरकार को मिला एआई का साथ (पृष्ठ-02)
❍ यूपी में 4,104 करोड़ के निवेश को मंजूरी (पृष्ठ-02)
❍ 31 अगस्त से पहले आईटीआर करें दाखिल (पृष्ठ-10)
❍ बैंक यूनियंस ने 11 को हड़ताल की दी धमकी (पृष्ठ-10)
❍ हवाईयात्री सेवाओं की मुद्रास्फीति 32 प्रतिशत बढ़ी (पृष्ठ-10)


**विशेष खबर** नकली दवाओं की पूरी सप्लाई चेन खंगालेगा एफएसडीए, बैंक रिकॉर्ड की भी होगी जांच

# दवा कारोबार में फर्जीवाड़े को लेकर योगी सरकार सख्त

**विशेष संवाददाता**

लखनऊ। प्रदेश में नकली, अधोमानक, मिलावटी और नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर योगी सरकार ने शिकंजा और कस दिया है। अब औषधि लाइसेंस जारी करने से लेकर दवाओं के भंडारण, बिलिंग और पूरी सप्लाई चेन

❍ डमी लाइसेंस से फर्जी बिलिंग तक जांच, स्टॉक से डिजिटल रिकॉर्ड तक निगरानी
❍ कोडीन सिरप से काउंटरफीट दवाओं तक सख्ती, संगठित नेटवर्क पर होगी कार्रवाई

तक निगरानी की जाएगी। डमी व्यक्ति के नाम पर लाइसेंस, फर्जी बिलिंग, स्टॉक में हेराफेरी और काउंटरफीट दवाओं के नेटवर्क की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। एफएसडीए की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब की ओर से जारी



एसओपी के तहत औषधि निरीक्षकों और अनुज्ञापन प्राधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। कोडीन सिरप, पेन किलर, फास्ट मूविंग व हाई वैल्यू दवाओं के साथ एनडीपीएस श्रेणी की दवाओं पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। संदिग्ध दवाओं के मामले में खरीद-बिक्री की पूरी कड़ी के साथ बैंक ट्रांजेक्शन और डिजिटल रिकॉर्ड की भी जांच होगी। नए थोक औषधि लाइसेंस के लिए आवेदक और फर्म की पृष्ठभूमि का गहन सत्यापन किया जाएगा। पूर्व में अवैध दवा कारोबार में शामिल रहे व्यक्ति यदि रिश्तेदारों या डमी व्यक्ति के नाम पर नया लाइसेंस लेने का प्रयास करते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

गंभीर उल्लंघनकर्ताओं को लाइसेंस हासिल करने से डिबार करने के साथ उनके कारोबारी साझेदारों और सहयोगियों की भूमिका भी जांची जाएगी। आवासीय क्षेत्रों में संचालित प्रतिष्ठानों को औषधि विक्रय लाइसेंस जारी करने से पहले भौतिक सत्यापन किया जाएगा। यह भी देखा जाएगा कि लाइसेंस वाले परिसर का वास्तविक उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों के लिए हो रहा है या नहीं। जांच में यह ...शेष पृष्ठ 10 पर

## न्यूनतम वेतनमान पर हों अस्थायी नियुक्तियां

**विधि संवाददाता**

❍ सहायता प्राप्त माध्यमिक स्कूलों में रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर हाईकोर्ट के निर्देश

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने एक अहम निर्णय में कहा है कि सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में जब शिक्षकों के स्वीकृत पद रिक्त हैं तो मानदेय के आधार पर नियुक्ति का सवाल ही नहीं उठता है। कहा कि राज्य सरकार को ऐसे रिक्त पदों पर नियमित चयनित शिक्षक के उपलब्ध होने तक अस्थायी नियुक्ति की नई नीति बनानी चाहिए। ऐसी नियुक्ति संबंधित नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा आयोग की संस्तुति पर की जाए और शिक्षक को संबंधित स्वीकृत पद के न्यूनतम वेतनमान के साथ अनुमन्य भत्तों का भुगतान किया जाए। न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने यह आदेश मनोज कुमार सिंह व अन्य समेत करीब 190 याचिकाओं के एक साथ निस्तारण के दौरान दिया। कोर्ट ने 9 नवंबर 2023 और आठ जुलाई 2024 के राज्य सरकार के उन दोनों शासनादेशों को निरस्त कर दिया, जिनके जरिए एक ओर लंबे समय से कार्यरत तदर्थ शिक्षकों को हटाया गया था और दूसरी ओर शिक्षकों की भारी कमी के कारण उन्हें फिर से महज 25 हजार और 30 हजार रुपये के मानदेय पर मानदेय शिक्षक के रूप में रखने की नीति बनाई ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विदेशी पैसे से सामाजिक एकता खंडित करना चाहती है कांग्रेस

विशेष संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को रायबरेली में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश और समाज को बांटने के बाद तुष्टिकरण की राजनीति की और अब विदेशी पैसे के बल पर भारत की सामाजिक एकता को खंडित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने लोगों से ऐसी ताकतों से सतर्क रहने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास एवं विरासत के अभियान को आगे बढ़ाने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में रायबरेली, बछरावां और हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए 879 करोड़ रुपये की 346 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि रायबरेली अब विकास की नई पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक स्वतंत्रता सेनानी वीरा पासी की स्मृति में भव्य स्मारक और प्रतिमा स्थापित किए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने रायबरेली की मॉडर्न कोच फैक्ट्री का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले वर्ष फैक्ट्री ने रिकॉर्ड 2,156 कोच का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में स्थापित यह फैक्ट्री पहले अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ सकी, लेकिन अब रायबरेली की पहचान बन चुकी है। मई 2026 में पहली बार यहां वंदे भारत के ट्रेनशेड का रोलआउट हुआ है। योगी ने कहा कि विकास का उद्देश्य केवल निर्माण कार्य नहीं, बल्कि युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसानों के चेहरे पर खुशहाली लाना और कारीगरों व हस्तशिल्पियों को सम्मान दिलाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रायबरेली को लंबे समय तक वीआईपी संसदीय क्षेत्र कहा गया, लेकिन इसके बावजूद यहां बदहाली और अभाव रहा। गरीबों को सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिलता था। मुख्यमंत्री ने रायबरेली के सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस युवाओं को भ्रमित करने के साथ देश की विरासत का अपमान कर रही है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के अयोध्या दौरे का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने उन पर भी टिप्पणी की और कहा कि कुछ लोग एक तरफ राम का नाम लेते हैं और दूसरी तरफ उनके आचरण में विरोधाभास दिखाई देता है। योगी ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद उसे स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने मनुस्मृति को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों



पर भी प्रतिक्रिया दी। योगी ने कहा कि सनातन परंपरा में प्रचलित कालगणना की अपनी विस्तृत व्यवस्था है और इसमें निमेष, काष्ठा, कला, मुहूर्त, अहोरात्र, पक्ष, माह, अयन और वर्ष जैसी इकाइयों का उल्लेख मिलता है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के लिए रायबरेली और अमेठी केवल वोटबैंक का माध्यम रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले वीरा पासी को सम्मान देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि रायबरेली में वीरा पासी का भव्य स्मारक और प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने राणा बेनी माधव बख्श सिंह के नाम पर बनाए गए स्मारक और पूर्व विधायक दल बहादुर कोरी के नाम पर राजकीय पॉलीटेक्निक के नामकरण का भी उल्लेख किया।

**हनुमानगढ़ी में दर्शन के बाद मछली की दावत :** मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं के कथित दोहरे आचरण पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग विरासत का अपमान करने के साथ धार्मिक आस्था को लेकर भी दिखावा करते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने अयोध्या में हनुमानगढ़ी में दर्शन के बाद मछली की दावत उड़ाई। यही कांग्रेस का दोहरा चरित्र है।

मंदिर में राम-राम चिल्लाने और बजरंग बली के सामने दंडवत होने का ढोंग करने के बाद ऐसा आचरण शर्मनाक है। इन लोगों से गिरगिट भी शर्मा जाए। इन प्रदेश अध्यक्ष के भाई की हत्या एक माफिया ने की थी। प्रदेश अध्यक्ष ने उस माफिया के खिलाफ आवाज उठाने के बजाय उसके सामने घुटने टेककर नतमस्तक होने का काम किया।

## स्कूली बच्चियों ने योगी को बांधी राखी, सपेरा समुदाय को मिले आवासीय पट्टे

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रायबरेली दौरे के दौरान सोमवार को कार्यक्रम स्थल पर रक्षाबंधन का भावनात्मक दृश्य देखने को मिला। स्कूली बच्चियों ने मुख्यमंत्री को तिलक लगाकर राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने बच्चियों को स्नेहपूर्वक आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उपहार भी प्रदान किए। लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सपेरा समुदाय के प्रतिनिधियों को आवासीय पट्टे वितरित किए। इसके साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड, लैपटॉप, चेक, स्वीकृति पत्र और कृषि यंत्रों की चाबियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम में रायबरेली के विकास कार्यों पर आधारित लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। सपेरा समुदाय के 60 लोगों को अब तक आवासीय पट्टे दिए जा चुके हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने मंच से समुदाय की संजू, अंशिका, वंदना, किरण कुमारी और राजनंदिनी को आवासीय पट्टे प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। उन्होंने बच्चों को खीर खिलाई और उन्हें दुलारते हुए चॉकलेट व खिलौने दिए। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को फलों की टोकरियां भी वितरित कीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और संबंधित योजनाओं की प्रगति तथा लाभार्थियों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली। मुख्यमंत्री के हाथों विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायता और सम्मान प्रदान किया गया।

## महिलाओं की पांच कंपनियों का कारोबार 5,716 करोड़ के पार

- 31 जिलों के 6,603 गांवों तक पहुंचा महिला कारोबारियों का नेटवर्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में महिला स्वयं सहायता समूह अब सिर्फ बचत और छोटे ऋण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि कारोबार की बड़ी इकाइयों के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला समूहों की पांच मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों ने वर्ष 2019 से अब तक 5,716.26 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इन कंपनियों से 3.88 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं।

महिला दुग्ध उत्पादक कंपनियों के माध्यम से प्रतिदिन करीब 12.5 लाख लीटर दूध का संग्रहण किया जा रहा है। इनका नेटवर्क प्रदेश के 31 जिलों के 6,603 गांवों तक पहुंच चुका है। इससे ग्रामीण महिलाओं को पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के जरिए स्थानीय स्तर पर नियमित आय का अवसर मिल रहा है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के साथ-साथ कारोबार और कंपनी संचालन से जोड़ने का असर गांवों में दिखाई देने लगा है। बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं दुग्ध उत्पादन को आय के नियमित स्रोत के रूप में अपना रही हैं। दूध के संगठित संग्रहण और विपणन की व्यवस्था से उन्हें स्थानीय बाजार उपलब्ध हो रहा है।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक अरुण कुमार के मुताबिक, दुग्ध उत्पादक महिलाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ताकत बनकर उभर रही हैं। महिला समूहों के माध्यम से गठित कंपनियां महिलाओं को उत्पादन से लेकर कारोबार तक की पूरी श्रृंखला से जोड़ रही हैं। इनके माध्यम से रोजाना करीब 12.5 लाख लीटर दूध एकत्र किया जा रहा है। कंपनियों से जुड़ी महिलाएं दूध उत्पादन के साथ संग्रहण, प्रबंधन और कारोबार की प्रक्रिया को भी समझ रही हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में महिला उद्यमिता को बढ़ावा मिल रहा है। वर्ष 2019 से अब तक पांच महिला मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियों ने 5,716.26 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

## योगी सरकार के ग्लोबल इन्वेस्टमेंट विजन को मिला एआई का साथ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में आयोजित यूपी-जापान निवेश सम्मेलन 2026 में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक ने भारत और जापान के बीच संवाद को आसान बना दिया। सम्मेलन में भारत सरकार के एआई आधारित बहुभाषी प्लेटफॉर्म भाषिणी के रियल-टाइम अनुवाद का इस्तेमाल किया गया। इससे हिंदी, अंग्रेजी और जापानी भाषा के बीच तत्काल अनुवाद संभव हुआ और दोनों देशों के निवेशकों व प्रतिनिधियों के बीच संवाद अधिक सहज रहा।

इन्वेस्ट यूपी ने डिजिटल इंडिया भाषिणी डिवीजन के साथ तकनीकी सहयोग के तहत सम्मेलन में इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल किया। इसके जरिए स्पीच-टू-टेक्स्ट और रियल-टाइम अनुवाद की सुविधा उपलब्ध कराई गई। सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हिंदी संबोधन को भाषिणी के श्रुतलेख फीचर के माध्यम से तत्काल ट्रांसक्राइब किया गया और जापानी भाषा में अनुवाद प्रस्तुत किया गया। इससे जापानी प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री का संबोधन बिना भाषा की बाधा के समझने में मदद मिली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के अंग्रेजी संबोधन का भी जापानी भाषा में रियल-टाइम अनुवाद किया गया। इससे सम्मेलन में मौजूद निवेशकों और प्रतिनिधियों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को गति मिली। यूपी-जापान निवेश सम्मेलन में विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, सेमीकंडक्टर, नवाचार, कौशल विकास और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। एआई आधारित अनुवाद तकनीक ने इन चचाओं में भाषा को बाधा बनने से रोका। जापानी निवेशकों को उत्तर प्रदेश की निवेश नीतियों, औद्योगिक अवसरों और संभावनाओं की जानकारी उनकी भाषा में तत्काल उपलब्ध होने से संवाद को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिली।

## छात्रों को दी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधान सभा की भूमिका की जानकारी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक संस्थाओं और संसदीय कार्यप्रणाली की जानकारी देना आवश्यक है, क्योंकि यही युवा आगे चलकर देश और प्रदेश के लोकतांत्रिक भविष्य को दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि विधान भवन का भ्रमण विद्यार्थियों के लिए लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से जानने और समझने का प्रेरणादायी अवसर है। उत्तर प्रदेश विधान भवन में सोमवार को पारितोष ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, कानपुर तथा गौरव मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल, कानपुर के छात्र-छात्राओं के दल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से भेंट की। इस दौरान महाना ने विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधान सभा की भूमिका, सदन की कार्यप्रणाली, विधायी प्रक्रिया तथा संसदीय परंपराओं के संबंध में जानकारी दी। इसके बाद दोनों संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने विधान भवन का भ्रमण किया। उन्होंने सदन, दर्शक दीर्घा सहित विधान भवन के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का अवलोकन किया तथा लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को करीब से जाना और समझा। विद्यार्थियों ने विधान भवन की ऐतिहासिक एवं संसदीय परंपराओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। विधान भवन का यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में एक प्रेरणादायी अनुभव रहा।

## भाजपा आरक्षण के समर्थन में है या विरोध में : राजेन्द्र पाल

- कांग्रेस के यूपी प्रभारी ने पत्रकारवार्ता कर भाजपा पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रभारी यूपी राजेन्द्र पाल गौतम ने सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि दो दिन पहले उप्र के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक लखनऊ में उन चंद छात्रों साथ प्रेसवार्ता की जो आरक्षण का विरोध कर रहे थे अब सवाल यह उठता है कि क्या डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक आरक्षण का विरोध करने वालों के साथ प्रेस कर रहे थे तो क्या भाजपा बतायेगी कि वह आरक्षण के खिलाफ है? कहीं ऐसा तो नहीं कि इनकी मानसिकता एससी, एसटी, ओबीसी को न्याय देने की नहीं है इसलिए ऐसा माहौल बना रहे हैं?

राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रेस में कहा कि वह सभी छात्रों, युवाओं को न्याय देंगे और दो दिन के अंदर केन्द्रीय मंत्री से मिलेंगे। मेरा सवाल है कि वह केंद्रीय मंत्री से मिले हैं तो क्या बात हुई है। उन्होने कहा कि वह छात्रों के साथ हैं अगर भाजपा छात्रों, युवाओं के साथ है तो शिक्षक भर्ती के 69 हजार युवाओं में से आठ हजार भर्तियां जो एससी, एसटी, ओबीसी की वेकेंसी थी सामान्य वर्ग से क्यों भर दी गयी। इस पर उनका क्या जवाब है? ओबीसी कमीशन ने भी अपनी रिपोर्ट में माना है कि जो छात्र ओबीसी वर्ग के हैं एससी/एसटी के हैं उनके रिजर्वेशन के साथ गलत हुआ है। ये एससी/एसटी/ओबीसी को उनका हक नहीं देना चाहते हैं। इसके बाद भी प्रदेश सरकार ने पिछड़ों और दलितों का जो हक था उसको लेकर भी कोई कार्यवाही नहीं की, क्या यह मान लेना चाहिए कि एससी, एसटी, ओबीसी के हितों के खिलाफ सरकार काम कर रही है इसलिए अभी तक कोई भी निर्णय नहीं लिया गया।

प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि संसद में गृहमंत्री और प्रधानमंत्री ने वादा किया था कि जाति जनगणना करायेंगे लेकिन अभी 10 दिन पहले सेंसेक्स कमिश्नर ने जो कालम जारी किया है उसमें ओबीसी का कोई कालम नहीं है। इससे स्पष्ट है कि भाजपा ओबीसी, एससी, एसटी को न्याय नहीं देना चाहती है इसका स्पष्टीकरण भाजपा को देना चाहिए।

## बड़ी संख्या में नेताओं ने ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में आयोजित सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष एवं सांसद राकेश राठौर के नेतृत्व में प्रदेश के कई दिग्गज नेताओं और समाजसेवियों एवं उनके सैंकड़ों की संख्या में समर्थकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उप्र कांग्रेस कमेटी के ज्वाइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने सदस्यता ग्रहण करने वालों को पार्टी की सदस्यता दिलायी।

कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व विधान परिषद सदस्य व लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व उपाध्यक्ष अवध कुमार सिंह बागी, अजय प्रताप नागर, अरविंद राठौर (प्रधान), डॉ. राहुल राज कुलश्रेष्ठ, डॉ. विनीत मिश्रा, हरीश भारती, जिला पंचायत सदस्य सुनीता चौधरी, अरुणेश यादव, रंजीत राठौर, निजामुद्दीन अंसारी व दुर्गेश राठौर शामिल हैं। इसके साथ ही योगेश कुलश्रेष्ठ, प्रदीप कुमार शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, मनीष मिश्रा, राकेश कुमार, बहोरन राठौर, रामदास राठौर, प्रभात सिंह सहित सैंकड़ों की संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## रेलवे में पानी टंकी, फिल्टरों की सफाई शुरू

- स्टेशनवार कमियों को दूर करने के लिए की गई कार्रवाई की होगी निगरानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारतीय रेलवे ने स्टेशनों पर यात्रियों के लिए स्वच्छ पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पानी की टंकियों और फिल्टरों की सफाई और उन्हें कीटाणु मुक्त बनाने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान शुरू किया है। यह पहल भारतीय रेलवे में पेयजल गुणवत्ता प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए बनाई गई व्यापक कार्य योजना का हिस्सा है। इस कार्य योजना में संपूर्ण पेयजल प्रणाली के नियमित निरीक्षण और रखरखाव पर जोर दिया गया है।

क्षेत्रीय रेलवे इस अभियान के दौरान जल स्त्रोतों, उपचार एवं निस्पंदन संयंत्रों, भूमिगत और ओवरहेड टैंक, पीवीसी टैंक, जल बूथ, नलों और जल वितरण बिंदुओं का व्यापक निरीक्षण करेगी। सभी पानी की टंकियों को खाली करके उनकी सफाई के बाद कीटाणुरहित किया जाएगा। इसके अलावा, वेंट और ओवरफ्लो बिंदुओं को पक्षियों, जानवरों और शैवाल से बचाने के लिए उचित सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे।

इस अभियान के दौरान सुधारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता वाली कमियों की पहचान भी की जाएगी। क्षतिग्रस्त टैंक, पाइपलाइन और फिल्टर की मरम्मत की जाएगी या आवश्यकतानुसार उन्हें बदला जाएगा, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पीने योग्य और गैर-पीने योग्य जल प्रणालियों के बीच कोई क्रॉस-कनेक्शन न हो। पीने के पानी की आपूर्ति में शामिल सभी पाइपों से रिसाव की जाँच की जाएगी और पानी की बबार्दी को रोकने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय किए जाएंगे। उन स्थानों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा जहां पीने के पानी के लिए हैंडपंप और बोरवेल का उपयोग किया जा रहा है।

क्षेत्रीय रेलवे यह सुनिश्चित करेगा कि इनसे प्राप्त जल पीने के लिए सुरक्षित हो। रेलवे बोर्ड ने व्यापक कार्य योजना के अंतर्गत, क्षेत्रीय रेलवे को वाटर कूलर और जल शोधन प्रणालियों का व्यापक निरीक्षण करने की सलाह दी है। कूलरों में लगे पानी के टैंक की पूरी तरह सफाई की जाएगी, कूलरों, पाइपलाइनों और नलों में होने वाले रिसावों को तुरंत ठीक किया जाएगा और वाटर कूलर वितरण क्षेत्रों के आसपास शत प्रतिशत स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी। वाटर कूलर के लिए यूवी/आरओ प्रणालियों की उचित जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार उन्हें उपलब्ध कराया जाएगा। निर्धारित रखरखाव, सर्विसिंग, मरम्मत और फिल्टर कैंडल्स तथा अन्य घटकों का समय पर प्रतिस्थापन किया जाएगा।

## योजनाओं को समयबद्धता, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा कार्यालय में सोमवार को विभागीय अधिकारियों एवं डेलॉयट के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक में कौशल विकास, उद्योग एवं रोजगार से जुड़ी विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं और औद्योगिक साझेदारियों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि कौशल विकास, उद्योग और रोजगार वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के प्रमुख स्तंभ हैं। इन तीनों क्षेत्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर प्रदेश की युवा शक्ति को आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बनाया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को केवल प्रशिक्षण प्रदान करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रशिक्षण को उद्योगों की वर्तमान एवं भविष्य की आवश्यकताओं से जोड़ना आवश्यक है। इसके लिए मांग आधारित पाठ्यक्रम, आधुनिक तकनीक, व्यावहारिक प्रशिक्षण और उद्योगों के साथ सीधा समन्वय विकसित किया जा रहा है।

बैठक में कौशल कनेक्ट सेल, उद्यम मेला, मानक संचालन प्रक्रिया, इंडस्ट्री विजिट, टाटा टेक्नोलॉजीज की आईटीआई उन्नयन परियोजना, राज्य इंटर्नशिप योजना एवं सीआईआईआईटी से जुड़े कार्यों एवं उनकी प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पहलों को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए युवाओं को प्रशिक्षण से इंटर्नशिप, इंटर्नशिप से रोजगार तथा रोजगार से उद्यमिता तक जोड़ने की प्रभावी व्यवस्था विकसित की जाए। बैठक में जिला स्तरीय उद्योग समन्वय को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में स्थानीय उद्योगों की आवश्यकता एवं रोजगार की संभावनाओं का आकलन कर उसके अनुरूप कौशल प्रशिक्षण की कार्ययोजना तैयार की जानी चाहिए। इसके साथ ही इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, फर्नीचर एवं फिटिंग्स स्किल काउंसिल तथा जीटीटी फाउंडेशन से संबंधित प्रस्तावों की भी समीक्षा की गई। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने टाटा टेक्नोलॉजीज की आईटीआई उन्नयन परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक एवं उद्योग आधारित प्रशिक्षण के माध्यम से आईटीआई को युवाओं के लिए अत्याधुनिक कौशल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि सीआईआईआईटी जैसी पहल उद्योग और प्रशिक्षण संस्थानों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं एवं परियोजनाओं के लिए स्पष्ट समय सीमा एवं जवाबदेही तय करते हुए कार्ययोजना को प्रभावी, परिणामोन्मुखी एवं त्वरित गति से पूर्ण किया जाए।



संक्षेप

## भारत कौशल प्रतियोगिता-2026 के लिए 15 सितंबर तक करें पंजीकरण

श्रावस्ती। मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने बताया कि कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, लखनऊ की ओर से भारत कौशल प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 63 अलग-अलग कौशलों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में 16 से 23 वर्ष की आयु के पात्र युवक-युवतियां भाग ले सकते हैं। इसके लिए अभ्यर्थियों को स्किल इंडिया डिजिटल हब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रतियोगिता का जिले में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और अपने-अपने संस्थानों एवं विभागों के विद्यार्थियों तथा लाभार्थियों का अधिक से अधिक पंजीकरण कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पंजीकरण की प्रगति की जानकारी प्रतिदिन गूगल शीट पर दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए।

## चोरी का बकरा बरामद, तीन आरोपी भेजे गये जेल

प्रतापगढ़। एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान को लेकर लालगंज कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार की अगुवाई में चोरी की घटना का पदार्फाश करने में सफलता ली है। वहीं पुलिस ने हत्थे चढ़े तीन बदमाशों को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के महिमापुर सराय रायजू गांव में बीती तेईस अगस्त को ग्रामीण बकरी चरा रहे थे। इस दौरान दो आरोपी वहां पहुंचे और एक कीमती बकरा चोरी कर ले गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घटना को लेकर केस दर्ज किया। कोतवाली के दरोगा भुवाल सिंह यादव एवं दरोगा बनवारी लाल सोमवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। लालगंज के सरयू इण्टर कालेज के पास नहर रोड किनारे स्थित काली माता मंदिर के पास पुलिस को संदिग्ध दिखे। घेराबंदी कर पुलिस ने इन्हें दबोच लिया। पकडे गए आरोपी लालगंज कोतवाली के नया का पुरवा निवासी अनीस वर्मा उर्फ कल्लू पुत्र त्रिभुवन तथा केशवपुर निवासी मोहन कोरी पुत्र स्व0 अलगू, तथा इसी गांव के रवि गौतम पुत्र स्व0 सुखई के पास से चोरी गया बकरा बरामद हुआ। आरोपी बाइक से बकरा बेंचने निकले थे। आरोपियो ने यह भी बताया कि बीती बाइस अगस्त की रात सराय जगत सिंह गांव में भी पवन वर्मा के घर से नौ बकरियां इन लोगों ने चोरी की थी। घटना के समय आरोपी अनीस का मोबाइल मौके पर गिर गया था। पुलिस ने फोन को सर्विलांस पर लगाया। पकडे गए आरोपियों के पास से एक बकरा तथा बहत्तर सौ रुपए नकद व एक बाइक बरामद हुई। पुलिस ने गिरफ्त में आयी बाइक को सीज कर दिया है। आरोपियो को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया।

## आधा दर्जन आरोपियों पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज

प्रतापगढ़। पीड़ित के घर धावा बोलकर अवैध असलहे से जानलेवा फायरिंग को लेकर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद तथा चार अज्ञात आरोपियो के खिलाफ हत्या के प्रयास तथा गालीगलौज व धमकी तथा दहशतगर्दी को लेकर गंभीर धाराओ मे केस दर्ज किया है। पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भी भेज दिया। लालगंज कोतवाली के वीरसिंहपुर निवासी राकेश तिवारी के पुत्र विशाल तिवारी उर्फ राजा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती तेईस अगस्त को रात नौ बजे वह घर पर मौजूद था। इस बीच पुरानी रंजिश को लेकर गोविंदपुर पूरे अनिरूद्ध निवासी कुलदीप तिवारी पुत्र कमलेश तिवारी तथा नकुल दुबे पुत्र सुरेश दुबे अलग अलग बाइक से चार अज्ञात लोगों के साथ उसके घर पर चढ़ आये। आरोपियो द्वारा गालीगलौज के साथ परिवार के सदस्यों को भी जान से मार देने की धमकी दी गयी। इस बीच घर के बाहर मौजूद पीड़ित के पिता राकेश तिवारी ने विरोध जताया तो वह लोग गालियां देने लगे। तहरीर में कहा गया है कि आरोपी कुलदीप तिवारी के ललकारने पर नकुल दुबे ने अवैध असलहे से उस पर निशाना साधते हुए फायरिंग कर दी। गनीमत थी कि गोली पीड़ित के कान के बगल से निकल गयी। इस बीच आसपास के लोग फायरिंग की आवाज सुन इकटठा हुए तब आरोपी हवाई फायरिंग के जरिए दहशत फैलाते हुए भाग निकले।

# रक्षाबंधन पर स्वच्छता चैंपियनों का सम्मान

## छात्राओं ने सफाई मित्रों को बांधा रक्षा-सूत्र, स्वच्छता के प्रति लिया संकल्प



जिला संवाददाता

**भिनगा, श्रावस्ती।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद भिनगा के वार्ड-20 में स्वच्छ त्योहार, पावन रक्षाबंधन अभियान के तहत बंधन स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए सफाई मित्रों के सम्मान के साथ विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बी.एस. एक्सीलेंट पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निकाय टीम ने छात्र-छात्राओं को फोर-बिन कचरा पृथक्करण की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को बताया गया कि गीला, सूखा, घरेलू हानिकारक तथा सेनेटरी कचरे को स्रोत पर ही अलग-अलग निर्धारित डिब्बों में रखा जाए। इससे कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण सुनिश्चित करने के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

कार्यक्रम का सबसे भावपूर्ण क्षण तब आया, जब विद्यालय की छात्राओं ने सफाई मित्रों की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधकर रक्षा पावन सूत्र कार्यक्रम मनाया। छात्राओं ने स्वच्छता के इन कर्मवीरों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके योगदान को नमन किया। इस अवसर पर छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे स्वच्छता का संदेश अपने घर-परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाएंगी तथा लोगों को कचरा स्रोत पर पृथक्करण के लिए प्रेरित करेंगी। साथ ही, अलग-अलग किए गए कचरे को नगर पालिका के स्वच्छता वाहनों को ही सौंपने के लिए परिवार और पड़ोस के लोगों को जागरूक किया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी डॉ. अनीता शुक्ला ने कहा, हमारे त्योहारों में असली रंग और चमक तब आती है, जब हमारे सफाई मित्र सुबह-सुबह नगर को चमकाते हैं। यही स्वच्छता के असली नायक हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य रक्षाबंधन जैसे पावन पर्व को स्वच्छता के संकल्प, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सम्मान से जोड़ना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन में स्रोत पर कचरा पृथक्करण, स्वच्छ व्यवहार तथा सफाई मित्रों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत किया जा रहा है।

कार्यक्रम में एमआरएफ प्रबंधक सुधांशु श्रीवास्तव, आईईसी टीम के सदस्य, सफाई मित्र एवं नगर पालिका के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## सावन के अंतिम सोमवार को छात्राओं ने किया बनी नाथ शिव मंदिर में जलाभिषेक



कटरा श्रावस्ती। श्रावस्ती के प्रसिद्ध बनी नाथ शिव मंदिर में सावन के अंतिम सोमवार को चंद्रभान संस्कृत शिक्षक एवं प्रशिक्षण संस्थान श्रावस्ती तथा चौधरी राम बिहारी बुद्ध इंटर कॉलेज की छात्राओं ने जलाभिषेक किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य अर्चना बाजपेई ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करके किया। बच्चे और छात्राएं ॐ नमः शिवाय का उद्घोष करते हुए बनी नाथ शिव मंदिर पहुंचे। वहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने के बाद भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर अर्चना बाजपेई ने कहा कि बनी नाथ शिव मंदिर श्रद्धालुओं के लिए पूजनीय और आस्था का प्रमुख केंद्र है। इसकी रक्षा और संरक्षण करना सभी सनातन धर्मावलंबियों का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से अपने धर्म और संस्कृति के प्रति सजग रहने की अपील की। मुख्य अतिथि अर्चना बाजपेई ने पूजा-वस्त्र पहने हुए छात्राओं और छात्रों को उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधानाचार्य अनोखी लाल पाठक, मंदिर पुजारी भोलानाथ, शशि भूषण शुक्ला, प्रवीण कुमार बौद्ध, स्वामीनाथ द्विवेदी, जानकी प्रसाद वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## अजगरा महान संवाद में प्रतिभागियों ने नीति व नैतिकता पर किया मंथन




प्रतापगढ़। अजगरा महान संवाद 2026 को लेकर सोमवार को नगर पंचायत सभागार में नीति और नैतिकता तथा अजगरा के महत्व को लेकर दिन भर मंथन हुआ। प्रारम्भ में ईओ इंद्र प्रताप ने डीएम अभिषेक पाण्डेय की ओर से अजगरा महान संवाद की पृष्ठिभूमि पर प्रतिभागियों को जानकारियां प्रदान की। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। एसबीएम महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 अम्बिकेश त्रिपाठी ने संवाद कार्यक्रम को नई पीढ़ी के लिए ऐतिहासिक ज्ञान वृद्धि का सार्थक ध्येय बताया। एचएन बहुगुणा पीजी कालेज के डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने आज के दौर में यक्ष प्रश्न की सार्थकता पर प्रकाश डाला। निर्णायक मण्डल के राकेश त्रिपाठी, रोशन सिंह, शालिनी बाला सिंह, कंचन सिंह व पूनम ने आयोजन को प्रतिभागियों में तर्क क्षमता की वृद्धि का मंच बताया। प्रतिभागी विपिन शुक्ल, प्रांजल, अनिल त्रिपाठी, जितेन्द्र तिवारी, रोहित मिश्र आदि ने प्रश्नोंत्तरी के जरिए संवाद को साझा किया। संवाद कार्यक्रम का संयोजन अनिकेत दुबे, अरविंद मिश्र, विकास तिवारी ने संयुक्त रूप से किया।

## सावन के अंतिम सोमवार पर कलेक्ट्रेट में भंडारा, डीएम ने बांटा प्रसाद




सिद्धार्थनगर। सावन माह के अंतिम सोमवार के अवसर पर जिला प्रशासन एवं कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गौरव श्रीवास्तव एवं अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश के साथ श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। भंडारे में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर अजय सिंह, नाजिर कलेक्ट्रेट पुरुषोत्तम लाल श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## बच्चों ने ली शपथ, अकेले नहीं जायेंगे नदी और तालाब के पास



श्रावस्ती। जिले में बारिश के कारण तालाबों, पोखरों और नदियों में जलस्तर बढ़ गया है। डूबने की घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने सभी स्कूलों में बच्चों को जागरूक करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत जनपद के बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों में जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान शिक्षक बच्चों को पानी में डूबने से होने वाले खतरे और उससे बचाव के बारे में जानकारी दे रहे हैं। बच्चों को शपथ भी दिलाई जा रही है कि वे अकेले नदी, तालाब या पोखर के पास नहीं जाएंगे और पानी में जाने से बचेंगे। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि जिले में नदी, तालाब और पोखरों में डूबने से कई घटनाएं होती हैं। इनमें बच्चों की संख्या अधिक रहती है। बच्चों की कम उम्र, कम अनुभव और पानी की गहराई का सही अंदाजा न होने के कारण वे जल्दी हादसे का शिकार हो सकते हैं। इसी को देखते हुए सभी विद्यालयों में बच्चों को जागरूक किया जा रहा है। जिला आपदा विशेषज्ञ आरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बच्चों को यह भी समझाया जा रहा है कि यदि कोई व्यक्ति या बच्चा पानी में डूब रहा हो तो उसे बचाने के लिए खुद पानी में न उतरें। इसके बजाय तुरंत किसी बड़े व्यक्ति को बुलाएं और मदद लें। इससे बच्चे सुरक्षित रहते हुए मदद करने की भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूलों के बाद बाढ़ प्रभावित गांवों में भी जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। आम लोगों की सतर्कता और सहयोग से डूबने की घटनाओं में होने वाली मौतों को रोकने में बड़ी सफलता मिल सकती है।

## पिपरौली: एनआरएलएम कार्यालय में तोड़फोड़, अफरा-तफरी



**गीडा, गोरखपुर।** पिपरौली ब्लॉक परिसर स्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे अखाड़ा बन गया। ग्राम पंचायत पेवनपुर में महिला स्वयं सहायता समूहों के एमआईएस डेटा फीडिंग के विवाद को लेकर ग्राम प्रधान और समूह सखी के पति के बीच हिंसक झड़प हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई और कार्यालय में जमकर तोड़फोड़ की गई जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। सूचना मिलते ही गीडा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पेवनपुर ग्राम पंचायत के स्वयं सहायता समूहों के एमआईएस डेटा का विस्तार करने के लिए फीडिंग का काम चल रहा था। ग्राम प्रधान राजू निषाद द्वारा कुछ समूहों की फीडिंग कराई जा रही थी जिस पर गांव की समूह सखी ने कड़ी आपत्ति जताई। समूह सखी का तर्क था कि उनकी अनुमति और संज्ञान के बिना प्रधान सीधे फीडिंग कैसे करा रहे हैं। विवाद को निपटाने के लिए एनआरएलएम के एडीओ द्वारा ब्लॉक मुख्यालय पर सोमवार दोनों पक्षों को कार्यालय में बातचीत के लिए बुलाया था। ?ग्राम प्रधान राजू निषाद का आरोप है कि समूह सखी के पति जय सिंह विश्वकर्मा कार्यालय आते ही उन्हें देखते ही गाली-गलौज करने लगे। जब उन्होंने विरोध किया तो हमलावर होकर मारपीट शुरू कर दी और दफ्तर के सामान को नुकसान पहुंचाया। मारपीट और हंगामे के दौरान कार्यालय की कई कुर्सियां टूट गईं और टेबलों पर रखे शीशे चकनाचूर हो गए। अचानक शुरू हुई हिंसा और तोड़फोड़ से ब्लॉक कार्यालय में तैनात कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर बाहर भागे। ?घटना के बाद दोनों पक्ष एक-दूसरे पर मारपीट और गाली-गलौज की शुरूआत करने का आरोप लगा रहे हैं। सूचना पर पहुंची गीडा पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने ले गई। वही खंड विकास अधिकारी पिपरौली के खंड विकास अधिकारी सत्यकाम तोमर ने बताया कि मारपीट व तोड़फोड़ की सूचना मिली है। मैं अभी रास्ते में हूँ और ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की जांच करवाता हूँ।

*इस संबंध में गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि घटना के बाद दोनों पक्षों को थाने लाया गया है। तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।*

## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय के औचक निरीक्षण में मिली गंदगी, डीएम ने जताई नाराजगी



बांसी सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बांसी का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका की जांच में सभी अध्यापक उपस्थित मिले। डीएम ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं के साथ बालक-बालिका छात्रावास एवं भोजनालय का भी निरीक्षण किया। विद्यालय परिसर और मैदान में गंदगी व घास मिलने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर, नवोदय विद्यालय समिति, लखनऊ को प्रधानाचार्य के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति भेजने का निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 15 दिनों के भीतर विद्यालय की साफ-सफाई और विद्युत व्यवस्था (जनरेटर) दुरुस्त कराई जाए, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## बारावफात को लेकर पुलिस ने किया जुलूस मार्ग का निरीक्षण



बांसी, सिद्धार्थनगर। आगामी बारावफात त्योहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह ने प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक एवं पुलिस बल के साथ जुलूस आयोजकों के साथ बैठक कर जुलूस मार्ग का निरीक्षण किया। पुलिस टीम ने आजाद तिराहा, मंगल बाजार, आब्दी तिराहा, हनुमान गढ़ी और नरकटहा सहित निर्धारित मार्ग का भ्रमण किया। इस दौरान बारावफात कमेटी के सदस्यों से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने आयोजकों से आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश तथा अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के कुशल निर्देशन में की गई।

## बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब, बोल बम से गूंजती रही बाबा की नगरी



प्रतापगढ़। श्रावण माह के आखिरी सोमवार को बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं तथा कांवड़ियों का भारी सैलाब देखा गया। सुबह की आरती के बाद जैसे ही मंदिर का पट खुला पूरा परिसर हर हर महादेव तथा बोल बम के जयघोष से गूंज उठा। मंदिर के महंत मयंक भाल गिरि के संयोजन में प्रातः आरती को देखने में महिलाओं को खासा उत्साहित देखा गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देख एसडीएम वाचस्पति सिंह व सीओ राजीव द्विवेदी खुद सुरक्षा बंदोबस्त की निगरानी करते देखे गये। श्रद्धालुओं ने गंगा सरोवर में भी स्नान कर देवाधिदेव महादेव का विधिविधान से दर्शन पूजन किया। सई के मध्य विराजे बाबा घुइसरनाथ की भव्य प्रतिमा को भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में श्रद्धालु निहारते दिखे। सांगीपुर के साथ साथ लालगंज, लीलापुर समेत कई थानों की फोर्स व पीएसी भी धाम में एहतियातन मुस्तैद देखी गयी। वहीं धाम परिसर में जगह जगह भक्तों ने कांवड़िया श्रद्धालुओं के साथ धाम में पहुंचे लोगों के लिए भण्डारे का भी आयोजन कर रखा था। देर शाम तक श्रद्धालुओं के दर्शन पूजन का सैलाब देख एसडीएम व सीओ डटे दिखे।

## साइबर टीम ने साइबर ठगी के 80,286 रुपये पीड़ित के खाते में कराया वापस



खेसरहा सिद्धार्थनगर। जिले के खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना खेसरहा की साइबर पुलिस टीम ने बैंक के सहयोग से साइबर फ्रॉड के मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित के 80,286 रुपये वापस उसके बैंक खाते में करा दिए। जानकारी के अनुसार भलुहा निवासी आदित्य बसु देवानन्द के साथ 16 फरवरी 2026 को वढक के जरिए 99,999 रुपये की साइबर ठगी हुई थी। पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद खेसरहा साइबर टीम ने बैंक के साथ समन्वय कर ठगी की धनराशि में से 80,286 रुपये की सफलतापूर्वक रिकवरी कराकर 24 अगस्त को पीड़ित के खाते में वापस करा दिए। यह कार्रवाई एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में की गई। साइबर टीम की इस कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली। उक्त सराहनीय कार्य योगदान में शामिल थानाध्यक्ष कु0 अनूप मिश्रा, साइबर सेल प्रभारी राघवेन्द्र प्रताप यादव, उप निरीक्षक रवि प्रताप सिंह सेंगर, का 0 अभिषेक मौर्य, रि0 का0 नीरज कुमार, महिला का0 रम्भा यादव थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनर शामिल रही।

# प्रमोद व मोना का भव्य स्वागत, उमड़े ग्रामीण

## रामपुरखास के सर्वश्रेष्ठ विकास की निरंतरता बनाए रखने का जनसंवाद में दिलाया भरोसा



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना सोमवार को रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जनसंवाद कार्यक्रमों में शामिल हुए। सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने कार्यक्रमों में लोगों को रामपुरखास के सर्वश्रेष्ठ विकास को तेजी से जारी रखने का भरोसा दिलाया। वहीं कार्यकताओं व समर्थकों के साथ जगह जगह बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों द्वारा सोमवार को भी सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना का क्षेत्र पहुंचने पर जोरदार स्वागत हुआ दिखा। हरनाहर सीमा पर बड़ी संख्या में इकटठा हुए ग्रामीणों ने राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना का बड़ी मालाओं के साथ पुष्पवर्षा के बीच शानदार स्वागत किया। भीड़ का जोश देख सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना को खुले वाहन में लोगों के अभिवादन में गदगद देखा गया। स्वागत का यह सिलसिला जलेशरगंज बाजार, असरही मोड़, केशवपुर तिराहा, जैनपुर मोड़, शीतलमऊ मोड़ व नगर के बैलना बाबा की कुटी पर भी उत्साह के बीच नजर आया। युवाओं द्वारा सांसद प्रमोद तिवारी के सम्मान में बनाई गई विशाल मानव श्रृंखला लोगों के बीच आकर्षण लिए हुए दिखी। लालगंज कैम्प कार्यालय पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना कार्यकताओं से रूबरू हुए। यहां विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कार्यकताओं से कहा कि मोदी सरकार मंहगाई रोकने में पूरी तरीके से लगातार अक्षम है। उन्होने कहा कि सरकार के कुप्रबंधन के कारण चीनी की मिठास तक आम आदमी की पहुंच से दूर हो गयी है। वहीं उन्होनें कार्यकताओं से कहा कि वह क्षेत्र के विकास को मजबूत बनाने के लिए विधायक मोना के द्वारा संचालित योजनाओं को पूर्ण कराने में सशक्त भूमिका निभायें। उन्होने हाल ही में विधायक मोना द्वारा मंगापुर में खेल स्टेडियम तथा रामपुर बावली में करोड़ों के कंपोजिट विद्यालय व बाबा घुइसरनाथ धाम में स्वीकृत करायी गयी स्थायी पुलिस चौकी को क्षेत्र के विकास तथा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि जनता के मान सम्मान की हिफाजत के साथ क्षेत्र के बहुमुखी विकास का मिशन और उज्वल दिखेगा। यहां भी पार्टी कार्यकताओं ने प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा मोना का जोरदार स्वागत किया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना खानापटटी में पांच दिवसीय उर्स कार्यक्रम में भी शामिल हुई।

## किशोरी लापता, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गाँव की रहने वाला एक महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि मेरी चौदह वर्षिय बेटी को बिहार निवासी एक युवक बहला फुसला कर लेकर कही चला चला गया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है

किशोरी की माँ ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बतायी कि मेरी चौदह वर्षिय बेटी 22 अगस्त 2026 को दिन में करीब तीन बजे घर से कही चली गयी काफी खोजबीन करने के पश्चात सुराग मिला कि मेरी बेटी को बिहार सासाराम डेहरी क्षेत्र का निवासी सुमित बहला फुसला कर उसे लेकर कही चला गया है महिला द्वारा युवक का मोबाइल नम्बर भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## एसएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों को पढ़ाया कर्तव्य और अनुशासन का पाठ



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने सोमवार को पुलिस लाइन सिद्धार्थनगर में व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की। इस दौरान एसएसपी ने आरक्षियों को पुलिस सेवा के मूल सिद्धांतों, कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों की जानकारी देते हुए अनुशासन, शालीनता और संवेदनशीलता के साथ जनता से व्यवहार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान को फील्ड ड्यूटी में ईमानदारी और निष्ठा के साथ लागू करें, ताकि कानून-व्यवस्था मजबूत होने के साथ पुलिस की छवि भी बेहतर हो। गोष्ठी में प्रशिक्षण अधिकारी सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## एसएसपी ने पत्नी सहित किया नीलकंठ महादेव में जलाभिषेक

इटावा। शहर के प्राचीन सिद्धपीठ नीलकंठ महादेव मंदिर पर सावन के अन्तिम चतुर्थ सोमवार के पावन अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव अपनी धर्मपत्नी रीना श्रीवास्तव के साथ शहर के प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। पूजा-अर्चना के बाद एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने मंदिर परिसर की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम दर्शन तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस प्राचीन नीलकंठ महादेव मंदिर पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं ने भोले बाबा के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा इस एक दर्शन से ज्यादा भक्तों ने श्रृंगीरामपुर से पैदल आकर अपनी कांवर लाकर गंगा जल का रुद्राभिषेक भी किया। तथा हर हर महादेव के नारे लगाये। यह नीलकंठ मंदिर जनपद का सबसे प्राचीन व सिद्ध मंदिर माना जाता है। यहां आने वाले भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है।

## कटान स्थल का स्थानीय विधायक ने जायजा लिया

फतेहपुर चैरासी, उन्नाव। सोमवार को क्षेत्रीय विधायक श्री कान्त कटियार ने नायब तहसीलदार और अन्य विभागों के कर्मियों के साथ शिवराजपुर काली मिट्टी मार्ग पर हुए कटान स्थल पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पी डब्लू डी द्वारा कराए गए कटान निरोधक कार्यों की प्रगति भी जानी। उन्होंने कटान रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों में गुणवत्ता और गति बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी संबंधितों को दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र वासियों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके। सरकार जनहित को और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसलिए बाढ़ और कटान रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। गंगा के बढ़ते जल स्तर ने हुए कटान को और बढ़ने की आशंका ने क्षेत्रवासियों को चिन्तित कर दिया है। क्षेत्रवासी भी हर समय चैकन्ने दिखाई दे रहे हैं और बाढ़ तथा कटान पर नजर बनाए हुए हैं।

## किसान ने कृषि यंत्रों में घालमेल की शिकायत डीएम से की

सफीपुर, उन्नाव। किसान ने डीएम से नेशन मिशन एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन उप मोशन योजना के तहत कृषि यंत्रों की लाटरी में हुए घाल मेल की शिकायत की है। उत्तर प्रदेश सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने को लेकर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नए नए प्रयास कर रही है। इसी प्रयास के तहत किसानों को अनुदान पर यंत्रीकरण योजना के तहत प्रदेश के हर ब्लॉक में बुकिंग हेतु पोर्टल खोलने और बुकिंग कराने की योजना शुरू की थी। जिसके लिए सफीपुर ब्लॉक के लिए एक कस्टम हायरिंग सेन्टर से तीस लाख तक यन्त्र देने के लिए फार्म मशीनरी बैंक का लक्ष्य रखा गया था। जिसके लिए किसानों और एफ पी ओ संचालकों ने पोर्टल के माध्यम से बुकिंग की थी। जिसमें 21 अगस्त को अन्तिम चयन लाटरी के माध्यम से विकास भवन सभागार में हुआ था। ब्लॉक सफीपुर के गाँव खरगौरा निवासी भगौती सिंह ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में लिखा कि लाटरी में चयनित एफ पी ओ शिवाय फॉर्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड ब्लाक फतेहपुर चौरासी के गाँव जसरा मारूफ पुर की एफ पी ओ है। इसका सफीपुर से कोई लेना देना नहीं है। जिसका सफीपुर ब्लॉक में गलत चयन किया गया है। डीएम ने किसान की शिकायत पर जांच के आदेश दिए है।

### सूचना

सूचित किया जाता है की मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी स. 217552439 में मेरा नाम दया शंकर पुत्र घूर सिंह दर्ज है, जबकि मेरे समस्त अभिलेखों में जय शंकर पुत्र घूरा दर्ज है। उपरोक्त जय शंकर व दया शंकर पुत्र घूरा व घूर सिंह दोनों नाम मेरे व मेरे पिता के ही है। **जय शंकर पुत्र घूरा नि. ग्राम जयराम कौडीया जैराम पोस्ट अहिरौली जिला देवरिया उत्तर प्रदेश 274509**

# कोड़री व बेलनापार गांव में क्षेत्राधिकारी ने लगायी चौपाल



बनवारपार/गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के कोडरी व बेलनाकार गांव में सोमवार क्षेत्राधिकारी गोला दरवेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। पुलिस से संबंधित मामलों के शीघ्र निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। चौपाल के दौरान क्षेत्राधिकारी गोला धरवेश कुमार व कोतवाली प्रभारी सीपी पाण्डेय ने ग्रामीणों से गांव की सुरक्षा व्यवस्था, आपसी विवाद, महिलाओं की सुरक्षा, अन्य स्थानीय समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि अथवा विवाद की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। दोनो अधिकारियों ने गाव के लोग से कहा की पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय से गाव मे सुरक्षा और शांति का माहौल मजबूत किया जा सकता है चौपाल मे मौजूद ग्रामीणो ने पुलिस अधिकारियों के सम्चछ अपनी समस्या रखी जिसपे अधिकारियों ने सम्बन्धित मामलो मे नियमानुसार जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। चौपाल के आयोजन से ग्रामीणों मे पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास बढा और लोगो ने गाव की समस्या को सीधे पुलिस अधिकारियों के सामने रखने को उपयोगी बताया। चौपाल के दौरान हल्का दरोगा व सिपाही मौजूद रहे।

## रणविजय सिंह मुन्ना के भाजपा महानगर उपाध्यक्ष बनने पर किया गया स्वागत



चरगांवा, गोरखपुर। चरगांवा ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह के पति व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना को गोरखपुर भाजपा के महानगर उपाध्यक्ष बनाएं जाने पर सोमवार को चरगांवा ब्लॉक प्रमुख कार्यालय में भाजपा चरगांवा मंडल व जिले के पदाधिकारी, प्रधान व बीडीसी सदस्यों ने फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत कियो इस दौरान ब्लॉक प्रमुख वंदना सिंह ने कहा कि चरगांवा ब्लॉक जिले का महत्वपूर्ण ब्लॉक है यहां के कई ब्लॉक प्रमुख विधायक बन चुके है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की नजर इस ब्लॉक पर बनी रहतीं है धन की कमी नहीं होती है इसलिए ब्लॉक का विकास होता है इस दौरान अनिल चौहान मंडल अध्यक्ष, रामानंद यादव पूर्व जिला मंत्री, दयाशंकर मिश्रा पूर्व मंडल अध्यक्ष, संजीव पासवान जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा, रामभोग सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य, केशव साहनी प्रधान, राम उग्रह चौहान जिला पंचायत सदस्य, महेन्द्र यादव, खड़ग बहादुर यादव, इन्द्रजीत चौहान, चन्द्रशेखर प्रजापति, अंकु शुक्ल, विनोद मिश्रा, रिशु , संतोष सिंह, विनय सिंह आदि मौजूद रहें।

## ई लॉटरी में किसानों का चयन होने पर खुशी की लहर



उन्नाव। उप कृषि निदेशक रवि चंद्र प्रकाश के नेतृत्व में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण योजना ( सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन एवं इनसीटू योजना ) के अंतर्गत कृषकों को कृषि यंत्रों पर अनुमन्य अनुदान का लाभ प्रदान करने हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न कराई गई। विकास भवन सभागार में आयोजित ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान रवि चन्द्र प्रकाश, उप कृषि निदेशक, नव प्रभात रंजन, डिप्टी डायरेक्टर ( आईटी दपब ); आर.के. गौतम लीड डिस्ट्रिक मैनेजर, भीमसेन जिला कृषि रक्षा अधिकारी, शशांक जिला कृषि अधिकारी,नीरज सिंह एफ.पी.ओ. डायरेक्टर, अभिषेक सिंह तकनीकी सहायक अधिकारियों की उपस्थिति में कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरण योजना ( सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेशन एवं इनसीटू योजना )के अंतर्गत कृषकों को कृषि यंत्रों पर अनुमन्य अनुदान का लाभ प्रदान करने हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से सम्पन्न हुई। जिसमें निम्न कृषकों का रामकुमार कस्टम हायरिंग सेंटर, धर्मेन्द्र सिंह सफीपुर को कस्टम हायरिंग सेंटर, राजेशकृथ्रेसर, भवानी प्रसाद उर्फ सुंदर ई-लॉटरी के माध्यम से रोटावेटर, गणेश कुमार कस्टम हायरिंग सेंटर एवं जमुना देवी मल्टीक्रॉप थ्रेसर के लिए चयन हुआ, साथ ही अन्य कृषि यंत्रों में कृषकों का ई-लॉटरी के माध्यम से माध्यम से चयन हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कृषकों को ई-लॉटरी प्रक्रिया एवं कृषि यंत्रीकरण योजना के अंतर्गत मिलने वाले अनुदान के संबंध में जानकारी दी गई। चयनित कृषकों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं पात्रता के अनुसार संबंधित कृषि यंत्रों की खरीद पर अनुमन्य अनुदान का लाभ प्रदान किया जाएगा। उप कृषि निदेशक रवि चन्द्र प्रकाश ने कहा कि कृषि विभाग का उद्देश्य आधुनिक कृषि यंत्रों को किसानों तक पहुंचाकर खेती को सुगम बनाना, कृषि लागत में कमी लाना तथा कृषि उत्पादकता में वृद्धि करना है।

## सावन के सोमवार को जगह- जगह रुद्राभिषेक का आयोजन



फतेहपुर चौरासी। क्षेत्र में सावन महीने में शिवभक्ति की गंगा क्षेत्र में बह रही है। जगह जगह रुद्राभिषेक और भंडारे कराए जा रहे हैं। गाँव लवानी में कृष्ण दत्त बाजपेई, पट्टी उस्मान के गौरी शंकर मन्दिर में जितेंद्र तिवारी और ऊगू के प्रसिद्ध नील कंठ महादेव मन्दिर में शोभित पटेल द्वारा रुद्राभिषेक कराया गया। जिसमें आचार्य जटा शंकर शुक्ल ने पूजन अर्चन करायासाथ में पुजारी लवकुश तिवारी भी रहे।कृष्ण दत्त बाजपेई ने विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले शंकर जी का बेलपत्र चन्दन दूध दही शहद फूल आदि से अभिषेक कर श्रृंगार किया गया। नीलकंठ महादेव मन्दिर में शिव की दो मूर्तियां नीलम और स्फटिक की स्थापित हैं जिन्हें देखने दूर दूर से लोग आते हैं।

## सावन के अंतिम सोमवार पर उमड़ा जनसैलाब



मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। सावन मास के अंतिम सोमवार को हिलौली ब्लॉक स्थित ऐतिहासिक भवरेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर समिति के अनुसार, इस दिन तीन लाख से अधिक भक्तों ने भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह मंदिर उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ तीन जनपदों की सीमा को स्पर्श करता है, जिसके कारण यहां दूर-दूर से भक्त आते हैं। सुबह से ही मंदिर परिसर श्हर-हर महादेवश और श्जय शिव शंकरश के जयकारों से गूंज रहा था। भगवान शिव की पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतारें शाम पांच बजे तक मंदिर परिसर के बाहर तक लगी रहीं। श्रद्धालुओं में गहरी आस्था देखने को मिली, जहां वे घंटों तक लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते रहे। सावन के पवित्र माह के समापन दिवस पर भवरेश्वर महादेव का दिव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया था। शिवलिंग को विशेष रूप से फूलों और बेलपत्रों से सजाया गया था। भीड़ को नियंत्रित करने और सुचारू रूप से दर्शन व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन और मंदिर सेवा समिति के सदस्यों ने सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर दूर-दूर से आए कांवड़ियों ने भी बाबा भोलेनाथ को पवित्र जल चढ़ाया और अपनी मनोकामनाएं मांगीं। भवरेश्वर महादेव का यह मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है, जो तीन जिलों के भक्तों को एक साथ जोड़ता है।

# बसपा की रैली में उमड़ी भारी भीड़

## चिल्लूपार में बसपा ने फूंका चुनावी बिगुल, अस्मिता चंद बनीं प्रभारी-सह-प्रत्याशी




- भाजपा सरकार में बढ़ा भ्रष्टाचार व महंगाई, सपा की सरकार में रहा जंगलराज : डा मदन राम

गोला/बनवारपार, गोरखपुर। चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को बहुजन समाज पार्टी ने चुनावी तैयारियों का शंखनाद करते हुए पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष अस्मिता चंद को पार्टी का आधिकारिक प्रभारी-सह-प्रत्याशी घोषित कर दिया। वीएसएवी इंटर कॉलेज के सामने अतरौरा खेल मैदान में आयोजित विशाल बसपा रैली में मुख्य अतिथि एवं गोरखपुर, आजमगढ़ व बस्ती मंडल के मुख्य मंडल जोन प्रभारी डॉ. मदन राम ने उनके नाम की घोषणा की। घोषणा होते ही समर्थकों और कार्यकताओं में उत्साह का माहौल बन गया। मुख्य अतिथि मंडल जोन प्रभारी डॉ मदन राम ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बहन मायावती की सरकार में कराए गए विकास कार्यों को गिनना कठिन है। उन्होंने कहा कि बहन जी ने कभी धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया, बल्कि सर्वसमाज को सम्मान दिया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि जब-जब सपा सत्ता में आई, प्रदेश में जंगलराज का माहौल बना। भाजपा पर भी हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और महंगाई खत्म करने के वादे के साथ सत्ता में आई भाजपा सरकार में दोनों ही समस्याएं बढ़ी हैं। महंगाई आसमान छू रही है और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि बसपा किसी व्यक्ति अथवा धर्म के खिलाफ नहीं है। पार्टी देश में भाईचारा स्थापित करने और सामाजिक असमानता को समाप्त कर समतामूलक समाज बनाने की दिशा में काम करती है। उन्होंने कहा कि आजादी के 80 वर्ष बाद भी महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं, जो व्यवस्था पर गंभीर सवाल है। मुख्य अतिथि डॉ. मदन राम ने मंच से अस्मिता चंद को चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी-सह-प्रत्याशी घोषित करते हुए कार्यकताओं से बसपा की जीत के लिए पूरी ताकत से जुट जाने का आह्वान किया। प्रत्याशी की घोषणा के साथ ही बसपा ने चिल्लूपार में आगामी चुनाव के लिए अपना अभियान तेज कर दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर इंदु चौधरी ने कहा कि क्षत्रिय का धर्म रक्षा करना है, बुलडोजर चलाना नहीं। उन्होंने कहा कि गोरखपुर की जनता अंग्रेजों के सामने नहीं झुकी तो बुलडोजर के आगे भी नहीं झुकेगी। जब क्षत्रिय अंगड़ाई लेता है तो बदलाव आता है और अब बदलाव का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि हर क्षत्रिय के दरवाजे पर हाथी सम्मान का प्रतीक है। इस बार चिल्लूपार में क्षत्रिय समाज हाथी पर सवार होकर पूरे प्रदेश में बदलाव लाने और बहन मायावती को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगा। इंदु चौधरी ने स्वर्गीय उमाशंकर का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने बहन मायावती का साथ कभी नहीं छोड़ा और मायावती ने उन्हें सच्चा भाई कहा था। उन्होंने कार्यकताओं से चुनाव में पूरी ताकत के साथ जुटने का आह्वान किया। साथ ही कहा कि चुनाव के समय कई लोग नीला झंडा लेकर सामने आएंगे, लेकिन असली पहचान हाथी के साथ खड़े होने से होगी। कार्यक्रम की शुरूआत में महिला नेत्री अस्मिता चंद ने मंचासीन पार्टी पदाधिकारियों को माला, पगड़ी और स्मारिका देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि प्रकाश निषाद ने की, जबकि संचालन डॉ. राणा सत्यप्रकाश सिंह और परमेश्वर उर्फ छोटू सहारा ने संयुक्त रूप से किया। इससे पहले कार्यक्रम को बसपा जिलाध्यक्ष जयकार प्रसाद, अमर चंद दूबे, जावेद शिमनानी और डॉ. राणा सत्यप्रकाश सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया। इस दौरान रणविजय चंद, देवेंद्र चंद, अंकुर चंद, प्रणव शाही, रूदल बौद्ध, देवेंद्र राय समेत बड़ी संख्या में बसपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

### बसपा की रैली में अस्मिता चिलूलूपार की प्रभारी-सह-प्रत्याशी घोषित, कार्यकर्ताओं में उत्साह

अतरौरा खेल मैदान में आयोजित बसपा की विशाल रैली में मुख्य अतिथि एवं गोरखपुर, आजमगढ़ व बस्ती मंडल के मुख्य मंडल जोन प्रभारी डॉ मदन राम ने मंच से ही महिला नेत्री अस्मिता चंद को चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का प्रभारी-सह-प्रत्याशी घोषित किया। उनके नाम की घोषणा होते ही समर्थकों और कार्यकताओं में उत्साह का माहौल बन गया।

मंडल जोन प्रभारी डॉ मदन राम ने बसपा कार्यकताओं से कहा कि 2027 मे बसपा की सरकार बनेगी। चिल्लूपार सीट बसपा की परंपरागत सीट रही है। और बसपा कार्यकर्ता एक बार फिर गांव-गांव और बूथ-बूथ संगठन को सक्रिय व मजबूत करते हुए पार्टी की जीतके लिए जी-जान से जुट जाने का आह्वान किया।प्रत्याशी की घोषणा के साथ ही बसपा ने चिल्लूपार में आगामी चुनाव के लिए अपना अभियान तेज कर दिया।

### बहन मायावती के झोली में भारी बहुमत से डालूंगी चिल्लूपार सीट : अस्मिता

बसपा की रैली में प्रभारी-सह-प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद महिला नेत्री अस्मिता चंद ने बसपा सुप्रीमो मायावती के प्रति आभार जताते हुए कहा कि बहन जी ने उन पर जो विश्वास जताया है, उसे वह कभी टूटने नहीं देंगी। उन्होंने कहा कि चिल्लूपार की यह सीट जीतकर मैं बहन जी की झोली में डालूंगी। उन्होंने पार्टी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए चुनाव में एकजुट होकर जीत का परचम लहराने के लिए सहयोग की अपील की।

## बिजली मिस्त्री रास्ते में अचेत मिला,इलाज के दौरान मौत



सैफई, इटावा। घर से निकला बिजली मिस्त्री लरखोर तिराहे के पास रास्ते में अचेत अवस्था में मिला। स्वजन ने उसे उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया, जहां सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्वजन ने उसके साथ घटना होने की आशंका जताई है। क्षेत्र के रमैयापुर निवासी जितेंद्र कुमार 30 बर्षीय पुत्र रामकृष्ण एक्सप्रेसवे पर बिजली मिस्त्री का काम करता था। स्वजन के अनुसार रविवार शाम करीब 8.30 बजे वह घर से निकला था। रात करीब 11 बजे वह लरखोर तिराहे के पास खेत में घायल और अचेत अवस्था में पड़ा मिला। पास में उसकी बाइक भी पड़ी थी। स्वजन ने 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के इमरजेंसी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई सुमित और अवनीश कुमार ने बताया कि जितेंद्र ने फोन कर कहा था कि रास्ते में कुछ लोगों ने उसके साथ घटना की है। इसके बाद परिवार के लोग उसकी तलाश में निकले। लरखोर तिराहे के पास बाइक पड़ी मिली और कुछ दूरी पर जितेंद्र घायल अवस्था में मिला। हालत गंभीर होने के कारण वह घटना के संबंध में ज्यादा जानकारी नहीं दे सका।

## हिस्सेदारी के हिसाब से मिले आरक्षण : अभिषेक यादव



इटावा। सावन मास के आखिरी सोमवार को जिला पंचायत अध्यक्ष और सपा नेता अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव दोपहर करीब एक बजे केदारेश्वर मंदिर पहुंचे। उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे। मंदिर के बाहर सपा नेता आशीष राजपूत की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया था। अभिषेक यादव ने श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरित किया। डा. शिवम राजपूत, डा. अनामिका राजपूत ने आए हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। अभिषेक यादव अंशुल ने कहा कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु कदारेश्वर मंदिर में दर्शन करने पहुंच रहे है। इससे लगता है कि सभी देवी देवता प्रसन्न है और मंदिर पर उनका आशीर्वाद है। उन्होंने कामना की कि भगवान शिव भगवान, राम व भगवान कृष्ण का आशीर्वाद समाजसेवियों के साथ साथ जिले व प्रदेश की जनता पर बना रहे। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी भाजपा का सफाया करेगी। उन्होंने कहा कि भगवान भाजपा के हर पदार्फाश कर रहे है। इस मौके पर पूर्व मंत्री रामसेवक यादव, सांसद जितेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष सपा प्रदीप शाक्य बबलू, प्रदेश सचिव गोपाल यादव, जिलामहासचिव वीरू भदौरिया, लाखन सिंह जाटव, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, सर्वेश शाक्य, डा. शिवम राजपूत, सौरभ राजपूत, लीलावती राजपूत, आनंद यादव टंटी, सपा प्रवक्ता विक्की गुप्ता, रवि यादव विधायक, उमेश राजपूत डुल्ले, राजीव चंदेल राजू, राहुल गुप्ता, प्रवीन कुशवाह, संतोष राजपूत, सुघर सिंह दोहरे, अखिलेश वर्मा, संतोष राठौर, अनिल दोहरे, राजवीर राजपूत, राकेश यादव किशन यादव, मंजेश यादव, दिनेश यादव, राजीव यादव आजाद, शीलू यादव, संजय यादव, प्रशांत यादव, राजकिशोर भोजवाल मौजूद रहे।

## आगामी त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक



जसवंतनगर, इटावा। आगामी बारा बफात और रक्षाबंधन त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए सोमवार को थाना सभागार में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने धर्मगुरुओं, मौलानाओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ त्योहारों की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा की। इस दौरान एसडीएम अभिषेक प्रताप सिंह और सीओ आयुषी सिंह ने कहा कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने धर्मगुरुओं से अपने-अपने समुदाय के लोगों को भी शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जागरूक करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि त्योहारों के दौरान अफवाह, विवाद या अशांति की स्थिति किसी भी दशा में उत्पन्न न होने दी जाए। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने कहा कि पुलिस क्षेत्र में लगातार निगरानी रखेगी। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या माहौल बिगाड़ने वाले संदेश प्रसारित करने वालों पर भी नजर रखी जाएगी। उन्होंने लोगों से किसी भी अफवाह पर ध्यान न देने और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। बैठक में दीपक धाकरे, मौलाना कमालुद्दीन अशरफी, इंद्रेश फौजी, अखिलेश फौजी, पिंटू, शैलेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि हाजी समीम, मो. जहीर, राशिद सिद्दीकी सहित पुलिसकर्मी, धर्मगुरु और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## व्यापारियों का 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा हो: बनवारीलाल



इटावा। व्यापारियों का 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा हो और रेलवे में भी व्यापारियों का अलग से कोटा किया जाए उपरोक्त मांग उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष बनवारीलाल कंचन ने इटावा शहर में आयोजित एक अति आवश्यक बैठक युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता के आवास अशोकनगर में की उन्होंने आगे कहा कि व्यापारियों को प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस दिए जाएं सबसे ज्यादा आवश्यकता व्यापारियों को है असले की क्योंकि वह घर से जब निकलता है तो लेकर दुकान जाता है और शाम को दुकान से जब आता है तो लेकर आता है और बैंक में जमा करने जाता है तो उसका दिन भर पैसे को लेकर लाना और ले जाना रहता है इसलिए सबसे पहले व्यापारियों को शस्त्र लाइसेंस दिए जाएं प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा ने कहा कहा कि प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंचन के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने मंडी शुल्क काम कराया अब हम मंडी शुल्क बिल्कुल माफ करने की मांग कर रहे हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष प्रदेश के 40 लाख विद्युत उपभोक्ताओं की समस्या का संज्ञान दिलाते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने 40 लाख विद्युत उपभोक्ताओं का भार बढ़ा दिया है किंतु आज तक उसे काम नहीं किया जा रेहा है इस पर भी पूरे प्रदेश में एक आंदोलन की आवश्यकता है। जिला वरिष्ठ महामंत्री हरिगोपाल शुक्ला ने कहा कि 20 से कम कर्मचारियों पर श्रम विभाग का लाइसेंस नहीं यह निर्णय उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की मांग पर प्रदेश सरकार ने लिया है जिसके लिए पार्टी अध्यक्ष बधाई के पात्र हैं।

**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0**
**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल अयोध्या।**

**ई-निविदा सूचना, वि.आ.सं. 13091 एवं दिनांक 22.08.2026**

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 57/EDC (Ayodhya)/2026-27: अधिशासी अभियन्ता, 11 केवी एण्ड एल.टी., वर्टिकल, अयोध्या के अन्तर्गत भवष्यि में स्वीकृत होने वाले जमा योजना के रनिंग कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00 तथा धरोहर राशि रू. 84000.00।
2 58/EDC (Ayodhya) / 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-दर्शननगर, अयोध्या के अन्तर्गत भवष्यि में स्वीकृत होने वाले जमा योजना के रनिंग कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु० 3540.00 तथा धरोहर राशि रू0 25000.00।
3. 59/EDC (Ayodhya) / 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी०आर० वर्टिकल, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले समस्त 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर पैनलों, पावर परिवर्तकों एवं स्विचगियर के अनुरक्षण का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1120.00 तथा धरोहर राशि रू. 8400.00।
4. 60/EDC (Ayodhya) / 2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, 33 केवी एण्ड पी०आर० वर्टिकल, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले समस्त 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों के इनकमिंग एवं आउटगोइंग फीडर पैनलों, पावर परिवर्तकों एवं स्विचगियर के टेस्टिंग का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रु. 1120.00 तथा धरोहर राशि रू. 8400.00।
5. 61/EDC (Ayodhya) /2026-27 : अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-रूदौली, अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर जर्जर / क्षतिग्रस्त विद्युत तंत्रों, जर्जर / क्षतिग्रस्त 9/11 मीटर एस.टी./पी.सी.सी. विद्युत खंभों को बदलने / मरम्मत का कार्य। ई-निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।

**ई निविदा की अंतिम तिथिः 07 सितम्बर 2026, 17.00 बजे।**

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

संक्षेप

## कांवड़ चढ़ाकर लौट रहे चार कांवड़िये जख्मी

मोहम्मदी खीरी। छोटी काशी गोला से कावड़ चढ़कर लौट रहे बाइक सवार अनियंत्रित होकर टकरा जाने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस ने इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल पर भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार गुरप्रीत निवासी चंद्रामऊ पुवायां, सत्येंद्र, शिवा , नेत्रपाल निवासी हरदुआ थाना पुवायां दो बाइक पर सवार होकर कावड़ चढ़कर सोमवार को लौटते समय गोमती तिराहे के पास सड़क पर घूम रहे गोवंश से बचने से आपस में टकरा गए जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें प्राइवेट एंबुलेंस से शिवम ने इलाज के लिए मोहम्मदी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की सूचना उनके परिजनों को दी गई है।

## नगर में निकली कलश यात्रा

मोहम्मदी खीरी। सावन के पवित्र महीने में नगर के पौराणिक धार्मिक स्थल ब्रह्मदेव आश्रम से श्रद्धालुओं ने नगर की खुशहाली की कामना को लेकर दिव्य भव्य कलश यात्रा निकली गई जिसका शुभारंभ नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया और लोक भारती के अतुल रस्तोगी ने वैदिक मंत्रो उच्चारण के बीच शुभारंभ किया है। सोमवार की पूर्व संध्या पर समाजसेविका बबली देवी के नेतृत्व में सुमन, ममता, रामदेवी मीना, श्याम कली, मुन्नी देवी माधुरी देवी, धन्नो, रामवती, मैना गुड्डी देवी, गीता, लाली देवी, सोनी देवी, पूनम, सुनीता, वेदवती, सरस्वती, कुसुमा, किरण, पालना, रूबी, गुड्डी, छोटी, बिटिया, उषा, शांति देवी, रेखा समेत सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सर पर कलश रखकर मां गोमती के पावन तट से जल संग्रहित कर पौराणिक धार्मिक स्थल टेढ़े नाथ धाम के लिए यात्रा शुरू हुई रास्ते में मिलने वाले मंदिरों पर पूजा अर्चना कर महिलाओं ने शिव के धाम पहुंचकर जलाभिषेक किया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे हैं।

# मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब, शिवभक्ति में डूबी छोटी काशी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सावन के अंतिम सोमवार को छोटी काशी में आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ा कि शहर की गलियां और प्रमुख मार्ग शिवभक्तों से पट गए। रिमझिम बारिश के बीच केसरिया वस्त्रों में कांवड़ियों के जत्थे लगातार पौराणिक शिव मंदिर की ओर बढ़ते रहे। हर तरफ हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। सुबह होते-होते श्रद्धालुओं की भीड़ ने विशाल रूप ले लिया और पूरा नगर शिवमय नजर आने लगा।

रविवार शाम से ही भूतनाथ मेले के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। सोमवार तड़के तक शहर में प्रवेश करने वाले लखीमपुर, मोहम्मदी और खुटार मार्गों पर कांवड़ियों और श्रद्धालुओं की लंबी कतारें दिखाई देने लगीं। पैदल जत्थों के साथ निजी वाहनों से भी बड़ी संख्या में लोग छोटी काशी पहुंचे। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ और लोग अपनी धुन में शिवालय की ओर बढ़ते रहे।

पौराणिक शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। भक्त दूध, गंगाजल, बेलपत्र, पुष्प, भांग-धतूरा और अन्य पूजन सामग्री लेकर पहुंचे। मंदिर के कपाट तड़के ही खोल दिए गए थे। दर्शन और जलाभिषेक का क्रम शुरू होते ही मंदिर परिसर भक्तों से भर गया। इसके बाद श्रद्धालुओं का रुख बाबा भूतनाथ मंदिर की ओर रहा। शिव मंदिर से भूतनाथ स्थल तक का पूरा मार्ग श्रद्धालुओं से भरा रहा। कहीं कांवड़ियों के जत्थे जयकारे लगाते आगे बढ़ रहे थे तो कहीं डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच लोग शिवभक्ति में लीन नजर आए। घंटे-घड़ियाल और शंख की ध्वनि से वातावरण पूरी तरह धार्मिक रंग में रंगा रहा।

## भूतनाथ कुएं पर भी लगी श्रद्धालुओं की कतार



भूतनाथ मंदिर पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं ने प्राचीन कुएं पर पूजा-अर्चना की। इस कुएं से जुड़ी धार्मिक मान्यताओं के चलते यहां विशेष भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने कुएं में झांककर परंपरा के अनुसार ह्यहू-हूह्न की आवाज निकाली और अपनी मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना की। भक्तों ने मनौती के लिए आसपास की झाड़ियों में गांठें भी बांधीं।

मान्यता है कि मनोकामना पूरी होने के बाद श्रद्धालु दोबारा भूतनाथ मेले में पहुंचकर गांठ खोलते हैं। इसी आस्था के चलते दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु भूतनाथ कुएं के दर्शन को विशेष महत्व देते हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर रही प्रशासन की नजर

लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पुलिस और प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। मंदिर परिसर से लेकर प्रमुख मार्गों और मेला क्षेत्र तक पुलिसकर्मियों की तैनाती रही। अधिकारी भी सुबह से व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। मेला क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के जरिए भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखी गई। पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं की आवाजाही को व्यवस्थित करने के साथ भीड़ वाले स्थानों पर लगातार निगरानी करते रहे।

## प्रस्तावित मूल्यांकन सूची पर 29 अगस्त तक दें आपत्ति, फिर लागू होंगे नये मूल्यांकन दर

लखीमपुर खीरी। जमीन-जायदाद की खरीद-फरोख्त से जुड़ी स्टांप दरों में बदलाव की तैयारी शुरू हो गई है। जिले में संपत्तियों के पुनरीक्षित मूल्यांकन की प्रस्तावित सूची तैयार कर ली गई है। अब आम लोगों को इस सूची पर अपनी राय और आपत्ति दर्ज कराने का मौका दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 29 अगस्त 2026 तक सुझाव या आपत्ति लिखित रूप में दी जा सकती है। अपर जिलाधिकारी ( वित्त एवं राजस्व ) नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्टांप ( सम्पत्ति का मूल्यांकन ) नियमावली, 1997 तथा उसके संशोधित प्रावधानों के तहत जनपद में पुनरीक्षित मूल्यांकन सूची प्रभावी की जानी है। इसका प्रस्तावित प्रारूप जिले के सभी उप निबंधक कार्यालयों तथा सहायक महानिरीक्षक निबंधन कार्यालय में उपलब्ध है। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि प्रस्तावित मूल्यांकन सूची को देखकर यदि किसी संपत्ति के मूल्यांकन को लेकर कोई सुझाव या आपत्ति है तो उसे निर्धारित समय सीमा में दर्ज कराएं। इसके बाद प्राप्त सुझावों और आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा। सुझाव या आपत्ति सहायक महानिरीक्षक निबंधन/सहायक आयुक्त स्टांप, लखीमपुर खीरी, कक्ष संख्या-33, कलेक्ट्रेट परिसर अथवा संबंधित उप निबंधक कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत की जा सकती है। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची को लेकर आम जनता की राय महत्वपूर्ण है। लिहाजा संबंधित संपत्ति स्वामियों और आम नागरिकों से समय रहते सूची का अवलोकन कर अपनी आपत्ति या सुझाव दर्ज कराने की अपील की गई है। 29 अगस्त के बाद आपत्ति दर्ज कराने का मौका नहीं रहेगा।

## ऑटो और कार की टक्कर में एक महिला की गयी जान

मोहम्मदी खीरी। कस्बा अमीर नगर से एक ऑटो पर पति पत्नी और सरहज सवार होकर रिश्तेदारी में जाने के लिए बस पकड़ने के लिए गोमती मोड जाते समय रसूलपुर ईदगाह से पहले कार चालकने टक्कर मार दी जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इलाज के लिए सूचना पर पहुंचे जानकी एंबुलेंस ले जाकर समाजसेवी शिवम राठौर ने मोहम्मदी सरकारी अस्पताल भर्ती कराया। डॉक्टर ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया है। दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। अमीर नगर निवासी इकरार शाह ने बताया वह अपनी पत्नी पिंकी शाह ( 32 ) और सरहज साहिबा के साथ ऑटो में सवार होकर गोमती मोड बस पकड़ने जा रहा था तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने ऑटो में टक्कर मार दी जिसमें उसकी पत्नी को गंभीर चोटे आ गई थी इलाज के लिए पहुंचे उन्होंने दम तोड़ दिया है। घायल सरहज साहिबा और इकरार को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। कार चालक वाहन छोड़कर भाग निकला पुलिस वाहन कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश कर रही है। कार के अंदर से शराब की बोतल बरामद हुई है जिसका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# पीएचसी में मना कन्या जन्मोत्सव



सीतापुर। मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर यूनिट-2, कमलापुर द्वारा सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी रहीं। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी राजकुमार यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमलापुर के चिकित्सा अधीक्षक सुनील कुमार यादव, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रबंधक स्मिता वैश्य सहित अस्पताल एवं वन स्टॉप सेंटर के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान नवजात कन्याओं के जन्म की खुशी में केक काटा गया तथा मिठाई वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया। नवजात कन्याओं को हिमालया बेबी किट भी भेंट की गई। इस दौरान बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का संदेश देते हुए बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाने तथा समाज में बालिकाओं के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# नौ बीघा सरकारी जमीन पर चला ट्रैक्टर, कब्जा कराया मुक्त

सीतापुर। ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर खेती करने वालों के खिलाफ राजस्व विभाग ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की।

परसेंडी के गुजरा ग्राम पंचायत में करीब नौ बीघा सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराने के लिए राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर पैमाइश कराई और जमीन पर खड़ी फसलों को ट्रैक्टर चलवाकर जुतवा दिया। कार्रवाई से सरकारी भूमि पर कब्जा जमाए लोगों में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान प्रशासक संजय की शिकायत पर नायब तहसीलदार बलवंत सिंह के नेतृत्व में राजस्व टीम सोमवार शाम करीब चार बजे गुजरा पहुंची। कानूनगो अशोक कुमार, संबंधित लेखपाल समेत पांच सदस्यीय टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में जमीन की पैमाइश कराई। इसके बाद सरकारी भूमि पर बोई गई फसलों को ट्रैक्टर से जुतवाकर जमीन खाली करा ली गई। ग्राम प्रधान के अनुसार नन्हू पुत्र बाबूराम, रामप्रताप, लल्ला और रामनरेश मौर्या समेत अन्य लोगों पर ग्राम समाज की भूमि पर कथित रूप से कब्जा कर खेती करने का आरोप था। कार्रवाई के बाद खाली कराई गई जमीन पर दोबारा कब्जा रोकने के लिए निगरानी की बात कही गई है। नायब तहसीलदार बलवंत सिंह ने कहा कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्राम प्रधान ने बताया कि पंचायत में सरकारी भूमि के अन्य हिस्सों को भी चिह्नित किया जा रहा है। खाली कराई गई जमीन पर खेल मैदान, अंत्येष्टि स्थल और हाट बाजार विकसित करने का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## डीसीएम ने ऑटो को मारी टक्कर, छात्रा समेत कई घायल

सीतापुर। तंबौर थाना इलाके में रेउसा-तंबौर मार्ग पर सोमवार को खमरिया पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार अज्ञात डीसीएम ने ओवरटेक करते समय सवारी से भरे ऑटो रिक्शा में साइड से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो सड़क पर पलट गया और उसमें सवार छात्रा समेत कई लोग घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डीसीएम लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने आनन-फानन में पलटे ऑटो को हटाकर उसमें फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में ग्राम दरियाना निवासी ऑटो चालक आलोक और इसी गांव की 13 वर्षीय शिवानी पुत्री मनोज गंभीर रूप से घायल हो गई। शिवानी तंबौर स्थित रेडियंस इंटर कॉलेज की छात्रा है और ऑटो में बैठकर विद्यालय जा रही थी। अन्य सवारियों को भी चोटें आईं, हालांकि उनकी हालत सामान्य बताई गई। घटना के बाद राहगीरों ने एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस से चालक और छात्रा समेत घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तंबौर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि सभी घायल ग्राम दरियाना के रहने वाले हैं।

## सूर्यकुंड मंदिर के सरोवर में डुबने से दो की मौत

सीतापुर। जिले में प्रमुख धार्मिक स्थलों के घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन के दावे सवालों के घेरे में हैं। नैमिषारण्य के देवदेवेश्वर गोमती घाट पर सोमवार को 20 वर्षीय युवक की डूबने से मौत हो गई, जबकि लहरपुर के अकबरपुर स्थित प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर के सरोवर में रविवार शाम 12 वर्षीय बालक की जान चली गई। दोनों घटनाओं में रेस्क्यू अभियान चलाकर शव पानी से बाहर निकाले गए। खास बात यह है कि जिलाधिकारी ने पूर्व में नैमिषारण्य सहित जिले के प्रमुख घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए थे। घाटों पर गोताखोर, नाव, रस्से समेत जरूरी सुरक्षा इंतजाम रखने के निर्देशों के बावजूद हादसों ने व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## घाट पर स्नान करते समय युवक डूबा, मौत

सीतापुर। नैमिषारण्य के प्रसिद्ध देवदेवेश्वर गोमती घाट पर सोमवार सुबह स्नान करने गए 20 वर्षीय सोनू शुक्ला पुत्र सुशील कुमार शुक्ला निवासी निबाह, थाना संदना की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। सोनू साथियों के साथ सुबह करीब आठ बजे घाट पर स्नान करने पहुंचा था। स्नान के दौरान वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूब गया। सूचना पर जल पुलिस और स्थानीय पुलिस ने करीब एक घंटे तक रेस्क्यू अभियान चलाया। मशक्कत के बाद सोनू को पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस की मदद से उसे सीएचसी नैमिषारण्य पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर एसडीएम मिश्रिख दीपक गुप्ता और थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## 12 वर्षीय बालक की सूर्यकुंड सरोवर में डूबा, दो घंटे चला रेस्क्यू

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र के अकबरपुर स्थित प्रसिद्ध सूर्यकुंड मंदिर के सरोवर में रविवार देर शाम स्नान करते समय 12 वर्षीय केशू पुत्र अनूप कुमार अवस्थी निवासी शादीपुर की डूबने से मौत हो गई। अनूप अपने बेटे और अन्य बच्चों के साथ सरोवर से जल भरकर शादीपुर फत्तेपुर स्थित गौरीशंकर मंदिर तक कांवड़ ले जाने की तैयारी में पहुंचे थे। जल भरने से पहले बच्चे सरोवर में स्नान करने लगे। अन्य बच्चे बाहर निकल आए, लेकिन केशू लापता हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे तक तलाश कराई। इसके बाद बालक का शव बरामद हुआ। शव मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि बालक की डूबने से मौत हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## निरीक्षण और निर्देश कागजों तक सीमित घाटों पर सुरक्षा इंतजाम नदारद

सीतापुर। जिलाधिकारी द्वारा नैमिषारण्य सहित प्रमुख घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। घाटों पर गोताखोरों की तैनाती, नाव और रस्सों समेत अन्य जरूरी सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। इसके बावजूद लगातार सामने आ रही डूबने की घटनाएं सवाल खड़े कर रही हैं कि आखिर जिलाधिकारी के निर्देशों का धरातल पर कितना पालन हुआ। यदि सुरक्षा इंतजाम वास्तव में मौजूद थे तो दो अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में लोगों की जान जाने से पहले तत्काल बचाव क्यों नहीं हो सका ? हादसों ने प्रशासन के सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है और जिम्मेदारों की जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# थाने से नहीं मिला न्याय , मां के संग सीएम के जनता दरबार पहुंची बेटी

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। घर में घुसकर मारपीट, महिलाओं से अभद्रता और कपड़े फाड़ने के आरोप के बाद मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन कार्रवाई आगे नहीं बढ़ी। पुलिस से न्याय की आस टूटने पर सोमवार को गुरुदेवनगर निवासी निशा पांडेय अपनी मां पूनम का हाथ थामकर सीधे मुख्यमंत्री के जनता दरबार पहुंच गईं। मुख्यमंत्री के सामने पहुंचते ही उन्होंने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूरा मामला बताया और न्याय की गुहार लगाई।

पीड़िता की बात सुनकर मुख्यमंत्री ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेकर जांच और आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निशा के मुताबिक 13 अगस्त की रात करीब आधा दर्जन लोग शराब के नशे में उनके घर में घुस आए। आरोप है कि दबंगों ने घर में मौजूद परिजनों के साथ मारपीट और अभद्रता की तथा महिलाओं के कपड़े तक फाड़ दिए। घटना के बाद परिवार पुलिस के पास पहुंचा। मुकदमा दर्ज हुआ, लेकिन पीड़िता का आरोप है कि कार्रवाई के नाम पर पुलिस आगे नहीं बढ़ी। इतना ही नहीं, आरोपियों की तहरीर पर क्रास केस दर्ज होने से पीड़ित परिवार खुद को उलझा हुआ महसूस करने लगा। यहीं से शुरू हुआ पुलिस पर सवालों का सिलसिला। निशा का कहना है कि उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन उन्हें वह कार्रवाई नहीं मिली जिसकी उन्हें उम्मीद थी। आखिरकार थाने से लेकर पुलिस अधिकारियों तक न्याय की तलाश के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री के जनता दरबार का दरवाजा खटखटायझ्र मुख्यमंत्री ने पीड़िता की पूरी बात सुनी और उपस्थित प्रमुख सचिव को मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के सामने शिकायत पहुंचते ही अब मामले में निष्पक्ष जांच और प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद जगी है।

### मां की जिंदगी बदलने का भी मिला भरोसा

जनता दरबार में मुख्यमंत्री ने निशा की मां पूनम से परिवार की आय और कारोबार के बारे में पूछा। पूनम ने बताया कि चार गाय ही परिवार की आजीविका का सहारा हैं, लेकिन उन्हें रखने के लिए टीन शेड तक नहीं है। मुख्यमंत्री ने उनकी बात सुनी और अधिकारियों को अच्छी दूध देने वाली गाय तथा पशुओं के लिए टीन शेड की व्यवस्था तत्काल कराने के निर्देश दिए। पीड़िता अभी लखनऊ से घर भी नहीं पहुंची थी कि मुख्यमंत्री का आदेश अधिकारियों तक पहुंच गया और पशु चिकित्सा अधिकारी उसके दरवाजे पर पहुंच गए।

### पहुंचा, आदेश तो अफसर दरवाजे पर पहुंच गये

पशु चिकित्सा अधिकारी हरगांव संजीव जायसवाल ने बताया कि प्रमुख सचिव के माध्यम से उच्चाधिकारियों को महिला को गाय उपलब्ध कराने के निर्देश मिले हैं। निर्देश के बाद वह सोमवार को महिला के घर पहुंचे, लेकिन पूनम उस समय लखनऊ में थीं। उन्होंने बताया कि मंगलवार को उनके लौटने पर अच्छी दूध देने वाली गाय उपलब्ध करा दी जाएगी। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंची शिकायत के बाद पुलिस भी उसी तेजी से कार्रवाई करती है या मामला फिर कागजों में उलझकर रह जाता है।

# डीएम-एसपी के साथ पालिकाध्यक्ष ने कांवड़ियों पर बरसाये फूल




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। श्रावण मास के अंतिम सोमवार को भगवान शिव का जलाभिषेक और बाबा भूतनाथ के दर्शन करने छोटी काशी पहुंचे कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने डीएम और एसपी के साथ शिव मंदिर परिसर में कांवड़ियों पर फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसके बाद सदर चैराहे पर भी कांवड़ियों का स्वागत किया गया। विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कांवड़ियों का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए उनकी यात्रा की मंगलकामना की। कांवड़ियों के जत्थे जयकारे लगाते हुए बाबा भूतनाथ के दर्शन के लिए आगे बढ़ते रहे। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि छोटी काशी में भगवान शिव का जलाभिषेक करने और बाबा भूतनाथ के दर्शन के लिए दूर-दराज से आने वाले कांवड़ियों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं का स्वागत और सेवा धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जिम्मेदारी भी है। कांवड़ियों के स्वागत नगर पालिका परिषद के सभासद तथा शिवा एकेडमी सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बहुचरणीय चयन प्रक्रिया में अमर बने हेड बॉय, भाव्या को मिली हेड गर्ल की जिम्मेदारी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्राथमिक अनुभाग में विद्यार्थियों की नेतृत्व क्षमता और प्रतिभा परखने के लिए हेड बॉय, हेड गर्ल, हाउस कैप्टन और वाइस कैप्टन के चयन की बहुचरणीय प्रक्रिया आयोजित की गई। विभिन्न चरणों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। चयन प्रक्रिया की शुरूआत डिजिटल सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता से हुई।

पर्यावरण संरक्षण और कागज की बचत को ध्यान में रखते हुए प्रतियोगिता ऑनलाइन माध्यम से कराई गई। विद्यालय के अनुसार डिजिटल आयोजन से कागज की खपत में 99 प्रतिशत से अधिक की बचत हुई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अगले चरण के लिए चुना गया। इसके बाद हुई भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और विषय पर पकड़ का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कक्षा पांच-ए के अमर शुक्ला को हेड बॉय और भाव्या अग्रवाल को हेड गर्ल चुना गया। इसके साथ ही विभिन्न हाउसों के कैप्टन और वाइस कैप्टन का भी चयन किया गया। हाउस व्यवस्था के लिए शिवाजी हाउस की ममता यादव, टैगोर हाउस की कीर्ति शुक्ला, अब्दुल कलाम हाउस की संध्या वर्मा और रानी लक्ष्मीबाई हाउस की आरती यादव को हाउस इंचार्ज की जिम्मेदारी दी गई। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिस्पर्धा को हमेशा स्वस्थ भावना के साथ लेना चाहिए। विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा और ईर्ष्या के अंतर को समझते हुए शिक्षा एवं अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रयास करना चाहिए। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों से अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने का आह्वान किया। प्राथमिक अनुभाग की प्रभारी मुक्ति मणि शुक्ला ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। डिजिटल प्रतियोगिता के मंच की व्यवस्था और संचालन में आचार्य अनूप सिंह यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मोहाना नदी से हो रहे कटान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग जुटा

तिकुनियां-खीरी। मोहाना नदी से हो रहे कटान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग जुट गया है, जहां-जहां कटान हो रहा है वहा पर गैवियान बनाकर डाले जा रहे,जलस्तर घटने से कटान तेज हो गया है। बार्डर पर बह रही मोहाना नदी की विनाशलीला जारी है,यह नदी जसनगर गांव में कटान रोकने के लिए लगाए गए जियोट्यूब बैग को काटने पर आमादा है,नौ सौ मीटर में लगे यह बैग कुछ तो पिछले वर्ष नदी में चले गए थे और इस वर्ष भी नदी धीरे धीरे इन्हें काट रही है। कटान वाले स्थान पर बोरियो में रोड़ा भरकर गैवियान बनाए जा रहे है और इन्ही गैवियान को कटान हो रहे स्थान पर डाला जा रहा है। कटान के मुहाने पर है यह घर गांव निवासी नत्थूराम, सियाराम,शिव भगवान, राजकुमार, विरक्षा, संतोष, गोवर्धन और दिनेश के घर नदी की धार से एक मीटर की दूरी पर है अब इनके घर और नदी में केवल जियोट्यूब बैग ही है, गांव वालों का कहना है कि नदी का स्थायी समाधान किया जाए ।

# सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल की डीएम ने की समीक्षा



लखीमपुर खीरी। जिले में संचालित विकास कार्यों और योजनाओं की रफ्तार को और तेज करने के उद्देश्य से डीएम अंजनी कुमार सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में सीएम डैशबोर्ड व सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित सूचनाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागवार आंकड़ों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की जानकारी की माह तक आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करते हुए संबंधित पोर्टल पर अपडेट की जाए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि शासन स्तर पर सीधे सीएमआईएस पोर्टल और सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से योजनाओं की निगरानी की जा रही है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिन विभागों की प्रगति अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, वे तत्काल सुधारात्मक कदम उठाते हुए पोर्टल पर अद्यतन व सही जानकारी दर्ज करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर आंकड़े नियमित रूप से अपडेट रहें, ताकि जिले की रैंकिंग प्रभावित न हो।

उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि अगले माह तक प्रत्येक विभाग की प्रगति हर हाल में सुधारनी होगी, अन्यथा संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं की जवाबदेही तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने यह भी कहा कि सीएमआईएस पोर्टल पर दर्ज परियोजनाओं का निर्धारित माइलस्टोन के अनुसार प्रतिमाह प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें निर्धारित समय के अंतर्गत पूर्ण करते हुए संबंधित प्रशासकीय विभाग को हस्तगत किया जाना सुनिश्चित करें, जो परियोजनाओं में निर्धारित समयावधि से विलंब चल रही है समुचित कारण सहित उनकी पूर्णता की तिथि संशोधित कर लिया जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड और सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित योजनाएं/परियोजना का माह तक आवंटित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित की जाए तथा समय से माह के आखिरी सप्ताह तक संबंधित पोर्टल पर उनका अंकन किया जाए। विभाग वार प्राप्त मासिक अंक/आंकड़े महज नंबर नहीं, प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही का आईना हैं। अधिकारी सुनिश्चित करें कि डाटा अद्यतन और जमीनी हकीकत से मेल खाते हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही से न सिर्फ विभाग की रैंकिंग गिरेगी, बल्कि जिले की छवि भी प्रभावित होगी।

### फैमिली आईडी बनाने पर फोकस करें : डीएम

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि फैमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाई जाए और अधिक से अधिक पात्र परिवारों की फैमिली आईडी तैयार कराई जाए। फैमिली आईडी में डीडीओ के निर्देशन में खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से फैमिली आईडी प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें। इनकी रही मौजूदगी डीएफओ तापस मिहिर, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, पीडी सतीश कुमार पाण्डेय, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीएसटीओ रत्नेश कुमार सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## कांवड़ यात्रियों ने पूर्ण किया जलाभिषेक का संकल्प

रायबरेली। भगवान शाम्ब सदाशिव की कृपा उनके भक्तों पर बरस रही है। सावन मास के अंतिम सोमवार को चारों ओर हर हर महादेव के जयकारे तथा मंदिरों में रुद्राभिषेक, जलाभिषेक करते हुए भक्तों ने शिव की कृपा प्राप्त की। सलोन क्षेत्र के झारखंडेश्वर मंदिर, बाबा बालेश्वर नाथ धाम, शहर के जगमोहनेश्वर मंदिर, पहलवान वीर बाबा आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं का ताता लग रहा। वही गोकर्ण घाट एवं डलमऊ से गंगाजल भरकर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु प्रतापगढ़ के घुइसर नाथ धाम तथा मनकामेश्वर मंदिर में लोगों ने पूजा अर्चना की तथा गंगाजल से जलाभिषेक किया। प्रातः चार बजे से ही शिव भक्तों के जलाभिषेक का तांता लगा हुआ है, जो अनवरत जारी है। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और प्रबंध समिति द्वारा सुरक्षा और दर्शन के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

?मंदिर परिसर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए स्थानीय लोग व्यवस्था संभालने में जुटे हैं। डीएम सरनीत कौर ब्रोका एवं पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने जनपद में सुरक्षा व्यवस्था एवं कावड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए हैं। वही पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहा, जिससे सभी भक्तों ने शांतिपूर्ण तरीके से भगवान शिव का दर्शन और जलाभिषेक किया।

## कार की टक्कर से बुलेट सवार दंपती की मौत

गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। लखनऊ-वाराणसी



राजमार्ग पर कलिंजरा मोड़ के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से बुलेट सवार दंपती की मौत हो गई। हादसे में पत्नी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल पति की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक को हिरासत में लेकर वाहन कब्जे में ले लिया है। सुल्तानपुर जिले के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव निवासी रमेश गौतम (40) अपनी पत्नी रीता देवी (37) के साथ बदलापुर थाना क्षेत्र के शाहपुर गांव में रिश्तेदार के घर शोक संवेदना व्यक्त करने जा रहे थे। कलिंजरा मोड़ के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रीता देवी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उनकी भी मौत हो गई। वहरमेश पांच भाइयों में दूसरे नंबर के थे और इलेक्ट्रीशियन का काम करते थे। उनके दो बेटे रवि 15 वर्ष और रितेश 12 वर्ष हैं। दंपती की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बदलापुर थानाध्यक्ष फूलचंद पांडेय ने बताया कि रमेश के बड़े भाई सुरेश गौतम की तहरीर पर कार चालक आरतेस सोनवानी, निवासी वार्ड नंबर 12, राजमोहनी, गांधीनगर, सरगुजा (छत्तीसगढ़) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# राणा बेनी माधव बख्श सिंह को याद रखेंगी पीढ़ियां

जिला संवाददाता

रायबरेली। अवध केसरी के रूप में विख्यात राणा बेनी माधव बख्श सिंह की शहादत का सम्मान आने वाली पीढ़ियां करती रहेंगी। हमारे सनातन धर्म की मर्यादा है कि देश प्रेम में बलिदानी वीर सपूतों एवं हमारे आदर्श का सम्मान सदा होता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राणा बेनी माधवबक्श समिति के स्मृति में निर्मित सभागार के लोकार्पण के उपरांत जनसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि रायबरेली अब बदल चुकी है। पहले लोग बोलते थे। यह वीआईपी शहर है परंतु यहां बदहाली थी। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि एक रुपया भेजता हूं तो मात्र 15 पैसा पहुंचता है। यह लोग कोई और नहीं थे। यह वही कांग्रेस के लोग थे जो पचासी प्रतिशत पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा देते थे।

उन्होंने कहा कि विकास आज की आवश्यकता है बेरोजगारों और किसानों की जरूरत है। आज रायबरेली की मॉडर्न कोच फैक्ट्री कांग्रेस के समय में घिसट कर चल रही थी आज उसने कीर्तिमान स्थापित किया है जो पूरे भारत में रायबरेली का नाम रोशन कर रही है। उन्होंने कांग्रेस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुंह में राम बगल में छुरी वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। जब लोग हमारे सनातन धर्म को न मान करके भगवान राम को कल्पना मात्र मानकर मनुस्मृति को भी नकारने का काम करते हैं, ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि मनुस्मृति ही काल की गणना करने वाला ऐसा ग्रंथ है जिसको स्वयं मनु ने लिखकर दुनिया को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि मानता हूं कि कांग्रेस और सपा के लोगों को सनातन धर्म पर विश्वास नहीं है परंतु भारत की विरासत सनातन धर्म पर ही आधारित है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जाके प्रिय न राम वैदेही, तजिए ताहि कोटि बैरी सम यद्यपि परम सनेही की पंक्ति को याद दिलाते हुए योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला। अयोध्या के हनुमान जी का दर्शन करने के बाद कैसे-कैसे भोग लगाते हैं यह किसी से छुपा नहीं जो राम का नहीं वह किसी काम का नहीं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में दंगा कर्फ्यू गरीबी बदहाली आदि को पुरानी बात कहते हुए कहा कि आज के हालात में कोई यदि किसान और व्यापारी पर हमला करेगा तो उसे जेल या जहन्नुम नसीब होगा। उन्होंने शहीद लालचंद स्वर्णकार एवं वीरापासी के लिए भी समर्पित भाव से उनकी प्रतिमा एवं स्मारक बनाए जाने की घोषणा की। सलोन क्षेत्र के विधायक अशोक कोरी ने माहेपासी ऋषि जमदग्नि की धरती से प्रदेश के मुखिया का धन्यवाद किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री मनोज कुमार पांडेय आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

### पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दिया शौर्य सम्मान

अवध केसरी राना बेनी माधव बख्श सिंह की जयंती के मौके पर विशिष्ट अतिथि पर्यटन संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की तरफ से राना बेनी माधव बख्श सिंह शौर्य सम्मान वीर चक्र से सूबेदार मेजर शत्रोहन सिंह (कारगिल युद्ध) व मेजर जनरल दिगेंद्र प्रताप सिंह (विशिष्ट सेवा मेडल आपरेशन सिंदूर) को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही डा. शिव बहादुर सिंह भदौरिया साहित्य सम्मान पद्मश्री डा. विद्या बिंदु सिंह व डा. महेशचंद्र दिवाकर (साहित्य भूषण सम्मान), वीरा पासी सम्मान अशोक तपस्वी व रोटरी सेवा सदन समिति, रायबरेली को दिया गया। लालचन्द्र स्वर्णकार मेधा सम्मान संस्कार अग्रहरि व शौर्य प्रताप सिंह, स्व. गजाधर सिंह मेधा सम्मान छात्रा दिया व सेजल, स्व. श्रीमती जनक सिंह मेधा सम्मान महक व समीक्षा को दिया गया। इसके साथ ही अवध क्षेत्र के 15 जनपदों से आये स्वतंत्रा संग्राम व शहीदों के परिजनों को भी सम्मानित किया गया।

## योगी सरकार में मां-बहन सुरक्षित : अदिति सिंह




रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि आज हमारी सरकार में मां बहन परिवार सुरक्षित है, जिसकी कल्पना जिनकी शहादत में भाव समर्पण में हम शरीफ हुए यह उनकी प्रेरणा है जो मेरे इतिहास को घरवाली करता है। उन्होंने कहा कि अमर नायक राणा जी एवं वीरापासी जैसे अमर नायक वीरों को पैदा करने वाली माटी रायबरेली है। उन्होंने कहा कि हमें अपने वीर सपूतों पर गर्व है जिनकी संतान हम अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए समर्पित हैं। उन्होंने प्रदेश के मुखिया को अपने सदर क्षेत्र में करोड़ों रुपए की योजनाओं को समर्पित करने के लिए धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया तथा कहा कि आपको हम अपने प्रदेश के मुखिया के रूप में प्रकार धन्य है। उन्होंने कहा कि राना बेनी माधव बक्श सिंह के बारे में कहा कि वे हमारे पूर्वज रहे हैं। पूर्वजों का आत्मसम्मान करना ही हम लोगों के लिए स्वाभिमान है। राना साहेब की यादों को संजोए रखने के लिए तैयार कराया सभागार जनपदवासियों के लिए बहुत ही उपयोगी साबित होगा।

## मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ,शहीदों के परिजनों का किया सम्मान

रायबरेली। योगी आदित्यनाथ ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिजनों का सम्मान तथा 'अवध केसरी स्मारिका' का विमोचन एवं राना बेनी माधव बख्श सिंह के सम्मान में डाक विभाग के विशेष आवरण जारी किया। राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति की तरफ से अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति की तरफ से आयोजित भाव सर्मपण समारोह 2026 में सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने अपने उद्बोधन में अमर सेनानियों को याद करते हुए कहा कि बैरकपुर से मंगल पाण्डेय के नेतृत्व में धधकी स्वतंत्रता संग्राम की चिंगारी ने 1857 में विकराल रूप लिया और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में नेतृत्वकताओं के नेतृत्व में बड़ा आंदोलन हुआ था। 1857 की क्रांति मेरठ क्षेत्र में धवन सिंह गुर्जर, बुंदेलखण्ड में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के पराक्रम को परिभाषित करते हुए उन्होंने खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी कविता की पंक्तियां भी मंच से कहीं। इसके बाद वह यहीं नहीं रुके। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कानपुर में नाना साहेब ने नेतृत्व किया था। ठीक वैसे ही अवध क्षेत्र में हजारों सैनिकों के साथ में राना बेनी माधव बख्श सिंह ने 18 महीने तक संघर्ष किया। राना बेनी माधव बख्श सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वालों में राजा चंद्रिका बख्श सिंह, लालचंद्र स्वर्णकार और सेनापति वीरा पासी के अमूल्य योगदान को कैसे भूलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भव्य सभागार में द्वितीय चरण के कार्य में इस बात का अवश्य ही ध्यान रखा जाएं कि उनके साथ में कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले वीरों की मूर्तियां इसी प्रांगण में स्थापित की जाएं ताकि यहां पर आने के बाद लोग उनका स्मरण कर प्रेरणा ले सकें। मुखिया योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश की आजादी में राना बेनी माधव बक्श सिंह जैसे हजारों शहीदों वीरों का नाम रहा है। उन्होंने कहा कि अगर देश के लिए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति नहीं दी होती तो यहां पर आज सभागार न बन पाता। शहीदों को याद रखना हम लोगों की बड़ी ही जिम्मेदारी है, वे हमारी धरोहर है। राना बेनी माधव बख्श सिंह की स्मृति में बनकर तैयार हुआ यह अत्याधुनिक सभागार राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के समर्पण का नतीजा है। वे लोग राना बेनी माधव सिंह की स्मृति को संजोएं रखने के लिए अवनवरत प्रयास करते रहे और उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से एक भव्य सभागार रायबरेली जनपद को मिला। इसका अच्छे से संचालन हो और अमर सेनानियों का इतिहास से युवा पीढ़ी प्रेरणा प्राप्त करे, इसकी भी जिम्मेदारी समिति की होगी। शहीदों की स्मृति हर वर्ष कार्यक्रम होता रहे इसकी जिम्मेदारी समिति की तरफ से है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहीद सैनिकों की वीरांगना सुमन यादव, कृष्णावती, ललिता देवी व ज्ञानवती को स्मृति चिन्ह देकर अपने हाथों से सम्मानित किया। वहीं पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने समिति के समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि आज रायबरेली को यह बड़ी सौगात अगर मिली है तो इसके पीछे समिति की बड़ी सोच है। वे लोग राना बेनी माधव बख्श सिंह की स्मृति में हर वर्ष कार्यक्रम कर रहे हैं। समिति के अनवरत काम का ही नतीजा है कि आज बड़ा सभागार बनकर तैयार हो गया है। कार्यक्रम का संचालन अर्चना सतीश ने किया। इस मौके पर खाद्य एवं रसद मंत्री डॉ0 मनोज पाण्डेय, विधायक अशोक कुमार, राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति के उपाध्यक्ष अशोक रामपुरी, विवेक विक्रम सिंह, हरिहर सिंह, राजू राठौर, आरबी सिंह, डॉ0 अशोक सिंह, डॉ0 ओपी सिंह, डॉ0 अविनाश सिंह, राकेश सिंह, महेश प्रताप सिंह, राम बहादुर सिंह, आज्ञाशरण सिंह, राजेश बहादुर सिंह, शिवम सिंह, संतोष सिंह, रोहित सिंह, गोविंद खन्ना, आरएसएम के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र सिंह, विजय रस्तोगी, डॉ. अविनाश सिंह, रवींद्र सिंह, अभिषेक विक्रम सिंह, सुधीर दुबे, रामराज सिंह, जीबी सिंह, रमेश सिंह, अजीत सिंह, हरीशानंद मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, सुभाष भदौरिया, दलजीत कौर, गुड्डू सिंह, डॉ धनंजय सिंह, शिव कुमार सिंह, डॉ0 चंपा श्रीवास्तव, अतुल गुप्ता, महेंद्र अग्रवाल, प्रभाकर गुप्ता, संदीप जैन, नरेंद्र फौजी, आदि लोग उपस्थित रहे।

# रामनगरी में उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब

## सरयू तट से शिवालयों तक लगे हर-हर महादेव व बम-बम भोले के जयकारे



अयोध्या। सावन के आखिरी सोमवार पर रामनगरी अयोध्या पूरी तरह शिवमय हो गई। तड़के सुबह से ही शहर के शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कांवड़ियों ने सरयू तट से लेकर शिवालयों तक हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। पवित्र सरयू में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव को पावन जल अर्पित कर जलाभिषेक किया। सबसे अधिक भीड़ प्राचीन नागेश्वरनाथ धाम में देखी गई। मान्यता है कि भगवान श्रीराम के पुत्र कुश ने इस मंदिर की स्थापना की थी। कांवड़ यात्रियों के लिए यहां भव्य आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। दूध, बेलपत्र, धतूरा, पुष्प और गंगाजल से शिवलिंग का अभिषेक करते श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर पहुंचे। डीजे की धार्मिक धुनों और भजन-कीर्तन के साथ कांवड़ियों का उत्साह देखते ही बनता था। नागेश्वरनाथ के अलावा अयोध्या के अन्य प्रमुख शिवालयों में भी आस्था का ज्वार उमड़ा। क्षीरेश्वरनाथ महादेव मंदिर, जो श्रीराम जन्मभूमि के समीप स्थित है, में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। कोटेश्वरनाथ महादेव सहित शहर के अन्य शिवधामों में भी भक्तों की भीड़ देखने को मिली। रामनगरी के इन शिवालयों में सावन के पावन माह में भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होने की मान्यता है। सरयू तट से लेकर विभिन्न मंदिरों तक हर-हर महादेव की गूंज गूंजती रही। हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में देर शाम तक श्रद्धालु दर्शन के लिए कतारों में नजर आए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा अयोध्या के समग्र विकास और तीर्थयात्रियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिए जाने का लाभ इस अवसर पर साफ दिखाई दिया। बेहतर सड़कें, रोशनी, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के कारण कांवड़ियों व श्रद्धालुओं को कोई असुविधा नहीं हुई। प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था सुचारू रखी गई तथा मंदिर परिसरों में विशेष सुरक्षा बल तैनात किए गए। योगी सरकार के प्रयासों से अयोध्या अब सिर्फ रामनगरी नहीं, बल्कि शिवभक्तों के लिए भी आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुकी है। पूरे शहर में आस्था के रंग छाए रहे। परिवार सहित पहुंचे श्रद्धालु, महिलाएं और युवा भक्त सभी भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए उमड़े। सावन के इस अंतिम सोमवार ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि अयोध्या में राम और शिव दोनों की भक्ति समान रूप से गहरी है। भक्तों का मानना है कि यहां के शिवालयों में सावन के सोमवार को की गई पूजा विशेष फलदायी होती है।

## प्राचीन श्री शिव-हनुमान मन्दिर की बैठक कल

अयोध्या। प्राचीन श्री शिव-हनुमान मन्दिर सिद्धपीठ रामपथ अयोध्या की वार्षिक बैठक आगामी बुधवार को सायंकाल साढ़े 7 बजे होना नियत किया गया है। मन्दिर के अध्यक्ष आनन्द किशोर के निर्देश पर आहूत की गयी बैठक में वार्षिक आय-व्यय का लेखा जोखा के अलावा अध्यक्ष पद की नई कार्यकारिणी का चुनाव होगा प्राचीन श्री शिव हनुमान मन्दिर सिद्धपीठ के संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष राकेश वैद एडवोकेट ने बताया कि इस वार्षिक बैठक में मन्दिर के विकास व अन्य पहलुओं पर विचार विमर्श किया जायेगा। वर्ष 2025-26 के मध्य मन्दिर से हुई आय-व्यय का लेखाजोखा वर्तमान अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष प्रस्तुत करेंगें। साथ ही मन्दिर के अध्यक्ष व नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मपति से प्रस्ताव पारित कर गठन किया जायेगा। बताते चले कि मन्दिर के पुर्नस्थापना डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी मन्दिर का अभी उद्घाट्न नहीं हो सका है।

# विमला देवी व चांदनी केसरवानी को मिला तीज क्वीन का खिताब



अयोध्या। केसरवानी वैश्य महिला समाज द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का भव्य एवं रंगारंग आयोजन बजाज स्थित कान्हा भूमि भोग होटल में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज कीअध्यक्षा रश्मि केसरवानी एवं महामंत्री वैशाली द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज की संरक्षिका यमुनोत्री केसरवानी, शिखा केसरवानी एवं मंजू केसरवानी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में महिलाओं के लिए सीनियर एवं जूनियर वर्ग में विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। सीनियर वर्ग के खेल का संचालन मून एवं अनिता तथा जूनियर वर्ग के खेल का संचालन तनु एवं श्रुति ने किया। सीनियर वर्ग में रत्ना केसरवानी विजेता रहीं, जबकि जूनियर वर्ग की विजेता अर्चना रहीं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तीज क्वीन प्रतियोगिता रही, जिसमें सीनियर वर्ग में विमला देवी एवं जूनियर वर्ग में चांदनी केसरवानी ने तीज क्वीन का खिताब अपने नाम किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में अनेक रंगारंग नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। हाउजी गेम का भी आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समाज की भावना नीलम, रुचि, रंजना, मंजू माया रंजना आशा रीता प्राची वंदना मनिषा सहित बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रहीं और सभी ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। केसरवानी वैश्य महिला समाज की अध्यक्ष रश्मि केसरवानी ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की एकजुटता, सहभागिता और सहयोग ही ऐसे आयोजनों की सफलता का आधार है।

# आंधी-बारिश के बीच गिरा छप्पर, दबकर दो की मौत

## बारिश से बचने के लिए नीचे बैठा था आठ साल का बच्चा व 20 साल की युवती



अयोध्या। जनपद के बीकापुर तहसील क्षेत्र में सोमवार की दोपहर तेज आंधी और बारिश के दौरान छप्पर गिरने से बड़ा हादसा हो गया। छप्पर के नीचे बैठे एक बच्चे और युवती की दबने से मौत हो गई। हादसा भुलईपुर निधियांमां ग्राम पंचायत में दोपहर करीब 3 बजे हुआ। बारिश से बचने के लिए दोनों छप्पर के नीचे बैठे थे। इसी दौरान तेज हवा के साथ छप्पर अचानक भरभराकर गिर गया। दोनों उसके नीचे दब गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैरिंग्टनगंज ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे में 20 साल की वंदना की मौत हुई है। ग्रामीणों के मुताबिक वंदना मजदूरी करके अपनी मां, दो बहनों और एक भाई का पालन-पोषण कर रही थी। उसके पिता राम नरेश की करीब चार साल पहले मौत हो गई थी। वहीं बच्चे के परिवार में भी हादसे के बाद मातम है। वह अपने पांच भाइयों और तीन बहनों में चैथे नंबर पर था। हादसे की सूचना मिलते ही बीकापुर कोतवाल देवेंद्र पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके अलावा एसडीएम बीकापुर संतोष कुमार, सीओ सुनील कुमार सिंह और नायब तहसीलदार रामखेलावन राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने पीड़ित परिवारों से घटना की जानकारी ली और हर संभव मदद का भरोसा दिया। तेज आंधी और बारिश के बीच अचानक छप्पर गिरने से दोनों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। एक ही हादसे में दो लोगों की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अटल पर्यावरण पार्क की बदहाल व्यवस्था सुधारने की मांग



सुलतानपुर (वीओएल)। अटल पर्यावरण पार्क की बदहाल व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने की मांग को लेकर सोमवार को प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल से मुलाकात की। पर्यावरण पार्क के अध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने 700 लोगों के हस्ताक्षरों से युक्त ज्ञापन सौंपकर पार्क की व्यवस्थाएं सुधारने की मांग की। ज्ञापन में पार्क के जिम की खराब मशीनों, ट्रैक के किनारे खराब पड़े लैंप पोस्ट और बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने के साथ नियमित अनुरक्षण व देखभाल की व्यवस्था करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पार्क में सुबह-शाम बड़ी संख्या में नागरिक, महिलाएं और बच्चे टहलने, व्यायाम व योग करने पहुंचते हैं। ज्ञापन में कहा गया कि पार्क में स्थापित आधुनिक जिम की अधिकांश मशीनें खराब हो चुकी हैं, जबकि पूर्व में स्थापित जिम भी बंद होने के कगार पर है। ट्रैक के किनारे लगे आधे से अधिक लैंप पोस्ट खराब होने से सुबह अंधेरे में लोगों को परेशानी होती है। प्रतिनिधिमंडल ने जिम की मशीनें बदलने, नियमित देखभाल के लिए कर्मचारी नियुक्त करने और बिजली व्यवस्था की निगरानी के लिए जिम्मेदार व्यक्ति तैनात करने की मांग की। पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने समस्याओं का जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

## खनन विभाग की टीम को चकमा देकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लेकर भागे चालक, मुकदमा दर्ज




गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)। मिश्रौली गांव में रविवार को अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने पहुंची खनन विभाग की टीम को चकमा देकर दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के चालक वाहन लेकर भाग निकले। आरोप है कि बाइक सवार दो लोगों ने टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। मामले में होमगार्ड की तहरीर पर वाहन स्वामी, चालक और दो अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। खनन निरीक्षक शिव दयाल सिंह टीम के साथ अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर मिश्रौली गांव पहुंचे थे। मौके पर जेसीबी से मिट्टी की खोदाई होती मिली। बिना अनुमति खनन किए जाने पर जेसीबी को सीज कर दिया गया। टीम दो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी कब्जे में लेकर थाने ले जा रही थी। आरोप है कि गनेशपुर कैथोली के पास बाइक सवार दो लोग पहुंचे और टीम से गाली-गलौज व अभद्रता करने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को लेकर चालक भाग निकले। होमगार्ड रघुपति तिवारी की तहरीर पर गोसाईगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्र ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर वाहनों और आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## सावन के अंतिम सोमवार पर नन्हे-मुन्नों ने निकाली भव्य कांवड़ यात्रा



कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। सावन के अंतिम सोमवार को सरस्वती शिशु मंदिर झारखंड कादीपुर के नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों ने भव्य कांवड़ यात्रा निकाली। भगवा परिधान में कांवड़ लेकर निकले बच्चों के हर-हर महादेव के जयघोष से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। यात्रा विद्यालय परिसर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुरानी बाजार स्थित शिवालय पहुंची, जहां बच्चों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। इसके बाद राम-जानकी मंदिर में दर्शन-पूजन कर सभी ने भगवान श्रीराम और माता जानकी का आशीर्वाद लिया। यात्रा झारखंड महादेव मंदिर पहुंची, जहां बच्चों ने भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित किया। इसके बाद यात्रा विद्यालय परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। प्रधानाचार्य अशोक उपाध्याय ने भगवान शिव को करुणा, दया, त्याग और सरलता का प्रतीक बताते हुए बच्चों से सेवा, संयम, सदाचार और परोपकार के संस्कार अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति श्रद्धा विकसित करते हैं। यात्रा में आचार्य श्री राम गणेश मिश्रा, प्रेम नारायण, दुर्गेश पांडेय, आदित्य अग्रहरि, आचार्या लक्ष्मी शर्मा, अंशिता त्रिपाठी सहित शिक्षक मौजूद रहे। समाज के लोगों और विद्यालय प्रबंध समिति ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## अब विकास भवन में मिलेगा स्वाद और रोजगार का संगम



सुलतानपुर (वीओएल)। विकास भवन आने वाले लोगों के साथ ही अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए स्वाद का नया ठिकाना शुरू हो गया। सोमवार को विकास भवन परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित प्रेरणा कैफे का मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह ने उद्घाटन किया। कैफे की कमान शारदा महिला स्वयं सहायता समूह, बेलाही की महिलाओं ने संभाली है। समूह की नामित संचालिका कांती देवी कैफे का संचालन करेंगी। साथ ही समूह की अन्य महिलाओं को भी काम का अवसर मिलेगा। कैफे में सुबह पोहा, पूड़ी-सब्जी, पकौड़ी, जलेबी, समोसा, फिंगर चिप्स और चाय जैसे नाश्ते उपलब्ध होंगे। दोपहर में विभिन्न प्रकार के पराठे, राजमा-चावल समेत अन्य व्यंजन परोसे जाएंगे। उद्घाटन अवसर पर उपायुक्त स्वतः रोजगार के डी गोस्वामी, जिला मिशन प्रबंधक नीरज श्रीवास्तव, मो. जासेफ, शशिकांत और समूह की सदस्य मौजूद रहीं। प्रेरणा कैफे के जरिए जहां विकास भवन कर्मियों और बाहर से आने वाले लोगों को ताजा भोजन मिलेगा, वहीं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता का नया अवसर भी मिलेगा।

## राष्ट्रहित का कार्य करता है स्काउट गाइड: स्काउट प्रभारी

लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)। लंभुआ क्षेत्र में स्थित डीपीएस पब्लिक स्कूल परिसर में प्रधानाचार्य रेखा वर्मा के नेतृत्व में तथा जिला विद्यालय निरीक्षक सूर्य प्रकाश सिंह के निर्देश पर भारत स्काउट गाइड जिला संस्था सुलतानपुर द्वारा तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुशासन तथा स्काउट नियमों का प्रशिक्षण दिया गया। स्काउट प्रभारी मृगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिविर में शामिल बच्चों को स्काउट गाइड के नियम, झंडा शिष्टाचार, प्रार्थना और टेंट लगाना सिखाया गया। भारत स्काउट गाइड द्वारा समय-समय पर छात्रों तथा शिक्षकों के लिए विभिन्न जांच शिविर एवं प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाते हैं और शिविर में शामिल स्काउट गाइड को विभिन्न प्रशिक्षण दिए जाते हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर स्काउट गाइड विपरीत परिस्थितियों में भी अपने आप को संभालते हुए समाज के लोगों की मदद कर सकते हैं।

संक्षेप

## परशुराम समिति ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा

इटावा, इटावा। परशुराम सेवा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट के नेतृत्व में सोमवार को डीएम कार्यालय में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राकेश कुमार को आर्थिक आरक्षण लागू किये जाने की मांग सहित अन्य प्रमुख मांगों में ड्राफ्ट विनियम को तत्काल वापस लिया जाए।प्रस्तावित आरक्षण संशोधन पर पुनर्विचार किया जाए। शिक्षा एवं रोजगार में सभी नागरिकों के लिए समान अवसर सुनिश्चित किए जाएँ स संविधान के अनुच्छेद 14, 15 एवं 16 की मूल भावना के अनुरूप नीतियाँ बनाई जाएँ। को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर संरक्षक अनिल दुबे, प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, भूतपूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी के के त्रिपाठी, सर्वेश कुमार शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष राजेंद्रदेव दुबे, गोपाल जी मिश्रा, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अंशुल पांडेय, धर्मेंद्र दुबे, युवा जिलाध्यक्ष राज तिवारी, गोपाल मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# अभियानों को लेकर भाजपा ने बनायी रणनीति

## नवनियुक्त पदाधिकारियों को अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया गया सम्मानित

जिला संवाददाता

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन की ओर से सोमवार को औरा चौरी स्थित पार्टी कार्यालय पर अभियानों एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में पार्टी के आगामी अभियानों की तैयारियों, संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तार से रणनीति बनाई गई।

संगठन को मजबूत बनाने का दिया मंत्र

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री अजय कुमार दुबे ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी संतराज यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संगठन कार्यकताओं की मेहनत और समर्पण के बल पर लगातार मजबूत हो रहा है। आने वाले अभियानों को प्रभावी ढंग से सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा के साथ निभानी होगी। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति बूथ स्तर तक सक्रिय कार्यकर्ताओं से बनती है, इसलिए सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं।उन्होंने कहा कि पार्टी की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक संगठन के विचार, केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों को पहुंचाना है।इसके लिए मंडल से लेकर बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मान भी किया गया। जिलाध्यक्ष काली प्रसाद सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।पदाधिकारियों ने भी पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया।



जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने कहा कि भाजपा का संगठन कार्यकर्ता आधारित संगठन है। प्रत्येक पदाधिकारी को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आगामी अभियानों की सफलता के लिए सभी कार्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों की जानकारी जनता तक पहुंचाएं।

जिला महामंत्री एवं बैठक के संचालक अजय कुमार दुबे ने कहा कि अभियानों की सफलता के लिए समयबद्ध तरीके से कार्ययोजना तैयार कर उसे मंडल और बूथ स्तर तक लागू किया जाएगा। उन्होंने पदाधिकारियों से अभियान के दौरान अधिक से अधिक कार्यकताओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, आगामी अभियानों को सफल बनाने तथा कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंपने को लेकर भी चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने अभियान की तैयारियों को लेकर अपने सुझाव रखे। अंत में जिलाध्यक्ष काली प्रसाद ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पार्टी के जिला पदाधिकारी, जिला महामंत्री कृष्णनाथ राय, जितेंद्र सिंह सैंथवार, महिला आयोग की सदस्य ऋतु शाही, जिला उपाध्यक्ष अशोक पांडे, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, नागेशपति त्रिपाठी, अजीत सिंह, जयबहादुर गौतम, योगेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष हरेंद्र जायसवाल, जिला मंत्री गोविंद चौरसिया, डा विनय राय, डा भानु प्रताप सिंह, रामजी सिंह, रंजना भारती, रवि प्रकाश कुशवाहा, रामजोखन निषाद, मारकंडे गिरी, दीपक जायसवाल, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, राहुल कुमार, शिवेश पांडे, रूपम पांडे सहित मंडल पदाधिकारी, एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्यालयों में अधिकारी करेंगे बाल संवाद

देवरिया। बच्चों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों से के प्रति जागरूक करने तथा सरकारी तंत्र और नई पीढ़ी के बीच संवाद को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी, देवरिया ने महत्वपूर्ण पहल की है। उन्होंने जनपद स्तरीय, तहसील एवं ब्लॉक स्तर के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के शासकीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों का नियमित भ्रमण कर विद्यार्थियों के साथ ह्वबाल संवादह्व आयोजित करें मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि विद्यालय भ्रमण केवल निरीक्षण तक सीमित न रहे, बल्कि अधिकारी बच्चों के बीच बैठकर उनसे सीधे संवाद करें, उनकी जिज्ञासाओं को सुनें और उन्हें देश एवं प्रदेश के विकास, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी सरल भाषा में दें। बच्चों को यह भी बताया जाए कि सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों एवं परिवारों तक किस प्रकार पहुंचता है।

बाल संवाद के दौरान अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को बच्चों के अधिकार, कर्तव्य, शिक्षा के महत्व, अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, साइबर सुरक्षा, बाल सुरक्षा तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के विषय में भी जानकारी दी जाएगी। साथ ही बच्चों को अपनी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं अधिकारियों के समक्ष खुलकर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ संवाद का संक्षिप्त वीडियो एवं ऑडियो रिकॉर्ड भी तैयार कराएं, ताकि इस पहल की प्रभावी मॉनीटरिंग की जा सके और अच्छे संवादों को अन्य विद्यालयों में भी साझा किया जा सके।

उन्होंने कहा कि ह्वबच्चों से संवाद केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भावी नागरिकों से सीधे जुड़ने का माध्यम है ह्व अधिकारियों और विद्यार्थियों के बीच नियमित संवाद से बच्चों में शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़ेगा तथा उन्हें अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों की बेहतर समझ विकसित होगी।

यह पहल शिक्षा को केवल कक्षा और पाठ्यपुस्तकों तक सीमित रखने के बजाय बच्चों को जागरूक, जिम्मेदार और संवेदनशील नागरिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 30 अगस्त को होगा सामूहिक विवाह समारोह

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 30 अगस्त , रविवार को राजकीय आईटीआई, देवरिया में सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जाएगा।यह कार्यक्रम आवेदकों की सहमति के आधार पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रत्येक जोड़े के विवाह पर कुल एक लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रावधान है। इसमें 64 हजार रुपये कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किए जाएंगे। वहीं, 21 हजार रुपये कन्या की गृहस्थी के लिए आवश्यक सामग्री तथा 15 हजार रुपये आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं, जिसमें भोजन, टेंट एवं वैवाहिक आयोजन आदि शामिल हैं, पर व्यय किए जाएंगे।

## श्रावण मास के अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

भटनी (देवरिया)। स्थानीय क्षेत्र के प्रमुख शिव मंदिरों में श्रावण मास के अंतिम सोमवार को जलाभिषेक एवं रुद्राभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भोर से शुरू हुआ जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का क्रम पूरे दिन चलता रहा। मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से मंदिर परिसर गूंजते रहे।

जलाभिषेक व रुद्राभिषेक का चलता रहा क्रम : हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजे मंदिर परिसर

ग्राम साहोपार के टोला महदेवा स्थित प्राचीन शिव मंदिर, ग्राम बनकटा तिवारी में छोटी गंडक नदी के तट पर स्थित जंगलीनाथ मंदिर, बलुअफगान, भरहेचौरा, नूरीगंज बाजार तथा चीनी मिल गेट पर स्थित त्रिशक्ति मंदिर के शिल मंदिर सहित क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। इसके अलावा मजूरी, बनकटा शिव सहित अन्य मंदिरों में भी दिनभर भक्तों का आना-जाना लगा रहा।बाबा मणिनाथ ब्रह्म का हुआ महाभिषेकएक अन्य समाचार के अनुसार क्षेत्र के नोनापार स्थित बाबा मणिनाथ ब्रह्म स्थान पर श्रावण मास के अंतिम सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में माथा टेककर अपनी मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। मान्यता है कि सच्चे मन और श्रद्धा के साथ बाबा के दरबार में आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

इस अवसर पर बाबा के स्थान पर रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अभिषेक तिवारी, पंडित गंगेश्वर नाथ तिवारी, सिद्धू तिवारी, अमित तिवारी, गोलू तिवारी, टिंकू तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सीआईबी और आरपीएफ ने की छापेमारी

भटनी(देवरिया)। सी आई बी एवं आर पी एफ भटनी के संयुक्त छामेमारी में सलेमपुर-पिवकोल रेलवे के बीच पार्सल वैन ट्रेन से चुराये गये बुकशुदा पान मसाले के पैकेज के साथ आधा दर्जन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है।आर पी एफ पोस्ट से भटनी से मिली

चोरी की रेल सम्पति के साध आधा दर्जन गिरफ्तार

जानकारी के अनुसार पिछले 20अगस्त को गाडी संख्या-15003के पार्सल वैन के पिछले एस एल आर से बुक किये गये माँल रेल सम्पति की चोरी की प्राथमिकी आर पी एफ पोस्ट भटनी में दर्ज हुई थी । जिसके सम्बन्ध में मुख्य सुरक्षा आयुक्त वाराणसी एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में आर पी एफ एवं सी आई बी द्वारा मामले का पदार्फाश करते हुए रविवार के दिन चोरी कुल माल के साथ एवं चोरी के समान ले जाने वाले वाहन को जप्त करते हुए चालक व चोरी के माल को खरीदने वाले सभी आधा दर्जन अभियुक्तों की गिरफ्तार की ।



जिनकी पहचान राजेश कुमार पुत्र सुरेश पासवान ग्राम विन्द औता थाना महुवा जनपद उत्तर पश्चिम दिल्ली कन्हैया पुत्र रामनिवास म०का०151हैदरपुर झुग्गी बहुजन समाज कैम्पस शालीमार जनपद उत्तर पश्चिम दिल्ली ,संतोष दुबे पुत्र जटाशंकर दुबे ग्राम मझवलिया बाजार थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार ,भीमबाबू पुत्र राम आसरे ग्राम -म०का०संख्या-42हैदरपुर बहुजन समाज कैंप धाना शालीमार उत्तर पश्चिम दिल्ली ,मुन्ना प्रसाद पुत्र आनन्दमोहन तिवारी -वार्ड संख्या-5थाना कटेया जिला गोपालगंज बिहार व सरजू प्रजापति पुत्र राजबन्श प्रजापति ग्राम छडीदाह थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज बिहार के निवासी बताये गये है ।जो चोरी करने चोरी के माल खरीदने, और चोरी के माल को वाहन से ले जाने के आरोप में शामिल रहे है ।

गिरफ्तार करने वाली टीम में रेलवे सुरक्षा बल भटनी के सहायक उपनिरीक्षक उमाशंकर मिश्र ,कप्तान सिंह ,अवनीश कुमार सिंह मुख्य आरक्षी रामसकल अखिलेश कुशवाहा सी टी अनुराग प्रताप सिंह सुनील कुमार एवंतकनीकी सहयोग करने वाली टीम में आर पी एफ पोस्ट भटनी केप्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार राय अपराध आसूचना शाखा छपरा के निरीक्षक संजय मिश्र प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस सेल देवरिया के परवेज उप निरीक्षक एंटी थेप्ट टीम उ पँर पुलिस देवरिया अखिलेश कुमार शामिल रहे ।सभी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस विधिक कार्यवाही करने में जूट गयी है ।

## पति सहित आधा दर्जन परिजनो के खिलाफ महिला ने दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का केस

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के बरगदवा गांव निवासी एक विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के पति समेत कई लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, गाली-गलौज और स्त्रीधन छीनने के आरोप में पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरगदवा निवासी पीड़िता विन्द्रावती पत्नी धर्मेन्द्र गौड़ ने पुलिस को तहरीर देकर उसका विवाह 18 फरवरी 2022 को कुशीनगर जिले के जटहा थाना क्षेत्र के सोनवल गांव निवासी धर्मेन्द्र कुमार पुत्र बलजीत के साथ हुआ था। विवाह के करीब एक वर्ष बाद पति और ससुराल के अन्य लोगों के व्यवहार में बदलाव आने लगा। आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग विवाह में मिले सामान में कमी निकालते हुए दो लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि उसकी सास किशोरी देवी, ससुर बलजीत गौड़, देवर जितेंद्र व वीरेंद्र, पति धर्मेन्द्र कुमार, ननद गीता तथा देवरानी पुनीता द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाने लगा । आरोप है कि 27 अप्रैल 2026 को ससुराल पक्ष के लोगों ने दो लाख रुपये दहेज की मांग करते हुए उसके स्त्रीधन के सामान छीन लिए और मारपीट व गाली-गलौज करते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया। विवाहिता ने घटना के संबंध में उसने 23 अगस्त 2026 को दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है जांच में सामने आए तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पढ़ाई के लिये डांट से क्षुब्ध किशोर ने छोड़ा घर

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वरपुर टोला बनसप्ती निवासी 14 वर्षीय किशोर को घर पर पढ़ाई करने की बात पर मिली डांट से घर छोड़ कर कही चला गया। किशोर के पिता के लिखित तहरीर पर पुलिस गुमसुदगी कायम कर खोजवीन शुरू कर दी है। परमेश्वरपुर टोला बनसप्ती निवासी रमेश निषाद पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरा चौदह वर्षिय बेटा राजन निषाद 21 अगस्त 2026 को दोपहर करीब बारह बजे पढ़ाई करने के लिये डाहने पर नाराज होकर कही चला गया काफी खोजबीन करने के पश्चात कुछ पता नही चला पुलिस तहरीर के आधार पर गुमसुदगी दर्ज कर किशोर की तलास शुरू कर दी है।

# मखाना विकास योजना से जलीय कृषि को मिलेगा विस्तार

*देवरिया 24 अगस्त* प्राकृतिक संसाधनों और जल स्त्रोतों के संरक्षण के साथ किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से मखाना विकास योजना के तहत चयनित 60 किसानों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कृषि ज्ञान केंद्र, देवरिया में शुरू हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता संजय तिवारी, उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य तथा प्रगतिशील किसान वीरेंद्र मौर्य और तारकेश्वर शाही ने किया।

जिला उद्यान अधिकारी संदीप कुमार गुप्ता ने बागवानी विकास मिशन योजना एवं मुख्यमंत्री औद्यानिक विकास योजना के तहत स्ट्रॉबेरी, ड्रैगन फ्रूट, मशरूम उत्पादन, मखाना, सिंघाड़ा सहित विभिन्न जलीय फसलों और अन्य कार्यक्रमों के निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से उद्यान विभाग से जुड़कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

मुख्य अतिथि संजय तिवारी ने किसानों से सहकारिता से जुड़कर सहफसली खेती के रूप में मखाना उत्पादन को अपनाने का आह्वान किया। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने फसल विविधीकरण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे मृदा स्वास्थ्य बेहतर होता है। उन्होंने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी।

सहायक निदेशक मत्स्य रमन चौधरी ने मछली पालन के साथ मखाना, कमल और सिंघाड़ा जैसी जलीय फसलों की खेती की तकनीक के बारे में किसानों को जानकारी दी। कुशीनगर के प्रगतिशील मखाना किसान विवेक सिंह ने मखाना उत्पादन की प्रारंभिक तकनीकों से किसानों को अवगत कराया और उन्हें अपने खेत का भ्रमण करने का आमंत्रण दिया।

प्रशिक्षण के तकनीकी सत्र में बीआरडी पीजी कॉलेज के प्रोफेसर धीरज वर्मा ने मखाना उत्पादन में पोषक तत्व प्रबंधन, विपणन तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात की संभावनाओं पर चर्चा की। कृषि ज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार और वैज्ञानिक डॉ. संतोष चतुर्वेदी ने भूमि चयन, बीज बुवाई, रोग एवं कीट प्रबंधन तथा मखाना उत्पादन की उन्नत तकनीकों की जानकारी दी।

प्रगतिशील किसानों तारकेश्वर शाही और वीरेंद्र मौर्य ने जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा वैश्विक बाजार को ध्यान में रखते हुए मखाना का गुणवत्तापूर्ण उत्पादन करने की सलाह दी। प्रगतिशील मत्स्य उत्पादक संकर्षण शाही ने मत्स्य पालन के साथ मखाना एवं अन्य जलीय फसलों की खेती को आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया।

अपर जिला कृषि अधिकारी अंबरीश मिश्रा एवं इफको प्रतिनिधि अभिषेक शुक्ला ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से उनका लाभ उठाने की अपील की।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद में तालाबों को जलीय फसलों से जोड़ने तथा मत्स्य पालन के साथ मखाना उत्पादन का क्षेत्र विस्तार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।


उन्होंने किसानों से परंपरागत खेती में विविधीकरण अपनाने की अपील करते हुए कहा कि प्रतिकूल मौसम में पॉलीहाउस के माध्यम से शिमला मिर्च, खीरा और टमाटर जैसी अधिक आय देने वाली फसलों का उत्पादन किया जा सकता है।

योजना प्रभारी रणजीत यादव ने बताया कि प्रशिक्षण के अगले दिन किसानों को कुशीनगर जनपद के विभिन्न गांवों में मखाना उत्पादन इकाइयों का भ्रमण कराया जाएगा। इससे किसान ह्वदेखो और सीखोह्व के आधार पर व्यावहारिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

कार्यक्रम में उद्यान निरीक्षक पत्रिका सिंह, विकासखंड प्रभारी गिरिजा यादव, रवि गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद, विनोद सिंह, प्रगतिशील किसान गंगा सिंह कुशवाहा, रामेश्वर यादव, ईश्वर चंद्र निषाद सहित प्रशिक्षण में शामिल किसान उपस्थित रहे।

# करराटे प्रतियोगिता में उन्नाव की प्रतिभाओं ने अच्छा प्रदर्शन किया

नवाबगंज, उन्नाव। तीसरी नेषनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंकित कराटे अकेडमी जिले के नवाबगंज ब्लाक से आठ खिलाड़ियों ने भाग लिया। सभी ने षानदार प्रदर्षन किया। विभिन्न आयु और भार वर्गों में नवाबगंज के वार्ड दस गांधीनगर के प्रियांषु पुत्र अजीत कुमार ने गोल्ड मैडल जीता और लक्ष्मी प्रजापति पुत्री दुर्गा प्रसाद निवासी कुंजपुर ने सिल्वर मैडल जीता और वेदांष मिश्रा पुत्र मनीश मिश्रा निवासी दुगागंज नवाबगंज ने सिल्वर मैडल जीता और नंदनी पुत्री राकेष कुमार निवासी कुंजपुर ने बाउंस मेडल जीता।




प्रियंका सिंह निवासी नवाबगंज, ने बाउंस मेडल जीता व नैन्सी देवी पुत्री कुलदीप कुमार निवासी नवाबगंज ने बाउंस मेडल जीता व सेजल पुत्री श्रवण कुमार निवासी लखनापुर ने बाउंस मेडल जीता व आरोही सिंह निवासी जनसार ने बाउंस मेडल जीता। इन पांच बच्चों ने ब्राउंस मैडल जीता। सभी ने अपने माता पिता अपने गुरु अंकित कुमार, कोच व जज व अपने गांव जनपद का नाम रोशन किया। सभी बच्चों को कराटे एसोसिएशन आफ उन्नाव के प्रेसिडेंट रवि चौरसिया, सेक्रेटरी क्रीड़ा प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह, नगर पंचायत नवाबगंज अध्यक्ष दिलीप लश्करी, श्याम बाबू कोच, रवि प्रताप सिंह ब्लाक प्रमुख प्र0, उत्तर प्रदेश कराटे जनरल सेक्रेटरी जसपाल सिंह, राजेंद्र, मन्नालाल सभासद दुगागंज, आशीष, सुधीर, सभी ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दिया।

## सावन के अंतिम सोमवार पर बनाये गये 11000 पार्थिव शिवलिंग

इटावा। सावन के चतुर्थ सोमवार पर यमुना नदी के किनारे ग्यारह रुद्रेश्वर मंदिर पर ग्यारह हजार पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर पूजा-अर्चना की गयी। वहीं सांयकाल श्रद्धालुओं ने मंदिर के गर्भ गृह में बाबा बफार्नी के साक्षात दर्शन भी किये। सुबह से रात तक मंदिर और यमुना तट बम बम भोले के जयघोष से गुंजायमान रहा।मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। सावन के अंतिम सोमवार पर प्राचीन ग्यारह रुद्रेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह से शाम तक धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। युवाओं की टीम ने इस बार 11 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण का संकल्प लिया था। सुबह 7 बजे से पार्थिव शिवलिंग का निर्माण श्रद्धालुओं ने शुरू कर दिया था शिवलिंग निर्माण का सिलसिला दोपहर तक चला। पूजन अर्चन और अभिषेक के बाद विधि विधान के साथ सभी शिवलिंग का पावन यमुना नदी में विसर्जन किया गया। देर शाम श्रद्धालुओं को बाबा बफार्नी के दर्शन कराए गए। ग्यारह रुद्रेश्वर महादेव का भी विशेष श्रृंगार किया गया था बफार्नी बाबा के दर्शनों के लिए भक्तों को गुफा से होकर गुजरना पड़ा। रात 8 बजे हुई महा आरती में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंदिर पर पहली बार पार्थिव शिवलिंग निर्माण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसे लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। यहां आने वाले भक्तों ने बाबा ग्यारह रुद्रेश्वर महादेव के साथ मां पीतांबरा और अन्य देवी देवताओं की भी पूजा अर्चना की।

# कांग्रेसियों ने राष्ट्रगान के अपमान पर ज्ञापन दिया

देवरिया। सोमवार को टाउन हॉल स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसजन एकत्र हुए। जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने उन्नाव में राष्ट्रगान के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष के कथित रूप से कार्यक्रम स्थल से चले जाने के प्रकरण को लेकर प्रदर्शन और नारेबाजी की।



कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी के झंडे के साथ टाउन हॉल से सुभाष चौक, सिविल लाइंस एवं कोतवाली रोड होते हुए थाना कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर देवरिया एवं कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र सौंप कर शिकायत दर्ज कराई गई।

जिलाध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन' ने कहा कि उन्नाव में आयोजित एक कार्यक्रम से संबंधित उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री सतीश महाना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें राष्ट्रगान के दौरान उनके मंच से नीचे उतरकर कार्यक्रम स्थल से जाने का दृश्य कथित रूप से दिखाई दे रहा है। इस घटनाक्रम को लेकर राष्ट्रगान के सम्मान एवं संवैधानिक पद की गरिमा से जुड़े गंभीर प्रश्न उठे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी ने वायरल वीडियो तथा घटनास्थल के उपलब्ध सीसीटीवी एवं अन्य वीडियो फुटेज की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। साथ ही कार्यक्रम के आयोजकों, प्रत्यक्षदर्शियों और संबंधित अधिकारियों के बयान दर्ज कर राष्ट्रगान के दौरान वास्तव में क्या घटनाक्रम हुआ, इसकी निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की गई है।जिलाध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मत है कि राष्ट्रगान किसी राजनीतिक दल की संपत्ति नहीं, बल्कि पूरे देश के सम्मान और गौरव का प्रतीक है। इसलिए इस प्रकरण में निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए।प्रदर्शन में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, जयदीप त्रिपाठी, सुभाष राय, अरविंद सिंह, मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी,ऋषिकेश मिश्रा, भरथ मणि, संजीव कुमार मिश्रा,सत्य प्रताप मिश्र अंशु ,रत्नेश मल्ल पिंटू, आनंद श्रीवास्तव सोनू,मिर्जा खुर्शीद , निर्मल वर्मा ,जुलेखा खातून, आलोक तिवारी,विनोद दुबे , जयप्रकाश पाल,रजनीश प्रसाद ,पन्नालाल पाठक , राशीद अंसारी, सुहेल खान, राजू खान,राजकुमार यादव ,शमशाद अली, शिव शंकर सिंह सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री की समर्पित पहल से कुपोषित बच्चा हुआ स्वस्थ

देवरिया । रामपुर कारखाना विकासखंड के मदरापाली खास आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री राजकुमारी यादव ने अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए एक कुपोषित बच्चे को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल को लेकर उनकी निरंतर सक्रियता क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायी बनी है।

राजकुमारी यादव बताती हैं कि गृह भ्रमण के दौरान उन्हें आफताब नाम का एक बच्चा मिला, जो काफी कमजोर था। बच्चे की स्थिति को देखते हुए उन्होंने तत्काल एएनएम को जानकारी दी। जांच के बाद बच्चे का एनआरसी में पंजीकरण कराया गया और उसे नियमित निगरानी में रखा गया। उन्होंने बच्चे की मां को पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए खान-पान में सुधार के लिए प्रेरित किया पोषण सप्ताह के दौरान राजकुमारी ने परिवार को बताया कि घर में उपलब्ध सामान्य खाद्य पदार्थों से भी बच्चे के पोषण में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने दलिया, खिचड़ी, दाल, अंडा, दूध, मौसमी फल, हरी पत्तेदार सब्जियां, गुड़-चना और मूंगफली आदि पौष्टिक खाद्य पदार्थ नियमित रूप से देने की सलाह दी। बच्चे की मां ने भी आंगनबाड़ी कार्यकत्री के सुझावों को गंभीरता से अपनाया। लगातार निगरानी और संतुलित आहार के परिणामस्वरूप धीरे-धीरे बच्चे के स्वास्थ्य में सुधार होने लगा। राजकुमारी यादव नियमित रूप से बच्चे के घर जाकर उसका वजन करती रहीं और उसके स्वास्थ्य की निगरानी करती रहीं।

कुछ समय बाद बच्चे की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ और वह सामान्य श्रेणी में आ गया। अब आफताब स्वस्थ होकर आंगनबाड़ी केंद्र पर नियमित आता है तथा पढ़ाई और खेलकूद की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेता है राजकुमारी यादव कहती हैं कि आफताब को स्वस्थ और सक्रिय देखकर उन्हें बेहद खुशी होती है। उनके अनुसार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री की जिम्मेदारी केवल केंद्र तक सीमित नहीं है, बल्कि घर-घर पहुंचकर बच्चों और महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आफताब के स्वास्थ्य में सुधार के साथ गांव की अन्य माताओं में भी जागरूकता बढ़ी है। अब महिलाएं बच्चों के टीकाकरण, पौष्टिक आहार और नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान दे रही हैं। राजकुमारी यादव ग्रामीण महिलाओं को घर के आसपास तुलसी, सहजन, मेथी जैसी उपयोगी पौध लगाने तथा पोषण के लिए स्थानीय खाद्य पदार्थों का उपयोग करने के लिए भी प्रेरित करती हैं। राजकुमारी यादव का कहना है कि यदि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां इसी लगन, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें तो कुपोषण के खिलाफ प्रभावी परिणाम हासिल किए जा सकते हैं।

## एक के बाद एक सड़क हादसे, पांच लोग घायल

जसवंतनगर, इटावा। मॉडल तहसील कट पर लगातार हो रहे हादसों का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक बच्चे समेत पांच लोग घायल हो गए। पहली घटना में तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल सवार वन विभाग के बाबू को टक्कर मार दी, जबकि दूसरी घटना में दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक घायल हो गए। पहली घटना मॉडल तहसील कट के पास सोमवार शाम नगला नरिया निवासी 28 वर्षीय पिंटू पुत्र हरिराम बाइक से नगला नरिया से सुल्तानपुर जा रहे थे। बाइक पर उनके साढ़ू का 13 वर्षीय पुत्र सूरज पुत्र सतीश कुमार समेत एक अन्य व्यक्ति भी सवार था। तहसील के आगे बाइक की साइकिल सवार वन विभाग के बाबू से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बाइक पर सवार तीसरा व्यक्ति मौके से भाग गया ।बताया गया कि जसवंतनगर वन विभाग में बाबू के पद पर तैनात 56 वर्षीय रामशंकर पुत्र गंगा सिंह ड्यूटी समाप्त कर साइकिल से अपने गांव राजा का बाग लौट रहे थे। तहसील कट के पास उनकी साइकिल असंतुलित हो गई। इसी दौरान पीछे से आई बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी ।हादसे में बाइक सवार पिंटू और वन विभाग के बाबू रामशंकर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल पिंटू को सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जबकि रामशंकर का उपचार जारी है। घायल बालक सूरज की स्थिति के संबंध में तत्काल स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी।

# अवसरों की कमी

युवाओं का आंदोलन जिस तरह देश के विभिन्न हिस्सों में सामने आया है, उसका एक बड़ा कारण अवसरों की कमी भी है। परीक्षा प्रश्न पत्रों में अनियमितताओं को लेकर दिल्ली और झारखंड में विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शनों से भारत की सार्वजनिक परीक्षा प्रणाली की खामियां उजागर हुई हैं। केंद्रीय या राज्य स्तरीय परीक्षा देने वाले छात्रों और नौकरी के इच्छुक लोगों की ओर से जवाबदेही की बढ़ती मांग कई संस्थागत विफलताओं को दर्शाती है। झारखंड सरकार द्वारा 2014 से अब तक 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने के फैसले से यह बात स्पष्ट हो गई है। रद्द की गई परीक्षाओं में राज्य सिविल सेवा, सिविल न्यायाधीश, ड्रग इंस्पेक्टर, वन अधिकारी आदि पदों की परीक्षाएं शामिल हैं। स्थानीय राजनीतिक दल झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेतृत्व में 26 दिन तक विरोध प्रदर्शन चला और पुलिस द्वारा लाठीचार्ज, आंसू गैस और डरा-धमकाकर की गई गिरफ्तारियों से कोई समाधान नहीं निकला। उसके बाद परीक्षाएं रद्द करने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार ने यह कठोर निर्णय दबाव में लिया जिसके परिणाम नये सिरे से




विरोध प्रदर्शनों में देखे जा सकते हैं। इस बार उन उम्मीदवारों ने प्रदर्शन किए जो इन रद्द की गई परीक्षाओं में उत्तीर्ण हुए थे और अब राज्य प्रशासन में कार्यरत हैं। उन्हें नौकरी जाने का डर है क्योंकि जिन परीक्षाओं में वे शामिल हुए थे, उन्हें अमान्य घोषित कर दिया गया है और सरकार ने अभी तक उनकी स्थिति स्पष्ट नहीं की है। हालांकि झारखंड उच्च न्यायालय ने गुरुवार को राज्य की 11वीं से 13वीं संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा को रद्द करने पर रोक लगा दी। पिछले दिनों कॉकरोच जनता पार्टी नामक दबाव समूह द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर किए गए विरोध प्रदर्शनों से प्रेरणा लेकर ये प्रदर्शन किए गए। प्रदर्शनकारियों ने भर्ती परीक्षाओं, विशेष रूप से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया। जेएसएससी-सीजीएल सहित अन्य परीक्षाओं का संचालन करने वाली टीडीपीएल एजेंसी सुर्खियों में है। वर्ष 2010 में स्थापित इस कम जानी पहचानी एजेंसी की नियुक्ति पर सवाल उठ रहे हैं क्योंकि इसके संस्थापकों पर उत्तर प्रदेश में अनियमितताओं और भाई-भतीजावाद के आरोप लगे हैं। विरोध प्रदर्शनों के प्रबंधन में विफल रहने के बाद, झारखंड सरकार समाधान खोजने में लगी है। उसने झारखंड उच्च न्यायालय से परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करने वालों पर त्वरित सुनवाई के लिए एक त्वरित अदालत गठित करने का आग्रह किया है, परीक्षा सुधारों के लिए सुझाव देने हेतु एक आंतरिक निगरानी प्रकोष्ठ का प्रस्ताव रखा है और कई जांच के आदेश दिए हैं। ये कदम भले ही जल्दबाजी में की गई सुधार की कार्रवाई का संकेत देते हों, लेकिन इस समस्या के व्यावहारिक समाधानों की कोई कमी नहीं है। यह समस्या वर्षों से भारत में व्याप्त है। हालांकि नंदन निलेकणी के नेतृत्व में गठित उच्चस्तरीय कार्यबल इसे दुरुस्त करने के लिए उपयोगी सुझाव अवश्य देगा। सार्वजनिक निगरानी से कुछ समय के लिए परीक्षाओं के संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित होने की संभावना है, फिर भी एक बुनियादी ढांचागत कमजोरी बनी हुई है जो अनियमितताओं को बढ़ावा देती रहेगी, वह है अच्छे विश्वविद्यालय में सीटों और सुरक्षित नौकरियों की कमी। अवसरों की कमी परीक्षा लीक जैसी समस्याएं पैदा करती हैं। इसलिए नौकरियां और सीटें बढ़ाने की भी जरूरत है।

### विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंतःकरण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।

-स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।

-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।

-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।

-एडीसन.

# नाकामी का ठीकरा दूसरों पर फोड़ रहे ट्रंप


नौशाबा परवीन

सेव अमेरिका एक्ट को मद्देनजर रखते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भारत की मतदान प्रक्रिया से प्रभावित अवश्य नजर आते हैं, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि वह भारत के विरुद्ध टैरिफ में अतिरिक्त वृद्धि करने जा रहे हैं, जिसका नई दिल्ली व वाशिंगटन के बीच जो व्यापार समझौता संभावित है उस पर भी गहरा असर पड़ सकता है। अमेरिका ने भारत पर आरोप लगाया है कि वह उन प्रथाओं का उल्लंघन कर रहा है जिन्हें वाशिंगटन फेयर ट्रेड प्रैक्टिस (निष्पक्ष व्यापार) समझता है। वाइट हाउस ने 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उसने भारत सहित 40 देशों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीन की मदद करने का आरोप लगाया है। पहले यह समझ लेते हैं कि 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' आखिर है क्या ताकि इन आरोपों का भारत के लिए अर्थ मालूम हो सके और यह भी कि क्या इनसे भारत की विकास कथा पर कोई असर पड़ेगा? पिछले लगभग तीन दशकों से अमेरिका व चीन की अर्थव्यवस्थाएं गहराई से गुंथ गई हैं। अमेरिका चीन के निर्माण हब पर बहुत अधिक निर्भर हो गया है। चीन बाजार व निवेश के लिए अमेरिका पर निर्भर है। यह इनके आर्थिक संबंध का सरल मूल्यांकन है, लेकिन वर्तमान संदर्भ में यह सबसे अधिक प्रासंगिक भी है। इस संबंध का नतीजा यह हुआ है कि चीन के साथ अमेरिका विशाल व्यापार घाटे में है। इसका अर्थ यह हुआ कि अमेरिका चीन से आयात तो अधिक कर रहा है, लेकिन चीन को निर्यात बहुत कम कर रहा है। ट्रम्प लम्बे समय से इस विशाल व्यापार घाटे पर चिंता व्यक्त करते आ रहे हैं। ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिका के व्यापार पार्टनर्स पर जो भारी भरकम टैरिफ लगाने पर बल दिया उसकी मूल वजह यही व्यापार घाटा था, जिसे वह कम करना चाहते हैं।

**वाइट हाउस ने 'द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैम' नामक एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिसमें उसने भारत सहित 40 देशों पर अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीन की मदद करने का आरोप लगाया है।**

चीन को अधिक टैरिफ का सामना ट्रम्प के पहले कार्यकाल से ही करना पड़ गया था। अमेरिका ने साल 2018 में चीनी गुड्स जैसे इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर्स, मेडिकल उत्पाद आदि पर अनुचित व्यापार व टेक प्रथाओं से संबंधित 1974 के ट्रेड एक्ट के सेक्शन 301 के तहत 7.5 प्रतिशत से लेकर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ थोपा था। वाइट हाउस के अनुसार, इसके कारण वर्ष 2019 व 2020 में



चीन के साथ अमेरिका के व्यापार घाटे में कमी आयी। फिर 24 जुलाई 2026 को अमेरिका ने इस टैरिफ में अतिरिक्त 12.5 प्रतिशत जोड़ा कि जबरन-श्रम अनुपालन में अंतर था और विस्तृत वैध आयात प्रतिबंधों का अभाव थो वाइट हाउस की रिपोर्ट के अनुसार 2018 के बाद से चीनी निर्यातक निरंतरता से अपनी गुड्स तीसरे देशों के माध्यम से अमेरिका भेज रहे हैं ताकि टैरिफ से बचा जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है, 'जो उत्पाद पहले चीन से सीधे अमेरिका भेजे जाते थे, उन्हें तीसरे देशों के जरिये भेजा जाने लगा, जहां सीमित रूप से उन्हें जोड़ा, फिनिश, पुनः पैक, पुनः लेबल या डॉक्यूमेंटेशन परिवर्तन किया जाता ताकि ऐसा लगे जैसे वह अलग देश के उत्पाद हैं।'

### सामयिक

तीसरे देशों के रूप में वाइट हाउस ने 40 से अधिक मुल्कों की पहचान की है, जिनमें भारत को टॉप पर रखा गया है। टैरिफ बचाने में चीन की 'मदद' करने के लिए और 'अत्यधिक अवैध ट्रांसशिपमेंट का खतरा' मोल लेने हेतु जिन अन्य देशों या क्षेत्रों को चीन के टॉप 'मददगारों' की श्रेणी में रखा गया है वह हैं मैक्सिको, कनाडा, यूरोपीय संघ, जापान व दक्षिण कोरिया। अमेरिका ने आरोप लगाया है कि यह देश/क्षेत्र चीनी गुड्स को आयात करते हैं, उनमें मामूली सी रद्दोबदल करते हैं और उनका अमेरिका को निर्यात कर देते हैं कम टैरिफ पर अगर ये गुड्स सीधे चीन से अमेरिका आते तो इनपर अधिक टैरिफ लगता। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी वजह से अमेरिकी सरकार को जबरदस्त राजस्व नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'द ऑफिस ऑफ ट्रेड एंड इकनोमिक एनालिसिस का अनुमान है कि वर्ष 2025 में लगभग 67 बिलियन डॉलर की चीनी गुड्स मैक्सिको, भारत व वियतनाम से होते हुए अमेरिका आयीं, जिससे वाशिंगटन को टैरिफ राजस्व में तकरीबन 28 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है'। रिपोर्ट में पुणे-गुजरात-चेन्नै उत्पादन बेल्ट की मिसाल दी गई है कि यह क्षेत्र चीन से पंप व कंप्रेसर 'हजम' कर लेता है, जिससे अमेरिका में सिनसिनाटी, डेटन व कोलंबस की औद्योगिक सप्लाई चेन प्रभावित होती हैं। मोटे तौरपर देखा जाये तो रिपोर्ट से यह निष्कर्ष निकल रहा है कि अमेरिका की टैरिफ नीति अमेरिका के आयात को कम करने व घरेलू उत्पादन में इजाफा करने में नाकाम रही है। हालांकि चीन से अमेरिकी आयात जो 2017 में 525.8 बिलियन डॉलर था वह 2025 में कम होकर 327.5 बिलियन डॉलर रह गया, लेकिन सभी देशों से अमेरिकी आयात में जबरदस्त उछाल आया और वह इस अवधि में 2.41 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर 3.50 ट्रिलियन डॉलर हो गया। संक्षेप में यह कि अमेरिका अधिकतर चीनी गुड्स को अन्य देशों से आयात करता रहा बजाय उनका उत्पादन अपने ही घर में करने के। कहने का अर्थ यह है कि ट्रम्प के टैरिफ ने आयात के स्त्रोत को तो बदल दिया, लेकिन आयतित गुड्स पर अमेरिका की कुल निर्भरता कम न हो सकी। कमी तो स्वयं अमेरिका की है, लेकिन वह दूसरों विशेषकर भारत की व्यापार नीतियों में गलतियां निकाल रहा है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रम्प ने लक्जरी मोटरसाइकिलों पर भारतीय टैरिफ की आलोचना की थी, जिसके बाद भारत ने उसे कम कर दिया। पिछले साल ट्रम्प ने भारत पर आरोप लगाया कि रुसी तेल आयात करके वह यूक्रेन पर रूस के युद्ध को फाइनेंस कर रहा है। ट्रम्प ने भारत पर बतौर जुर्माना 50 प्रतिशत टैरिफ थोप दिया था। हाल ही में अमेरिकी सीनेट ने ट्रम्प के समर्थन से एक विधेयक पारित किया जिसमें रुसी तेल आयात करने पर भारत पर 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लग सकता है। यह विधेयक अभी हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव में पास होना शेष है। इसके अतिरिक्त अमेरिका ने बतौर जुर्माना भारत पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया हुआ है कि वह जबरन श्रम को खत्म करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं कर रहा है। एक अन्य जांच अतिरिक्त क्षमता (एक्स्स कैपेसिटी) को लेकर भी चल रही है, जिससे टैरिफ में और वृद्धि होने की आशंका है। अब जो यह नवीनतम आरोप लगे हैं कि भारत चीन को टैरिफ से बचने में मदद कर रहा है, उनमें फिलहाल जुर्माने की कोई बात नहीं है, लेकिन संभावनाएं प्रबल हैं। ट्रम्प तय कर सकते हैं कि इस संदर्भ में जो देश चीन की मदद कर रहे हैं उनपर अतिरिक्त टैरिफ लगाया जा सकता है।

भारत पर जुर्माने के रूप में अतिरिक्त टैरिफ उसकी विकास कथा को प्रभावित कर सकता है। पिछले कुछ वर्षों से भारत चीन की फिनिश्ड गुड्स आयात करने की बजाये कच्चा माल व इंटरमीडिएट गुड्स आयात कर रहा है, उनका इस्तेमाल देश में फिनिश्ड गुड्स तैयार करने के लिए कर रहा है और फिर उनका निर्यात कर रहा है। मसलन, 2015-16 के पहले क्वार्टर में चीन से भारत ने जो कुल आयात किया उसमें 3.3 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक कंपोनेंट्स थे, जो 2026-27 के पहले क्वार्टर में बढ़कर 13 प्रतिशत हो गये। इसी अवधि में फिनिश्ड गुड्स का आयात कम हुआ है, मसलन टेलिकॉम इंस्ट्रूमेंट्स 18 प्रतिशत से 11 प्रतिशत पर आये। दूसरे शब्दों में 'मेक इन इंडिया, फॉर द वर्ल्ड' कहानी आज भी बहुत अधिक चीन से आयात पर निर्भर है। अगर भारत को यह आयात कम करने पर मजबूर किया गया तो उसका निर्माण खर्च बढ़ जायेगा जिससे अंतर्राष्ट्रीय बाजार में मुकाबला करना कठिन हो सकता है।

### सोशल मीडिया

स्कूल खोजो एक लाख पाओ, नगर शिक्षा अधिकारी जौनपुर का 25 मई 2026 का पत्र ध्यान से पढिये, उन्होंने लिखा 'कुछ विद्यालयों का अस्तित्व ही खत्म हो चुका है'। संजय सिंह.



अपने संकल्प और सद्प्रयासों से युवाओं के द्वारा उप्र के बस्ती जिले के 'लजघटा' से गुजरने वाली नदी को स्वच्छ बनाने का प्रयास सराहनीय और स्वागत योग्य है। अखिलेश यादव



विरासत हमारी पहचान है। संस्कृति हमारी आत्मा है, कार्य संस्कृति हमारी शक्ति है और विकास हमारा संकल्प है। जापान का सहयोग हमारी इस गति को और तेज करेगा। सीएम योगी.



# माया का बंधन

### अंतर्दृष्टि

आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# साहित्यिक वृत्ति की आस में

### व्यंग्यलोक

आदरणीय, परमादरणीय सरकार जी! आज भी मेरा कद उतना ही है, वही अंगूठा भर। वैसे मेरा कद बढ़ता भी कैसे? मेरे लेखन से मेरा कद दो इंच बढ़ता है तो दूसरे मठ के मेरा कद चार इंच काट जाते हैं। सरकार जी! साहित्य लेखन से उपकृत संपृक्त हो बहुत जी लिया। अब मैं पुरस्कृत हो जीना चाहता हूं। मैं जानता हूं कि जिस पर मां सरस्वती का वरद हस्त होता है वह लेखन से उपकृत संपृक्त होता है और जिस पर सरकार जी का वरद हस्त होता है वह बिन लिखे ही पुरस्कृत होता है। सरकार जी! जैसे कि आपने साहित्यिक वृत्ति योजना में यह भी शर्त रखी है कि उस साहित्यकार को ही साहित्यकार वृत्ति योजना का लाभार्थी माना जाएगा जो साहित्यकार बीपीएल श्रेणी में होगा। तो सर जी! इस शर्त बाबत आपसे सादर निवेदन है कि मैं पूरी तरह से बीपीएल श्रेणी का ही साहित्यकार हूं। आप तो सरकार जी जानते ही हैं कि आज की तारीख में लेखन से कमाई ही क्या होती है? इसका जिंदा प्रमाण मेरे पास साहित्य से होने वाली वार्षिक आय का अपने क्षेत्र के प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट द्वारा जारी प्रमाण पत्र भी है। मत पूछो मैंने किस किस की मिन्नतें किस किस से मन्नतें कर यह असली प्रमाणपत्र बनवाया है। जो कभी किसी रोज कहीं से गलती से किसी महीने किसी रचना का पारिश्रमिक आ जाता है तो उस दिन पानी के दीए जला दीवाली मना लेता हूं। सरकार जी! बीसियों शारीरिक और मानसिक रोगों ने मुझे चारों ओर से बुरी तरह घेर रखा है। मेरी मानसिक बीमारी का अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि मुझे अपने से बड़ा साहित्यकार आज की डेट में पूरे ब्रह्मांड में कोई नहीं दिखता। कई बार तो मुझे जब मानसिक साहित्यिक बीमारी का दौरा पड़ता है तब मैं अपने सामने सूर, तुलसी, शेक्सपियर, आल्बेयर कामू, गोर्की को भी बहुत बौना पाता हूं। तब वे सब बेबस मुझे अपनी हीनता को दबाए टुकुर टुकुर निहारते हैं बस! अतः मैं साहित्यिक वृत्ति का सुपात्र आपके द्वारा अखबारों में प्रकाशित साहित्यकार वृत्ति का निर्धारित प्रपत्र को गौर से पूरी तरह भरकर आवश्यक दस्तावेजों सहित आपकी मेल आईडी पर आपको मेल कर ही रहा हूं, साथ ही साथ हार्ड कापी भरे प्रपत्र की प्रति पंजीकृत पत्र से आपकी सेवा में भेज रहा हूं। आपसे इल्तिजा है कि आप मेरे आवेदन पर ईमानदारी से गौर फरमाएं। **सरकार जी से साहित्यिक वृत्ति की आस में,** अनुग्रह से पूर्व धन्यवाद सहित, एक बीपीएली, शारीरिक और मानसिक अक्षम साहित्यिक बगुला।


अशोक गौतम

# नयी खोज से खुलेंगे आकाश गंगा के रहस्य


विज्ञान

आसमान में शक्ति और शिव का मिलना खगोल विज्ञान के क्षेत्र में निःसंदेह एक क्रांतिकारी घटना है। तारों के समूह के इस अतिप्राचीन श्रृंखला का हिंदू देवी-देवता के नाम पर शिव और शक्ति नामित करने के भी गहरे निहितार्थ हैं। हिंदू वांग्मय में शिव और शक्ति के मिलन से ब्रह्मांड की उत्पत्ति का विवरण मिलता है। सृजन और ब्रह्मांड के गठन का प्रतीक यह नामकरण आकाशगंगा की लौकिक कथा में भारतीय दर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाता है। सितारों के दो नए समूह शृंखला शिव और शक्ति के मिलने के बाद अब हम अपनी आकाशगंगा और बह्मांड के कई गूढ़ रहस्यों को जान सकेंगें। ये तारा समूह आकाशगंगा की प्राचीन वंशावली का मानचित्रण करते हैं। नये भारत में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान या लाइफ साइंसेज जितना लोकप्रिय विषय नहीं रहा। माना जाता है कि यह आम जीवन को सीधे सीधे प्रभवित नहीं करता। इसलिए इस क्षेत्र की बड़ी से बड़ी खोजों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती और बहुधा नक्षत्र या ज्योतिष विज्ञान तक पहुंचकर ऐसी चर्चाओं की इतिश्री हो जाती है।

आमधारणा है कि जीवन संभावना से रहित किसी ग्रह, नये सितारे, उसके व्यवहार, क्रिया कलापों की खोज अथवा फिर उनके नामकरण से हमें आखिर क्या हासिल होने वाला है? आकाशगंगा के शोध अध्ययन से जो भी निकलेगा वह मात्र खगोल संबंधी, वायवीय और सैद्धांतिक होगा, व्यवहारिक नहीं। पर ऐसा नहीं है। इस संदर्भ में मात्र इतना ही कहना पर्याप्त है कि आकाशगंगाएं तारों की एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जिन सामग्री या तत्वों का पुनर्चक्रण करती हैं, उनके और इस पुनर्चक्रण की क्रिया के बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। आकाशगंगाएं हमारा आकाशीय घर हैं, हमारी उत्पत्ति और उद्भव की मूल हैं। हमें अपनी जड़ों को जहां तक हो, जानना चाहिए। आकाशगंगाओं के अध्ययन से हम ब्रह्मांड की प्रकृति के अलावा यह भी जान पाते हैं कि ब्रह्मांड में पदार्थ बड़े पैमाने पर कैसे व्यवस्थित रहता है? आकाश गंगाओं का इतिहास हमें बताएगा कि वर्तमान आकाशगंगा और उसका संगठन पुरानी आकाश गंगा से क्यों और कैसे भिन्न है? आकाशगंगा में स्थित तारों की आबादी की घटत-बढ़त का पता लगाने से तारों के विलय, जन्मने या मर जाने का पता चलता है। 100 अरब आकाशगंगाओं वाली इस अंतरिक्ष प्रणाली में गुरुत्वाकर्षण से बंधे अरबों तारे, तारकीय अवशेष, धूल, अंततारकीय गैस और ब्लैक मैटर मौजूद हैं। पृथ्वी के आकार के कम से कम 17 अरब क्षुद्र ग्रह आकाशगंगा में रहते हैं और हम अपनी आकाशगंगा की विकास प्रक्रिया को जानने के बाद इसे दूसरी आकाश गंगाओं पर लागू करके देख सकते हैं कि यह प्रक्रिया उन पर कैसे काम करती है। इन संदर्भों में देखें तो जर्मनी के मैक्स प्लांक इंस्टिट्यूट में खगोलविद ख्याति मल्हान द्वारा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया टेलीस्कोप से पुरानी सितारों की दो श्रृंखलाओं शिव और शक्ति की खोज का महत्व समझ में आता है।

'एस्ट्रोफिजिकल' नामक पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र बताता है कि हमारे सूर्य से एक-एक करोड़ गुना ज्यादा भार वाली ये दोनों शिव और शक्ति श्रृंखलाएं 12 से 13 अरब साल पुरानी हैं। बिग-बैंग से आकाशगंगाओं का निर्माण भी 13.8 अरब पहले आरंभ हुआ था, इस लिहाज से ये तकरीबन नई आकाशगंगा के निर्माण की समकालीन हुईं। ऐसे में हमारी आकाशगंगा कैसे बनी यह रहस्य जाना जा सकेगा? आकाशगंगा के केंद्र से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित शिव और शक्ति दो धाराएं हैं। शिव केंद्र के पास है, जबकि शक्ति समूह दूर। माना जाता है कि बड़ी आकाश गंगा का निर्माण छोटी आकाशगंगाओं के टकराने से होता है। टक्कर में तारे नहीं टकराते बल्कि तारों का समूह मिलता है और छोटी आकाशगंगा का बड़ी में विलय हो जाता है। ज्यादातर सितारे विलय के बावजूद मूल आकाशगंगा की कोणीय गति और दिशा से जुड़े बुनियादी गुण बनाए रखते हैं, सितारों की स्थिति, दूरियां और गति का आंकलन करने से पता चला कि शिव और शक्ति दो अलग-अलग आकाशगंगाओं के अवशेष हैं, जिन्होंने मिलकर संभवतः हमारी पृथ्वी की आकाशगंगा मंदाकिनी के निर्माण में महती भूमिका निभाई। शोधकताओं ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया दूरबीन से उपलब्ध कराए गए डाटा और यूएस स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे के आंकड़ों का मिलान करने पर पाया कि शिव और शक्ति के तारों की कोणीय गति आकाशगंगा के केंद्र में स्थित तारों की तुलना में अधिक है। नए तारों में धात्विक तत्व अधिक होते हैं, जबकि इनमें बहुत कम था सो जाहिर है इनका निर्माण बहुत समय पहले हुआ होगा। **संजय श्रीवास्तव.**

## आप की बात

### जनसंख्या का बोझ

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं।

ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए कभी भी जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, जो चिंता का विषय है।

**प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.**

### भविष्य की ऊर्जा

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है।

**राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## रास्ते के विवाद में पिता-पुत्र समेत तीन पर फरसा से हमला

**बांदा।** रास्ते से निकलने को लेकर हुए विवाद में पारिवारिक लोगों ने पिता-पुत्र समेत तीन लोगों पर लाठी और फरसा से हमला कर दिया। हमले में तीनों घायल हो गए। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह मामला शांत कराया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है शहर कोतवाली क्षेत्र के बाबा तालाब के साधुडेरा निवासी 25 वर्षीय शिवलखन पुत्र बासदेव दोपहर में मवेशी लेकर खेत जा रहा था। रास्ते से निकलने को लेकर पारिवारिक भाई इंद्रपाल ने उसे मना किया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। शाम को शिवलखन मवेशी लेकर घर लौट आया। रात में वह दुकान से घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में इंद्रपाल, कमलेश, जयपाल, जुगला समेत करीब एक दर्जन लोगों ने उसे घेर लिया और लाठी-फरसा से हमला कर दिया। हमले में शिवलखन लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर शिवलखन का 30 वर्षीय बड़ा भाई रामलखन और 50 वर्षीय पिता बासदेव उसे बचाने पहुंचे। आरोप है कि हमलावरों ने दोनों पर भी फरसा से हमला कर दिया, जिससे वे घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने किसी तरह समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इसके बाद तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की तहरीर पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## रॉयल एनफील्ड की नयी एजेंसी का भव्य उद्घाटन

**फतेहपुर।** शहर के राधानगर स्थित स्टेट बैंक के पास रॉयल एनफील्ड बुलेट एजेंसी का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। एजेंसी के ज्वाइंट डायरेक्टर अजय प्रताप सिंह एवं आदित्य प्रताप सिंह ने एक नई पहल करते हुए अपने माता-पिता, कमला देवी और बिजेंद्र बहादुर सिंह को मुख्य अतिथि बनाया। माता-पिता ने फीता काटकर एजेंसी का औपचारिक शुभारंभ किया।इस नई शोरूम के खुलने से विशेष रूप से दक्षिण फतेहपुर क्षेत्र के बाइक प्रेमियों और ग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें रॉयल एनफील्ड के लोकप्रिय मॉडल्स की खरीदारी के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। एजेंसी को आधुनिक तकनीक और अत्याधुनिक मशीनों से लैस किया गया है, जहाँ अनुभवी व कुशल कारीगरों द्वारा वाहनों की बेहतरीन सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।समारोह में प्रमुख हस्तियों की मौजूदगीउद्घाटन के इस खास मौके पर फतेहपुर चेयरमैन राजकुमार मौर्य, सपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, महेंद्र बहादुर सिंह उर्फ बच्चा सिंह, अभय प्रताप सिंह, भानु सिंह, राजन सिंह और ऋषभ सिंह सहित शहर के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी उपस्थित अतिथियों ने संचालकों को नए प्रतिष्ठान की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## हत्यारोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड से किया दंडित

**बहराइच ।** वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय को सूचना दी गयी कि उसकी बहू ने बताया की वादी का बेटा जो रात को सो रहा था, मृत अवस्था में पड़ा है ।वादी द्वारा संभावना व्यक्त की गयी कि दिनांक 28/29.04.2021 की रात्रि को उसके बेटे की हत्या वादी की बहू आशिया व गांव के ही एक अन्य व्यक्ति सोनू द्वारा की गयी है ।जिसके संबंध में थाना दरगाह शरीफ में मु.अ.सं 169/2021 धारा 302 भा.द.वि. पंजीकृत किया गया । तत्कालीन विवेचक निरीक्षक श्री अमित कुमार तिवारी द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्तगण आशिया व सोनू उपरोक्त के विरूद्ध आरोप-पत्र दिनांक 11.06.2021 को प्रेषित कर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपों को दिनांक 12.07.2021 को विरचित किया गया है ।

## कंचनपुर-गोरयाघाट मार्ग के सुदृढ़ीकरण की तैयारी

देवरिया । अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड, लोक निर्माण विभाग, देवरिया जेबी सिंह ने बताया कि कंचनपुर-गोरयाघाट मार्ग अन्य जिला मार्ग की श्रेणी में आता है। इसकी कुल लंबाई 6.50 किलोमीटर है। यह मार्ग देवरिया-कसया मार्ग से प्रारंभ होकर कंचनपुर गांव के आबादी क्षेत्र से होते हुए गोरयाघाट तक जाता है।

उन्होंने बताया कि कंचनपुर गांव के आबादी क्षेत्र में मार्ग की चौड़ाई तीन मीटर है।

# पात्रों को समय से मिले योजनाओं का लाभ

जिला संवाददाता



**बांदा।** जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समय से मिले और लंबित प्रकरणों का प्रभावी निस्तारण हो, इसके लिए अधिकारियों को विकासखंडवार और योजनावार समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। सोमवार को आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल अजीत कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना समेत अन्य योजनाओं की विकासखंडवार समीक्षा की गई। इस दौरान योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं, लंबित प्रकरणों और पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाने में आने वाली बाधाओं की जानकारी ली गई। आयुक्त अजीत कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक योजना का विकासखंडवार और योजनावार गहन परीक्षण किया जाए। जिन मामलों में स्वीकृति, भुगतान, सत्यापन, भौतिक प्रगति या निर्माण कार्यों में बाधा है, उसका वास्तविक कारण चिन्हित कर समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, पेंशन योजनाओं और सार्वजनिक वितरण प्रणाली से जुड़े मामलों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए।

आयुक्त ने स्पष्ट किया कि विकासखंड स्तर की समस्याओं को केवल उच्च स्तर पर भेजकर लंबित रखना स्वीकार्य नहीं होगा। संबंधित अधिकारी स्वयं प्रकरण की जांच कर समस्या का वास्तविक कारण और उसके समाधान की समय-सीमा तय करें। शासन स्तर या किसी अन्य विभाग से कार्रवाई अपेक्षित होने पर उसकी तथ्यात्मक आख्या उपलब्ध कराई जाए, ताकि प्रभावी अनुश्रवण कर समाधान कराया जा सके।

उन्होंने शिकायतों और समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारीवार जवाबदेही तय करने तथा प्रत्येक मामले में की गई कार्रवाई का अभिलेखीकरण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को योजनाओं की वास्तविक स्थिति का स्थलीय सत्यापन करने को कहा गया, ताकि केवल पोर्टल या अभिलेखों में प्रगति दर्शाकर औपचारिकता पूरी न हो। आयुक्त ने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, पात्रता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। लाभार्थियों के चयन और भुगतान में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। जनकल्याणकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सभी अधिकारियों की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक के अंत में आयुक्त ने निर्देश दिए कि समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों का समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित कर अनुपालन आख्या आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब, लापरवाही अथवा पात्र लाभार्थियों को लाभ से वंचित रखने की स्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। बैठक में अपर आयुक्त अमरपाल सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बसपा ने ललितपुर में संगठन का किया विस्तार

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री बहन कु. मायावती के निर्देश पर पार्टी ने जिले में संगठन का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नई नियुक्तियां की हैं। बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद अहिरवार एड. की ओर से जारी प्रेस नोट में नव नियुक्त पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई है। बुंदेलखंड प्रभारी एवं पूर्व लोकसभा/राज्यसभा सांसद घनश्याम चंद्र खरवार, बुंदेलखंड प्रभारी लालाराम अहिरवार, मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगैया तथा मुख्य मंडल प्रभारी मानवेन्द्र सिंह पटेल की संस्तुति पर यह चयन पत्री आशाराम इमलिया कला, महरौनी को बामसेफ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में महरौनी विधानसभा क्षेत्र से राधेन्द्र सिंह बघेल को विधानसभा सचिव तथा ललितपुर विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार दौलता को बीवीएफ का विधानसभा संयोजक नियुक्त किया गया है। पार्टी ने ललितपुर में भी संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपते हुए सुनील साहू को नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है।उन्होंने उम्मीद जताई कि नई जिम्मेदारियां मिलने के बाद पदाधिकारी संगठन को मजबूत करने और पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

## खाद के लिए किसान लग रहे घंटों लाइन पर



**बांदा।** जसपुरा क्षेत्र के खेतों में अन्न उगाकर देश का पेट भरने वाले किसानों को अपनी ही फसल के लिए खाद लेने के लिए पसीने के साथ बारिश का कहर भी झेलना पड़ रहा है। ब्लाक की सहकारी समितियों में प्राप्त शेड, बैठने की व्यवस्था और शुद्ध पेयजल उपलब्ध न होने से खाद लेने पहुंच रहे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। रामपुर, बड़ागांव, सिंधनकला, चंदवारा, गड़रिया और जसपुरा की सहकारी समितियों से लगभग 30 से 35 हजार किसान जुड़े हैं। जुलाई के अंत से दिसंबर तक खाद की मांग बढ़ने पर समितियों में रोजाना सैकड़ों की तादाद में किसान पहुंचते हैं। कई समितियों में एक दिन में चार से पांच सौ तक किसान खाद लेने पहुंचने से लंबी कतारें लग जाती हैं हालात यह हैं कि किसान घंटों खुले आसमान के नीचे अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर हैं। तेज धूप हो या अचानक बारिश किसानों के लिए राहत का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। बारिश होने पर खाद की बोरियों को भी सुरक्षित रखना चुनौती बन जाता है। पर्याप्त शेड के अभाव में डीएपी व यूरिया के भीगने का खतरा बना रहता है। किसानों का कहना है कि कुछ समितियों में शुद्ध पेयजल की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में अस्वच्छ पानी पीने से जल जनित बीमारियों का खतरा बना रहता है। किसानों की समस्या को देखते हुए पूर्व नौसेना अधिकारी, समाजसेवी राकेश बाजपेयी ने जिलाधिकारी अमित आसेरी को पत्र भेजकर सभी सहकारी समितियों में स्थायी शेड, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था मुहैया कराने की मांग की है। उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर जिलाधिकारी से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग उठायी है।

## जिला कारागार का किया निरीक्षण



**बहराइच ।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। विशेष रूप से डीएम व एसपी ने विभिन्न बैरकों, क्लोज सर्किट टी.वी. कैमरों की क्रियाशीलता, भण्डारण, बैरीकेटिंग, निर्माण कार्य व पाकशाला का निरीक्षण कर बन्दियों के लिए तैयार किये जा भोजन की गुणवत्ता को परखा। कारागार के निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व अन्य व्यवस्थाएं संतोषजनक पायी गयी। इस अवसर पर करागार अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, जेलर अजय कुमार झा, हरिओम गौड़ व अंजू शर्मा व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## कई आवासीय स्कूलों में मिली खामियां, कार्यवाही की सिफारिश




**बांदा।** जनपद के आवासीय विद्यालयों की जांच को विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को जांच के लिए आवासीय विद्यालय आवंटित किय गये है। इस पर 11 निजी आवासीय विद्यालयों में जांच के लिए नामित अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण जांच की। इसमें दो विद्यालय आर0बी0एस0 मांटेसरी पब्लिक स्कूल, सर्वोदय नगर बांदा, चंद्रशेखर पब्लिक स्कूल, तिंदवारी रोड बांदा में आवासीय विद्यालयों का संचालन नहीं मिला। छह विद्यालय हरि प्रसाद सिंगरौर आ0वि0, औगासी रोड बबेरू, तथागत ज्ञान स्थली पब्लिक स्कूल अतर्रा, बूटूबाई आ0वि0 ओरन रोड अतर्रा, सर्वोदय इण्टर कालेज अमलोखर, कमासिन, सरस्वती विद्या मन्दिर, शास्त्री नगर बांदा एवं महारानी लक्ष्मीबाई इण्टर कालेज, जमालपुर बांदा माध्यमिक शिक्षा से मान्यता प्राप्त विद्यालय है और यह चल रहे हैं। आवासीय विद्यालयों में पायी गयी कमियों जैसे दो विद्यालयों में दैनिक उपभोग की सुविधाओं का अभाव, सात विद्यालयों में आवासीय रूप से ठहरे बच्चों को भोजन व्यवस्था के लिए डायनिंग टेबल, किचेन शेड आदि की व्यवस्था नहीं मिली। दो विद्यालयों में खाद्यान्न स्टोर की कोई व्यवस्था नहीं पायी गयी। सर्वोदय इंटर कालेज अमलोखर कमासिन में बच्चों के भोजन के लिए कोई मीनू निर्धारित नहीं किया गया है। चार विद्यालयों में बच्चों की सुरक्षा के लिए सी0सी0टी0वी0, आवागमन पंजिका, गार्ड व्यवस्था नहीं है। सात विद्यालयों में भोजन के सैम्पल की जांच नहीं करायी जाती है। दो विद्यालयों के बच्चों का परीक्षण नहीं कराया गया है। पायी गयी कमियों के बारे में विद्यालयों के प्रबंधकों, संचालनकों के विरूद्ध कार्यवाही करने की जांच अधिकारियों ने सिफारिश की है।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक



**बहराइच** बारावफात, रक्षाबंधन, गणेश चतुर्थी व अन्य आसन्न त्यौहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने विभिन्न समिति के पदाधिकारियों व आमजन से अपील की है कि परम्परागत ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनायें तथा शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में यदि कहीं से कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले की कानून एवं शान्ति व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा है। जिलाधिकारी ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी के सहयोग से पूर्व की भांति आगामी त्यौहार भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होंगे। डीएम ने कहा कि बारावफात के दृष्टिगत रूट का चिन्हाकन कर लिया जाय। साथ ही अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि बारावफात के मार्गो पर बिजली के तार को भी सही करा लिया जाय। डीएम ने कहा कि बैठक के दौरान संभ्रान्तजनों की ओर से बिजली, पानी, साफ-सफाई, जुलूस मार्गों व प्रकाश व्यवस्था के सम्बन्ध में प्राप्त हुए सुझावों के अनुसार जनपद में माकूल बन्दोबस्त सुनिश्चित कराये जायेंगे। डीएम ने नगर निकायों, पंचायती राज, विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्बाध विद्युत आपूर्ति एवं पेयजल आपूर्ति के साथ-साथ जुलूस मार्गों व धार्मिक स्थलों तथा उसके आस-पास के क्षेत्रों में समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने कहा कि त्यौहारों के दौरान गुड पुलिसिंग व्यवस्था रहेगी। संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जायेगी और कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसा कार्य न करें कि जिससे एक दूसरे समुदाय की भावनाएं आहत हों। त्यौहारों के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस अधीक्षक ने सभी से सहयोग प्रदान करने की अपील की है। बैठक के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तेजे खां, कल्बे अब्बास, डिम्पल जैन, निषा गुप्ता, इनायत उल्लाह खां, परशुराम कुशवाहा सहित अन्य संभ्रान्तजनों द्वारा बिजली, पानी, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, इत्यादि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस अवसर पर अपर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह व ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद तिवारी, उपजिलाधिकारी सदर अमन आदि उपस्थित रहे।

## भारत - नेपाल सुरक्षा अधिकारियों की बैठक



**बहराइच।** रूपईडीहा सीमा पर भारत-नेपाल सुरक्षा अधिकारियों की बैठक, समन्वय पर जोर। भारत-नेपाल सीमा स्थित रूपईडीहा बॉर्डर पर एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट जीसी पांडेय और नेपाल एपीएफ के आईजी नारायण दत्त पौडेल की औपचारिक मुलाकात हुई। बैठक में सीमा सुरक्षा, आपसी समन्वय और भारत-नेपाल के रोटी-बेटी संबंधों को मजबूत करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने सीमा से आने-जाने वाले लोगों के साथ बेहतर व्यवहार और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया। बताया गया कि रोजाना करीब 60 हजार लोग इस सीमा से आवागमन करते

## निकली केन कांवड़ यात्रा, बामदेवेश्वर में पूजा



**बांदा।** केन कांवड़ यात्रा के संयोजक अमित सेठ भोलू ने बताया कि केन नदी राजघाट आश्रम के पावन तट से पवित्र जल लेकर सभी कांवरिया भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली। शहर के दीनदयाल नगर खुटला होते हुए छोटी बाजार, कोतवाली रोड, शंकर गुरु चैराहा से चैक बाजार होते हुए प्रकाश टॉकीज, महेश्वरी देवी चैराहा, बालखंडीनाका, कैलाशपुरी होते हुए बामदेवेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। शोभा यात्रा का जगह-जगह भक्तजनों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कांवड़ यात्रा में माता, बहनों एवं छोटे-छोटे बच्चों ने अखंड हिंद फौज के बच्चे, दीवारी कलाकार रमेश पाल की टीम ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने बामदेवेश्वर मंदिर में कांवड़ियों के साथ पूजन-अर्चन किया। उन्होंने टीम का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासु, देशराज सिंह, रजत सेठ, कुलदीप नामदेव, प्रेम गुप्ता, सागर गोयल, अविनाश मिश्रा, राकेश बाजपेई, सुरेश गुप्ता कान्हा, अमित गुप्ता, मनीष, पन्नालाल धुरिया, नईम नेता, रामाश्रय गुप्ता पप्पू आदि उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में मंदिर समिति एवं बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण निरंतर चलता रहा। इनसेट

### रुद्राभिषेक में सुख-शांति की कामना

**बांदा।** सावन माह के पावन अंतिम सोमवार के अवसर पर शहर के रामलीला मैदान में कसौधन समाज द्वारा आयोजित रुद्राभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, अंकित बासु आदि ने रुद्राभिषेक किया। सभी ने भगवान शिव से सुख, शांति, समृद्धि एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

## ऋण वितरण में तेजी के निर्देश



जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं एमओयू क्रियान्वयनह्व की बैठक मंगलवार को मुख्य विकास अधिकारी सीडीओ पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर पंजीकृत आवेदनों की समग्र समीक्षा की गई और उद्योगों को गति देने तथा ऋण वितरण में तेजी लाने के दिशा-निर्देश जारी किए गए।सीडीओ ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त सभी आवेदनों का संबंधित विभागों द्वारा समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और कोई भी आवेदन डिफॉल्टर की स्थिति में न रहे। उन्होंने विशेष रूप से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत लंबित आवेदनों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। बैंकिंग तंत्र के सहयोग से इन आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत कर ऋण वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि युवा उद्यमी योजनाओं का लाभ जल्द से जल्द लाभार्थियों तक पहुंचे।उपायुक्त उद्योग को भी निर्देश दिए गए कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा ह्यएक जनपद योजना के अंतर्गत केंद्र एवं राज्य की घोषीत योजनाओं में लंबित आवेदनों का अधिकतम ऋण स्वीकृति एवं वितरण कराया जाए। उपायुक्त को खाली पड़े औद्योगिक भूखंडों का विज्ञापन-प्रचार कराकर नए उद्योगों के लिए आवंटन कराने का कार्य भी तेज करने का निर्देश मिला, ताकि फतेहपुर में निवेश आकर्षित हो और स्थानीय रोजगार सृजन को बल मिले।बैठक में उद्यमियों द्वारा उठाई गई कुछ स्थानीय समस्याओं पर भी चर्चा हुई। कैंची मोड़ की सर्विस लेन और यूपी सीडा मलवा की सर्विस लेन को जोड़ने की मांग उद्यमियों ने रखी, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि एनएचआई राष्ट्रीय उच्चमार्ग प्राधिकरण को इस संबंध में उच्च स्तर पर पत्राचार किया जाएगा और तकनीकी अनुमोदन संबंधी कार्रवाई के लिये आवश्यक पहल की जाएगी। बिजली से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिये अधिशाषी अभियंताओं को निर्देश दिए गए कि वे उद्यमियों के साथ बैठकें कर समुचित समाधान निकालें और बिजली आपूर्ति, मीटरिंग या अन्य तकनीकी समस्याओं का शीघ्र निवारण करें।सीडीओ ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि उद्यमियों से प्राप्त शिकायतों और सुझावों पर नियमानुसार और प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाये तथा समाधान का लेखा-जोखा जिला प्रशासन को प्रस्तुत किया जाये। उन्होंने कहा कि ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्ण सुधारों के तहत तैयार जिला बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लानझ्र2026 के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। बैठक में विभागों द्वारा उद्योगों के हित में की जा रही पहलों और प्रगति का भी संक्षेप में परिचय दिया।

## अवध केसरी बेनी माधव बख्श सिंह की जयंती मनी



**बहराइच।** 1857 की क्रांति एवं प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर नायक अवध केसरी राना बेनी माधव बख्श सिंह जी की 222 वीं जयंती रायबरेली में मनाई गई। कार्यक्रम के आयोजक राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मारक समिति रायबरेली रहे। मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी रहे। राना बेनी माधव बख्श सिंह आडोटिरियम का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किया, पश्चात अवध क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया। देवी पाटन मण्डल के एक मात्र जीवित स्वतंत्रता सेनानी श्री राम अचल आचार्य, सेनानी उत्तराधिकारी संगठन राज्य इकाई उत्तर प्रदेश के कार्यवाहक महामंत्री रमेश कुमार मिश्र, विनोद गुप्ता गोण्डा, यदुनाथ प्रसाद यादव श्रावस्ती, पोरस बहादुर सिंह बलरामपुर, अजय तिवारी इकौना, आदित्य भान सिंह वंशज चहलारी नरेश बलभद्र सिंह बहराइच, विष्णु प्रताप सिंह, कामरान सिद्दीकी, मारूति नंदन शुक्ल, अतुल मिश्र सहित दो दर्जन सेनानी उत्तराधिकारी को राना बेनी माधव बख्श सिंह जी की स्मृति, भगवान राम का चित्र और अंगवस्त्र भेंटकर संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सम्मानित किया गया। रमेश कुमार मिश्र, सेनानी भवन बहराइच।

# बारावफात के दृष्टिगत तैनात किये गये मजिस्ट्रेट

बहराइच 24 अगस्त। शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन का पालन कराते हुए ईद-ए-मिलाद (बारावफात) के त्यौहार को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट अक्षय त्रिपाठी द्वारा मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है। इसके अलावा कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 05252-230132 है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार मुसाफिर खाना हेतु जिला आबकारी अधिकारी, छावनी चौराहा हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी रिसिया, दरगाह शरीफ के लिए तहसीलदार सदर पी.पी. गिरि, छोटी तकिया हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय, पीपल तिराहा हेतु खण्ड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा व घण्टाघर हेतु जिला उद्यान अधिकारी की ड्यूटी लगायी गयी है।इसके अलावा थाना क्षेत्र अन्तर्गत भी मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं, जो सम्बन्धित थाना क्षेत्र के प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्ष के साथ समन्वय स्थापित कर सम्पूर्ण थाना क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। थाना कोतवाली नगर के लिए तहसीलदार बहराइच, कोतवाली देहात के लिए सीडीपीओ सदर, थाना दरगाह शरीफ के लिए ए.आर. को-आपरेटिव, थाना पयागपुर के लिए बी.डी.ओ. पयागपुर, थाना विशेश्वरगंज के लिए बीडीओ विशेश्वरगंज, थाना कोतवाली नानपारा के लिए तहसीलदार नानपारा, थाना रिसिया के लिए बीडीओ रिसिया, थाना नवाबगंज के लिए बीडीओ नवाबगंज को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार थाना रूपईडीहा के लिए बीडीओ बलहा, थाना मोतीपुर के लिए तहसीलदार मिहींपुरवा (मोतीपुर), थाना सुजौली के लिए बीडीओ मिहींपुरवा, थाना कोतवाली मुर्तिहा के लिए खण्ड शिक्षाधिकारी मिहींपुरवा, थाना हुजूरपुर के लिए बी.डी.ओ. हुजूरपुर, थाना रानीपुर के लिए नायब तहसीलदार सदर राहुल यादव, थाना फखरपुर के लिए बी.डी.ओ. फखरपुर, थाना कैसरगंज के लिए बी.डी.ओ. कैसरगंज, थाना जरवल रोड के लिए बी.डी.ओ. जरवल, थाना हरदी के लिए तहसीलदार महसी, थाना बौण्डी के लिए नायब तहसीलदार महसी राजेश कुमार श्रीवास्वत, थाना खैरीघाट बी.डी.ओ. शिवपुर, थाना रामगॉव के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी महसी तथा थाना मटेरा के लिए खण्ड शिक्षाधिकारी नवाबगंज को सेक्टर मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

बारावफात त्यौहार को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के निमित्त नगर क्षेत्र के लिए नगर मजिस्ट्रेट बहराइच को ओवर आल प्रभारी नामित किया गया है जो पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर के साथ समन्वय रखते हुए त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था पर सतर्क दृष्टि बनाये रखेंगे। इसी प्रकार अन्य तहसील क्षेत्रों में सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए अपने तहसील क्षेत्र में त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे तथा शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु उत्तरदायी होंगे।

## विकसित भारत युवा कनेक्ट एवं खेलो इंडिया संवाद का आयोजन कल

**बहराइच।** किसान पीजी कॉलेज, बहराइच में 27 अगस्त को विकसित भारत युवा कनेक्ट एवं खेलो इंडिया संवाद का आयोजन होगा। उक्त कार्यक्रम के संबंध में आज किसान पीजी कालेज में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव मेजर एस.पी. सिंह ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय खेल दिवस 27 अगस्त को मनाया जा रहा है जिसमें देश के 1600 सेंटर पर 8 लाख युवा भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री से सीधा जुड़ेंगे।खेलो इंडिया संवाद कार्यक्रम के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सी.डी. सिंह विशेन ने बताया कि यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत और एनएसएस के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 27 अगस्त को किसान पीजी कॉलेज, बहराइच में विकसित भारत युवा कनेक्ट-स्पोर्ट्स एडिशन और खेलो इंडिया संवाद का भव्य आयोजन होगा। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. चंद्र देव सिंह विसेन ने बताया कि कार्यक्रम में सभी अतिथियों, जन प्रतिनिधियों और युवाओं को सुबह 10 बजे तक उपस्थित होना अनिवार्य है।कार्यक्रम के मुख्य बिंदु की जानकारी देते हुए बताया गया कि मा. प्रधानमंत्री जी वर्चुअल माध्यम से एक साथ देशभर के 8 लाख से अधिक युवाओं को संबोधित करेंगे। खेलो इंडिया संवाद (युवा संवाद) प्रधानमंत्री जी के संबोधन के बाद खेलो इंडिया संवादश के तहत एक विशेष सत्र होगा। इसमें युवा, स्थानीय जनप्रतिनिधियों (सांसद, विधायक) और उत्कृष्ट खिलाड़ियों के साथ सीधा संवाद करेंगे। स्पोर्ट्स इकोसिस्टम पर चर्चा अन्तर्गत पिछले 12 वर्षों में देश के स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए विकास और खेलों को लेकर आए परिवर्तन पर चर्चा की जाएगी। इसी प्रकार युवाओं की भागीदारी कार्यक्रम के अंत में माई भारत वॉलिंटियर्स और युवाओं के लिए 15 मिनट का खुला संवाद रखा गया है, जहां वे खेल और राष्ट्र निर्माण पर अपने आइडियाज, सुझाव और आकांक्षाएं साझा कर सकेंगे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यूथ पार्टिसिपेशन और स्पोर्ट्स डेवलपमेंट के माध्यम से देश के युवाओं और खिलाड़ियों को एक मंच पर लाना है।

संक्षेप

## सोना 1.64 लाख रुपये पर चांदी चार माह के शीर्ष पर

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें पांच महीने से अधिक के उच्चतम स्तर 1.64 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। ऐसा वैश्विक रुख और अमेरिका-ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मांग बढ़ने से हुआ। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 900 रुपये बढ़कर 164,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) हो गई, जो शुक्रवार को 163,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। सोने की कीमत आखिरी बार नौ मार्च को इस स्तर के आसपास थी। उस समय यह 164,300 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी में भी लगातार तीसरे सत्र में बढ़त देखी गई और यह 3,500 रुपये बढ़कर चार महीने से अधिक के उच्चतम स्तर 2,53,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर पहुंच गई। पिछले सत्र में चांदी 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। आखिरी बार यह 17 अप्रैल को इस स्तर के आसपास थी, जब इसकी कीमत 2,53,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

## द बॉडी शॉप के साथ मनायें रक्षाबंधन

नई दिल्ली। ब्रिटिश एथिकल ब्यूटी ब्रांड द बॉडी शॉप अपने लिमिटेड-एडिशन वेलवेट फिग एंड पिस्ता और अजवा डेट एंड हनी कलेक्शंस के साथ ही पर्सनलाइज्ड क्रिएट योर ओन गिफ्ट बॉक्सेस के जरिए रक्षाबंधन मना रहा है। शानदार गॉरमंड फ्रैगरेंस और पौष्टिक बॉडीकेयर का यह त्यौहारी मेल भाई-बहन के प्यार भरे रिश्ते का जश्न मनाने के लिए एक विशिष्ट उपहार का विकल्प देता है। क्रिएट योर ओन गिफ्ट बॉक्सेस केवल द बॉडी शॉप के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट्स पर ही उपलब्ध हैं, जो ग्राहकों को अपने मनपसंद स्किनकेयर, बॉडीकेयर और हेयरकेयर प्रोडक्ट्स चुनकर स्वयं का पर्सनलाइज्ड हैम्पर तैयार करने की सुविधा देते हैं। ये बॉक्सेस दो खूबसूरत फेस्टिव डिजाइनों में आते हैं, और जरूरत के अनुसार चुनिंदा आउटलेट्स पर इनके साथ हैप्पी राखी टैग भी दिए जा रहे हैं। द बॉडी शॉप ने अपनी हेयरकेयर रेंज में रोजमेरी हेयर ऑयल और आमंड हेयर ऑयल भी जोड़े हैं। ये लाइटवेट और नॉन-स्टिकी फॉर्मूला खास तौर पर भारतीय केश संबंधी समस्याओं जैसे बालों का पतला होना, टूटना, फ्रिज और डैमेज को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं। प्राकृतिक सामग्री और आधुनिक देखभाल का यह मिश्रण पारंपरिक हेयर ऑयलिंग को एक आसान सेल्फ-केयर दिनचर्या में बदल देता है।

## देश में चीनी की किल्लत नहीं, घटेंगे खुदरा दाम

नयी दिल्ली। चीनी उद्योग निकाय इस्मा ने सोमवार को कहा कि देश में चीनी की कोई किल्लत नहीं है और खुदरा बाजार में इसकी कीमतें आने वाले दिनों में घटने की उम्मीद है। चीनी की कीमतों में हाल में आई तेजी के पीछे कई कारण हैं। कीमतें बढ़ने की उम्मीद में कारोबारियों एवं थोक उपभोक्ताओं की तरफ से की गई खरीदारी और खराब मौसम के कारण उत्पादन में कमी इसके प्रमुख कारण हैं। कृत्रिम किल्लत पैदा करने या मिलों के स्तर पर कीमतें बढ़ाने के पीछे चीनी मिलें शामिल नहीं हैं। पिछले कुछ दिनों में चीनी के खुदरा दाम बहुत तेजी से बढ़े हैं जिसके बाद सरकार के स्तर पर कई कदम उठाए गए हैं। सरकार द्वारा 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दिए जाने के बाद चीनी की कीमतों में नरमी आनी शुरू हो गई है। भारत में चीनी की कोई कमी नहीं है। सितंबर के अंत में मौजूदा चीनी विपणन सत्र समाप्त होने पर 35 लाख टन का भंडार रहेगा।

## अमेरिका के और प्रतिबंधों की तैयारी के बीच ईरानी रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर

दुबई। ईरान की मुद्रा रियाल सोमवार को कारोबार शुरू होने के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20.2 लाख रियाल के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई। ईरान की अर्थव्यवस्था लगातार जारी प्रतिबंधों और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी से बुरी तरह प्रभावित हुई है। ईरान के अनौपचारिक मुद्रा बाजार में रियाल में यह गिरावट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और व्यापक प्रतिबंधों की घोषणा करने की तैयारी कर रहा है। अमेरिका ने कहा है कि ये प्रतिबंध आर्थिक रूप से निर्णायक होंगे और इससे ईरान पर दबाव और बढ़ेगा। अमेरिका और इज़राइल के 28 फरवरी को ईरान पर हमला करने से पहले ही उसकी मुद्रा पर दबाव कायम था। उस समय ईरान दोहरे अंक की मुद्रास्फीति और नकारात्मक वृद्धि से जूझ रहा था।

# सेंसेक्स में 172 अंकों की गिरावट




मुंबई। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की उंची कीमत से घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 172 अंक टूटा, जबकि एनएसई निफ्टी 33 अंक के नुकसान में रहा। विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिका की ओर से ईरान पर नए प्रतिबंध लगाए जाने की आशंका के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की उंची कीमत से जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई है।

सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स शुरुआती बढ़त कायम नहीं रख सका और 171.72 अंक यानी 0.22 प्रतिशत टूटकर 77,369.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 339.17 अंक तक लुढ़क गया था। इसी तरह 50 शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 32.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,219.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, एक्सिस बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा स्टील, एचसीएल टेक, इन्फोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.68 प्रतिशत की गिरावट के साथ 92.80 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिका के ईरान और उसके व्यापारिक साझेदारों पर नए प्रतिबंध लगाए जाने की आशंका के बीच बाजार में सतर्कता रही। अमेरिका ने ईरान के खिलाफ आर्थिक कार्रवाई की चेतावनी दी है, जबकि ईरान ने जवाबी कार्रवाई में खाड़ी देशों से होने वाले तेल निर्यात को रोकने की धमकी दी है। इससे तनाव और बढ़ने की आशंका को लेकर निवेशक चिंतित रहे। मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.11 प्रतिशत टूटा, जबकि स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.06 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। क्षेत्रवार सूचकांकों में बीमा क्षेत्र 0.86 प्रतिशत, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का सूचकांक 0.82 प्रतिशत, आवास वित्त 0.76 प्रतिशत, वित्तीय सेवाएं 0.39 प्रतिशत और बैंकेक्स (बैंक सूचकांक) 0.35 प्रतिशत नुकसान में रहे। वहीं, धातु क्षेत्र में 1.38 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा, दूरसंचार 1.05 प्रतिशत, जिंस 0.55 प्रतिशत, रियल्टी 0.43 प्रतिशत और तेल एवं गैस क्षेत्र 0.34 प्रतिशत लाभ में रहे। निवेशकों की नजर अमेरिका के ईरान पर नये प्रतिबंधों पर है।

# रुपया तीन पैसे टूटकर 95.74 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और घरेलू बाजारों में कमजोरी के बीच रुपया शुरुआती बढ़त गंवाकर सोमवार को तीन पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.74 (अस्थायी) पर रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि डॉलर-रुपये की जोड़ी सीमित दायरे में कारोबार करती रही। ब्रेंट कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, आयातकों की ओर से डॉलर की निरंतर मांग और ईरान को निशाना बनाने वाले अमेरिका के नए प्रतिबंधों को लेकर सतर्क रुख से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.65 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.64 के उच्च स्तर तक गया और 95.75 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 95.74 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को तीन पैसे की मामूली बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.71 पर बंद हुआ था।



अमेरिका और ईरान के बीच अनिश्चितता के कारण रुपये में हल्का नकारात्मक रुख रहने के आसार हैं। कच्चे तेल की उंची कीमतें भी रुपये पर दबाव डाल सकती हैं। हालांकि, ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना घटने से अमेरिकी डॉलर में कुल मिलाकर कमजोरी रुपये को निचले स्तर पर समर्थन दे सकती है। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.50 से 96 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.18 प्रतिशत बढ़कर 98.98 पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 171.72 अंक टूटकर 77,369.11 अंक पर जबकि निफ्टी 32.95 अंक की गिरावट के साथ 24,219.05 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल वायदा कारोबार में 1.62 प्रतिशत फिसलकर 92.86 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 542.71 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे।

## सरकार ने गेहूं और उसके उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक हटायी

नयी दिल्ली। सरकार ने सोमवार को गेहूं और उसके उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक तत्काल प्रभाव से हटा दी। इस कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की उपलब्धता बढ़ने की उम्मीद है।

दुनिया में गेहूं के दूसरे बड़े उत्पादक देश भारत ने घरेलू कीमतों में बढ़ोतरी पर काबू पाने के लिए मई, 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से गेहूं की वैश्विक आपूर्ति शृंखला पर असर देखने का मिला है। विदेश व्यापार महानिदेशालय की तरफ से जारी अधिसूचनाओं के मुताबिक, सरकार ने गेहूं के आटे और मैदा, सूजी एवं साबुत गेहूं के आटे जैसे अन्य उत्पादों के निर्यात पर लगी रोक भी हटा दी है। एक अधिसूचना में कहा गया, गेहूं की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित के स्थान पर मुक्त कर दिया गया है। सरकार ने इस साल फरवरी में 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी। बेमौसम बारिश और प्रमुख गेहूं उत्पादक राज्यों में ओलावृष्टि से फसल को हुए नुकसान के बाद फसल वर्ष 2025-26 में देश का गेहूं उत्पादन 11 से 12 करोड़ टन के बीच रहने का अनुमान है। इस साल गेहूं का उत्पादन 11.06 करोड़ टन रहने का अनुमान लगाया है, जो हाल में मौसम से हुए नुकसान को ध्यान में रखते हुए भी 2024-25 के 10.96 करोड़ टन के उत्पादन से थोड़ा अधिक है।

## यूपीआई से लेनदेन 13 हजार गुना बढ़ा

नयी दिल्ली। एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) पिछले 10 साल में देश के डिजिटल भुगतान व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी बनने के साथ-साथ वास्तविक समय में भुगतान के लिए वैश्विक मानक बन गया है।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि यूपीआई ने 25 अगस्त, 2016 को शुरू होने के बाद से देश के डिजिटल भुगतान क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। यूपीआई के जरिये सालाना लेनदेन की संख्या बढ़कर 2025-26 में 24,162 करोड़ से अधिक हो गई जबकि 2016-17 में यह 1.78 करोड़ थी। यानी इसमें करीब 13,000 गुना वृद्धि हुई है। इसी अवधि में लेनदेन का मूल्य 4,000 गुना से अधिक की वृद्धि के साथ बढ़कर करीब 314 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो 2016-17 में 7,000 करोड़ रुपये था। भारतीय रिजर्व बैंक की निगरानी में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा विकसित यूपीआई ने पिछले 10 वर्षों में लेनदेन की संख्या और मूल्य, दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। वर्ष 2026 यूपीआई की वृद्धि यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। मई, 2026 में पहली बार एक महीने में लेनदेन की संख्या 2,320 करोड़ पहुंच गयी। यह रफ्तार जुलाई में भी जारी रही और इस महीने 2,366 करोड़ लेनदेन हुए, जो यूपीआई के एक दशक के इतिहास में एक महीने में सबसे अधिक लेनदेन है। यूपीआई से जुड़े बैंकों और वित्तीय संस्थानों की संख्या भी लगातार बढ़ी है। संचालन के पहले वर्ष 2016-17 में 44 बैंक यूपीआई से जुड़े थे, जिनकी संख्या 2025-26 में बढ़कर 703 हो गई। वित्त मंत्रालय ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 में 24,162 करोड़ यूपीआई लेनदेन हुए, जो देश में रोजमर्रा के डिजिटल भुगतान में इसकी गहरी पैठ को दर्शाता है। इसमें व्यापारियों से जुड़े लेनदेन में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। यूपीआई भारत के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का एक प्रमुख आधार बन गया है। यह एक ही माध्यम से व्यक्ति-से-व्यक्ति और व्यक्ति-से-व्यापारी भुगतान की सुविधा देने वाला, विभिन्न प्रणालियों के बीच काम करने वाला और वास्तविक समय का मंच है।




## आयकर विभाग ने गैर-ऑडिट करदाताओं से 31 अगस्त से पहले आईटीआर दाखिल करने को कहा

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने सोमवार को कारोबार या पेशे से कमाई करने और लेखा-परीक्षण के दायरे में नहीं आने वाले करदाताओं से 31 अगस्त तक आकलन वर्ष 2026-27 का आयकर रिटर्न दाखिल करने को कहा। ई-फाइलिंग पोर्टल पर 20 अगस्त तक दो करोड़ से अधिक आईटीआर-3 और आईटीआर-4 दाखिल किए जा चुके हैं, जिससे आकलन वर्ष 2026-27 के लिए दाखिल कुल आयकर रिटर्न की संख्या 6.5 करोड़ से अधिक हो गई है।

इसमें 5.9 करोड़ से अधिक वे आईटीआर-। और आईटीआर-2 भी शामिल हैं, जो 31 जुलाई की नियत तिथि तक दाखिल किए गए थे। जिन करदाताओं की व्यावसायिक या पेशेवर आय है और जिनका ऑडिट होना अनिवार्य नहीं है, उनके लिए निर्धारण वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर दाखिल करने की नियत तारीख 31 अगस्त 2026 है। समय पर रिटर्न दाखिल कर टैक्स हीरो बनें। यदि कोई करदाता गैर-ऑडिट श्रेणी में आता है, तो वह लागू आईटीआर (आईटीआर-3, आईटीआर-4, आईटीआर-5 या आईटीआर-7) दाखिल कर सकता है। आईटीआर-3 उन व्यक्तियों और हिंदू अविभाजित परिवारों (एचयूएफ) द्वारा दाखिल किया जाता है, जिनकी आय किसी एकल स्वामित्व वाले व्यवसाय या पेशे से होती है।

## यूएफबीयू ने 11 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल की दी धमकी

नयी दिल्ली। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने पांच दिन की बैंकिंग व्यवस्था लागू करने में देरी, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को लेकर मतभेद और पेंशन संबंधी मुद्दों समेत कई लंबित मांगों को लेकर 11 सितंबर को देशव्यापी हड़ताल करने का फैसला किया है।

हड़ताल होती है तो देश के कई हिस्सों में बैंकिंग सेवाएं, खासकर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सेवाएं, चार दिनों तक प्रभावित हो सकती हैं। 11 सितंबर शुक्रवार है और इसके बाद के दो दिन बैंक अवकाश हैं। कुछ राज्यों में 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी का अवकाश भी रहेगा। यूएफबीयू नौ बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी श्रम संघों का नेतृत्व करता है। इस शीर्ष संगठन ने 28 सितंबर से तीन दिन की एक और देशव्यापी हड़ताल करने की भी चेतावनी दी है। यह हड़ताल छमाही लेखा बंदी के समय होगी। यूएफबीयू ने कहा कि यदि सरकार और बैंक प्रबंधन उनकी मांगों पर ध्यान नहीं देते हैं तो 26 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का भी फैसला किया गया है। बयान में कहा गया कि यह फैसला रविवार को हुई बैठक में लिया गया। श्रम संघों के अनुसार, सरकार का उनकी प्रमुख मांगों के प्रति नकारात्मक रवैया रहा है। पांच दिन की बैंकिंग व्यवस्था के मुद्दे पर संगठन ने कहा कि भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने आठ मार्च, 2024 को हस्ताक्षरित 12वें द्विपक्षीय समझौते/नौवें संयुक्त पत्र (नोट) के तहत इस प्रस्ताव पर सहमति जताई थी। इसके तहत सोमवार से शुक्रवार तक काम के घंटों में 40 मिनट की बढ़ोतरी की जानी थी। यूएफबीयू ने कहा कि बाद में इस प्रस्ताव की सरकार से सिफारिश की गई, लेकिन यह दो साल से अधिक समय से लंबित है। यूनियनों ने स्केल और उससे ऊपर के स्तर के बैंक अधिकारियों के लिए सरकार की पीएलआई योजना पर भी आपत्ति जताई है। उनका कहना है कि यह आईबीए के साथ बनी उस सहमति से अलग है, जिसके तहत प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन व्यक्तिगत बैंक के समग्र प्रदर्शन से जुड़ा होना था और स्केल- तक के कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए एक समान होना था। यूएफबीयू ने कहा कि सरकार की योजना के तहत स्केल और उससे उपर के स्तर के अधिकारियों को व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर अधिकतम 365 दिन के मूल वेतन के बराबर पीएलआई मिल सकता है। वहीं, कामगार कर्मचारियों और स्केल तक के अधिकारियों को अधिकतम 15 दिन के मल वेतन के साथ महंगाई भत्ता मिल सकता है। उसने दावा किया कि पीएलआई का मुद्दा यूएफबीयू की हड़ताल की घोषणा के बाद फिलहाल मुख्य श्रम आयुक्त के समक्ष सुलह प्रक्रिया में है।




## हवाई यात्री सेवाओं की मुद्रास्फीति 32 प्रतिशत बढ़ी, रेल सेवा भी हुई महंगी

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में हवाई यात्री सेवाओं में 32 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज की गई। सोमवार को सात प्रमुख सेवाओं के लिए मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी किए गए, जिनमें यह मूल्य वृद्धि की सबसे उंची दर है।

सरकार ने सोमवार को वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के लिए सात प्रमुख सेवाओं - बैंकिंग, प्रतिभूति लेनदेन, बीमा, पेंशन कोष प्रबंधन, रेलवे, हवाई यात्रा (यात्री) और दूरसंचार - के अस्थायी सेवा उत्पादक मूल्य सूचकांक (सेवा पीपीआई) जारी किए, जिसका आधार वर्ष 2022-23 है। इन आंकड़ों में वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही के लिए सेवा पीपीआई मुद्रास्फीति के अंतिम अनुमान भी शामिल हैं। सेवा पीपीआई किसी सेवा के उत्पादन पर उत्पादकों द्वारा प्राप्त औसत मूल्यों में होने वाले बदलाव को मापता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, हवाई (यात्री) सेवा मूल्य सूचकांक में वार्षिक आधार पर 31.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में रेलवे यात्री सेवा मूल्य सूचकांक में वार्षिक मुद्रास्फीति 3.50 प्रतिशत बढ़ी, जो वित्त वर्ष 2025-26 की मार्च तिमाही के समान है। बैंकिंग सेवा अंशदान क्षेत्र में मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 6.90 प्रतिशत रही, जो वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में 3.30 प्रतिशत थी। बैंकिंग सेवा मूल्य सूचकांक और प्रतिभूति लेनदेन सेवा मूल्य सूचकांक में जून तिमाही के दौरान क्रमशः 3.35 प्रतिशत और 1.32 प्रतिशत की अवस्फीति दर्ज की गई। पिछली मार्च तिमाही में इनमें क्रमशः 4.10 प्रतिशत और 0.55 प्रतिशत की मुद्रास्फीति रही थी।

पेंशन कोष, बीमा और दूरसंचार क्षेत्रों के सूचकांकों में जून तिमाही के दौरान क्रमशः 5.20 प्रतिशत, 0.98 प्रतिशत और 0.72 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर्ज की गई।



## पेज एक का शेष

### सावन के

एक लाख श्रद्धालु दर्शन कर चुके थे। मंदिर को फूलों और रुद्राक्ष की मालाओं से सजाया गया था। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए उन पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा भी की गई।

भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई थी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए छाया, पेयजल, चिकित्सा शिविर और खोया-पाया केंद्र की भी व्यवस्था की गई।

### यूपी-जापान

बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कदम उठाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बौद्ध सर्किट में पर्यटन गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया जाए।

### वर्तमान पीढ़ी

समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 21 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से नवनिर्मित राना बेनी माधव बख्श सिंह स्मृति सभागार का लोकार्पण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व शहीदों के परिजनों का सम्मान तथा अवध केसरी स्मारिका एवं विशेष आवरण (स्पेशल कवर) का विमोचन भी किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पुणे में कांग्रेस के युवा संपर्क कार्यक्रम छात्रों की गूंज में कहा था कि महिलाओं का अपना अस्तित्व है और उनकी पहचान को उनके पिता, पति या बेटों के अधीन नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने मनुस्मृति के उस नियम को शर्मनाक बताया, जिसके अनुसार महिला को जीवन के हर चरण में पुरुष रिश्तेदारों के अधीन रहना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी के महाराष्ट्र में दिए एक बयान को पढ़ रहा था, जिसमें उन्होंने कहा कि महिलाएं मनु स्मृति के बंधन को तोड़कर अब बाहर आ जाएं। राहुल गांधी के रूप में आपसे यह देश बहुत अपेक्षा नहीं करता है, कोई अपेक्षा नहीं करता है, लेकिन भारत की संसद में, भारत की सर्वोच्च पंचायत में नेता प्रतिपक्ष के रूप में आप देश के लोकतंत्र के प्रति जवाबदेह बनते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल मनु पर या राम पर या भारत की विरासत पर टिप्पणी करते हैं। उन्होंने कहा कि मनु को जानना है तो अथर्ववेद, सप्तपदी ब्राह्मण और मत्स्य पुराण पढ़िए, आपको सारी जानकारी मिल जाएगी। उन्होंने कहा कि कौन ऐसा व्यक्ति है जिसके जीवन में मां के रूप में या बहन के रूप में या पत्नी के रूप में या फिर बेटे के रूप में किसी महिला का संरक्षण उसे न प्राप्त होता हो? क्या कोई बेटी पिता के बगैर, क्या कोई बहन भाई के बगैर, क्या कोई पत्नी पति के बगैर और क्या कोई मां बेटे के बगैर अपने अस्तित्व को पूर्ण मानती है? योगी ने कहा कि क्या मनु स्मृति ने यह बात कही है ? आप बताइए सही बात क्या है ? आप भारत के बच्चों को उस दिशा में क्यों ले जाना चाहते हैं, जहां किसी माता या किसी अन्य को बाद में लज्जित होकर माफी मांगनी पड़े? दिल्ली में जंतर-मंतर में हुए विरोध प्रदर्शन के बाद एक लड़की के माफी मांगने की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उसके माता पिता ने भी माना कि उनकी बेटी ने गलत किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो समाज अपने पूर्वजों को विस्मृत करता है, उसका कोई भविष्य नहीं होता है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से भारत की परंपरा और मूल्यों को विस्मृत करके उसको भ्रम में डालकर कुछ लोगों ने भारत के खिलाफ षड्यंत्र करने का एक ठेका सा ले लिया है, जिसे देखकर वह स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत के संविधान की शपथ ली थी और संविधान की शपथ लेकर वे भारत की परंपरा और भारत की विरासत को कोसना अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। वे उप्र के बाहर जाते हैं तो उप्र को अपमानित करते हैं, भारत के बाहर जाते हैं तो भारत का अपमान करते हैं। योगी ने आरोप लगाया कि भारत की सेना जब सीमाओं पर दुश्मनों के खिलाफ लड़ती है तो राहुल गांधी सेना के जवानों से प्रमाण मांगते हैं। आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में देशद्रोही तत्वों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम के अस्तित्व पर उनकी पार्टी सवाल उठाती है और लोकतंत्र के प्रति उनकी निष्ठा क्या है, यह तो इस देश ने 1975 में आपातकाल के रूप में देखा है। इस मौके पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, खाद्य एवं रसद, नागरिक आपूर्ति मंत्री मनोज पांडेय, खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री एवं रायबरेली के प्रभारी राकेश सचान, व विधायक अदिति सिंह समेत कई प्रमुख लोग मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने

की ओर से उन्हें पात्रता के अनुसार सभी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने गोसेवा के प्रति समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। पूनम देवी ने श्रावण मास में अपनी इच्छा पूरी करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। जनता दर्शन में पहुंचे एक दिव्यांग व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जमीन की जांच कराने और नियमानुसार समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को सभी शिकायतों का समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### लखनऊ में चैंबर

वकील तोड़फोड़ नोटिस का जवाब दाखिल कर सकते हैं। इस पर वकील ने कहा कि नोटिस तोड़फोड़ की कार्वाई आगे बढ़ाने के इरादे से जारी किए गए हैं।

### स्वाइन फ्लू,

जाए। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वाइन फ्लू की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश में निगरानी व्यवस्था और मजबूत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा महानिदेशक स्वास्थ्य को पत्र जारी कर स्वाइन फ्लू के मामलों की लगातार समीक्षा और प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा है। इन संबंध में पत्र भी जारी कर दिया गया है। डिप्टी सीएम ने विशेष रूप से गंभीर मरीजों की समय रहते पहचान और तत्काल चिकित्सकीय उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों की स्थिति बिगड़ने से पहले उनकी पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि गंभीर परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने अस्पतालों में निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के साथ ही स्वाइन फ्लू से संबंधित मामलों की सूचना एवं फॉलोअप व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थिति की नियमित समीक्षा करने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश के अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं और स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पतालों में आवश्यक दवाओं, जांच एवं उपचार की सुविधाएं और दुरुस्त रखी जाएं। मरीजों को उपचार के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो और जरूरतमंद मरीजों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। स्वाइन फ्लू के मामलों को लेकर जिलों से मिलने वाली सूचनाओं की समीक्षा की जा रही है।

### साफ-सफाई

लेकर मरीज कतई घबराएं नहीं, नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अथवा अस्पताल जाकर चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

जनता से अपील, घबराएं नहीं, सतर्क रहें

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि स्वाइन फ्लू को लेकर घबराने की आवश्यकता नहीं है। सरकार पूरी तरह तैयार है और स्वास्थ्य विभाग स्थिति की लगातार समीक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है, लेकिन किसी भी प्रकार की अफवाह या अनावश्यक भय से बचें। उन्होंने प्रदेशवासियों से स्वास्थ्य संबंधी परेशानी होने पर समय रहते चिकित्सकीय परामर्श लेने की अपील की। साथ ही अधिकारियों एवं चिकित्सकीय टीमों को पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य करने और मरीजों को समय पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। डिप्टी सीएम ने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, सुलभ और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

### रूसी राष्ट्रपति

और आर्थिक सहयोग को और बढ़ावा देने के तौर-तरीकों पर चर्चा की।

जयशंकर ने मंतुरोव के साथ एक कार्यक्रम की सह-अध्यक्षता करते हुए कहा, भारत-रूस साझेदारी ने लगातार मजबूती और हालात के अनुसार ढलने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है।

### महिलाओं के

का अवसर मिलेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड की महिलाएं पारंपरिक रूप से खेती, पशुपालन और अन्य ग्रामीण आजीविका गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान देती रही हैं। अब स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से वे स्थानीय संसाधनों और अपने कौशल को आय के स्थायी साधन में बदल रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस केवल समूह बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को उत्पादन से लेकर बाजार और बिक्री तक पूरी श्रृंखला से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में शुरू किए गए सशक्त बहना उत्सव का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को स्थानीय बाजार से आगे ले जाकर व्यापक उपभोक्ता वर्ग तक पहुंचाना था। वर्तमान में प्रदेश में 70 हजार से अधिक स्वयं सहायता समूह कार्य कर रहे हैं, जिनसे 5.20 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार जुड़े हुए हैं। इनके सहयोग के लिए 8 हजार से अधिक ग्राम संगठन और 615 क्लस्टर लेवल फेडरेशन भी सक्रिय हैं।

### दवा कारोबार

भी देखा जाएगा कि प्रतिष्ठान वास्तविक लाइसेंसधारी ही चला रहा है या किसी दूसरे व्यक्ति द्वारा उसके नाम पर कारोबार किया जा रहा है। बैंक खाता, जीएसटी पंजीकरण और अन्य कानूनी दस्तावेज भी लाइसेंसधारी के नाम पर होने जरूरी होंगे। अनियमितता मिलने पर लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने के साथ अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। लाइसेंसी दुकान से अलग बेसमेंट, मकान या किराए के कमरे में बिना लाइसेंस दवाओं का स्टॉक मिलने पर भी कार्रवाई होगी। यानी अब जांच सिर्फ दुकान तक सीमित नहीं रहेगी।

### न्यूनतम

गई थी। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार के दोनों आदेश एक-दूसरे के विपरीत हैं। एक आदेश से तदर्थ शिक्षकों की सेवाएं समाप्त की गईं, जबकि दूसरे में उन्हीं में से ऐसे शिक्षकों को दोबारा मानदेय पर रखने की अनुमति दी गई। यह कार्रवाई अपरोबेट एंड रीप्रोबेट के सिद्धांत के विपरीत है। मामले में याचीगण ऐसे शिक्षक थे, जिन्हें यूपी माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड अधिनियम, 1982 की धारा 18 अथवा यूपी इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम, 1921 की धारा 16-ई(11) के तहत स्वीकृत पदों पर तदर्थ रूप से नियुक्त किया गया था। वे लंबे समय तक संबंधित पदों पर काम करते रहे और नियमित पद का वेतनमान प्राप्त करते रहे। सुप्रीम कोर्ट के 26 अगस्त 2020 के निर्देश के तहत इन शिक्षकों को नियमित चयन परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया था। कुछ शिक्षक परीक्षा में सफल नहीं हो सके, जबकि कुछ परीक्षा में शामिल ही नहीं हुए। इसके बाद 30 दिसंबर 2000 के बाद नियुक्त तदर्थ शिक्षकों को नौ नवंबर 2023 के आदेश से हटा दिया गया।




# भारत ने श्रीलंका पर कसा शिकंजा

## जुरेल ने177 गेंद में नौ चौकों और दो छक्के की मदद से बनाये 115 रन, भारत ने नौ विकेट पर 503 रन पर अपनी पहली पारी घोषित की

एजेंसी

कोलंबो। ध्रुव जुरेल की धैर्य और संयम से खेली गयी नाबाद शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों ने दो मैचों की टेस्ट श्रृखला के बारिश से प्रभावित दूसरे दिन सोमवार को यहां श्रीलंका के दो विकेट चटकाकर भारत की स्थिति मजबूत कर दी। जुरेल की 177 गेंद में नौ चौकों और दो छक्के की मदद से खेली गयी नाबाद 115 रन के बूते भारत ने नौ विकेट पर 503 रन र अपनी पहली पारी घोषित की। जवाब में श्रीलंका ने दिन का खेल खत्म होने तक महज आठ रन पर दो विकेट गंवा दिए। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मानव सुथार ने क्रमशः लाहिरू उदारा और प्रभात जयसूर्या को पवेलियन भेजा। स्टंप्स के समय कामिल मिशारा पांच रन बनाकर क्रीज पर थे। श्रीलंका पहली पारी में भारत से 495 रन पीछे हैं। दिन का मुख्य आकर्षण जुरेल की शानदार बल्लेबाजी रही जिन्होंने मैच के दूसरे दिन दो अहम साझेदारियां की। उन्होंने सातवें विकेट के लिए ऋषभ पंत (63) के साथ 112 रन जोड़े, जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 307 रन से बढ़कर 419 रन हो गया।

इसके बाद मानव सुथार (18) के साथ आठवें विकेट के लिए 39 रन की साझेदारी की, जिससे भारत 500 रन के करीब पहुंच गया। दिन की शुरुआत में पदार्पण कर रहे सारांश जैन (06) के जल्दी आउट होने के बाद पंत बल्लेबाजी के लिए आए तो जुरेल ने उन्हें ज्यादा स्ट्राइक देने की रणनीति अपनाई। पंत ने अपनी चिर-परिचित आक्रामक पारी के दौरान कई शानदार शॉट खेले। श्रीलंकाई तेज गेंदबाजों फर्नांडो और लाहिरू कुमारा ने लगातार शॉर्ट गेंदों से उनके शरीर को निशाना बनाया। फर्नांडो की एक गेंद पंत के कंधे पर भी लगी, लेकिन विकेटकीपर बल्लेबाज ने धैर्य बनाए रखा। उन्होंने कई गेंदों से लाइन से हटकर या उन्हें हल्के हाथों से खेलकर अपना बचाव किया। पंत ने कुमारा की गेंद पर फाइन लेग के ऊपर शानदार हुक शॉट खेलकर छक्का भी जड़ा। उन्होंने ऑफ स्पिनर केशरा नुवांता की गेंद पर पुल से चौका लगाकर 81 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। इस अर्धशतक का जश्न उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर जयसूर्या की गेंद पर जोरदार छक्का लगाकर मनाया। जुरेल ने जयसूर्या



को पुल कर चौका लगाते हुए 97 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत के लिए दूसरे सत्र की शुरुआत अच्छी नहीं रही क्योंकि पंत ने नुवांता की गेंद पर सर्कल के बाहरी किनारे पर खड़े लाहिरू उदरा को कैच थमा दिया। जुरेल को इसके बाद सुथार के रूप में अच्छा साथी मिला। सुथार को बाएं हाथ के स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने आउट किया, जिन्होंने विकेटकीपर निरोशन डिकवेला को कैच दिया।

भारत ने सुबह पांच विकेट पर 300 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई तथा पहले सत्र में 119 रन जोड़े। श्रीलंका को दूसरे दिन सुबह तुरंत ही सफलता मिली जब असिथा फर्नांडो ने जैन को दूसरी स्लिप में कैच आउट कराया। पंत रविवार को मैच के पहले दिन लाहिरु कुमारा की गेंद से हाथ में चोट लगने के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। उन्होंने तीन रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। उन्होंने दो घंटे से भी अधिक समय तक क्रीज पर बिताकर चोट को लेकर चिताओं को दूर कर दिया। बारिश ने निर्धारित चाय के समय से करीब 30 मिनट पहले खेल रोक दिया और उस समय जुरेल 95 रन पर नाबाद थे। करीब दो घंटे की रूकावट के बाद खेल शुरू हुआ तो जुरेल ने फर्नांडो की गेंद पर दौड़कर एक रन लेते हुए 171 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। शतक पूरा होते ही जुरेल ने हेलमेट उतारा और ड्रेसिंग रूम की ओर अपनी बांह पर बना टैटू दिखाया।

उस पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के प्रसिद्ध शब्द जय जवान, जय किसान लिखा था। शतक पूरा करने के बाद जुरेल ने फर्नांडो की गेंदों पर लगातार दो छक्के जड़े। एक लॉन्ग ऑफ के ऊपर से और दूसरा स्कायर लेग के ऊपर शानदार हुक के जरिए। भारत के 500 रन पार करते ही कप्तान शुभमन गिल ने पारी घोषित कर दी। भारतीय टीम दिन के अंतिम घंटे में श्रीलंकाई बल्लेबजों पर दबाव बनाना चाहती थी लेकिन बारिश और खराब मौसम के कारण तीन ओवर का ही खेल संभव हो पाया।

### जायसवाल व फर्नांडो पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

दुबई। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और श्रीलंका के तेज गेंदबाज असिता फर्नांडो पर कोलंबो में दूसरे टेस्ट के पहले दिन मैदान पर हुई झड़प के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों खिलाड़ियों के खाते में एक-एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। भारत की पहली पारी के 17वें ओवर में फर्नांडो ने जायसवाल को आउट किया जिसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कहासुनी हुई। जायसवाल फर्नांडो की ओर बढ़े और दोनों ने एक-दूसरे से कुछ कहा। इसके बाद फर्नांडो ने अपना सिर जायसवाल की ओर बढ़ाया। जवाब में जायसवाल भी आगे झुके जिससे दोनों के सिर आपस में टकरा गए। आईसीसी ने बयान में कहा, दोनों खिलाड़ियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और आईसीसी के एलीट पैनल के मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित सजा को मान लिया इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। दोनों खिलाड़ियों को आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.12 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया।

यह नियम किसी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। आईसीसी ने कहा, फर्नांडो और जायसवाल के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक-एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जिनका पिछले 24 महीने में कोई पूर्व अपराध नहीं था। दूसरे दिन का खेल शुरू होने से पहले जायसवाल ने अपने व्यवहार का बचाव करते हुए कहा था कि अगर किसी को पता नहीं है कि सामने वाले ने क्या कहा तो उसे फैसला नहीं सुनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई सीमा पार करता है तो उसे जवाब देना जरूरी है और भारत लड़ेगा और जवाब देगा।

## दबाव के बावजूद एशियाई खेलों के चयन मानदंड में ढील नहीं : मंत्रालय



नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने स्पष्ट कर दिया है कि एक साल पहले घोषित चयन मानदंडों पर खरे नहीं उतरने वाले खिलाड़ियों को उनके समर्थकों की ओर से बनाए जा रहे दबाव के बावजूद एशियाई खेलों के लिए चुनी गयी भारतीय टीम में जगह नहीं दी जाएगी। खेल मंत्रालय ने 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान के आइची-नागोया में होने वाले एशियाई खेलों के लिए 492 खिलाड़ियों के दल को मंजूरी दी है। इनमें एथलेटिक्स के 73 खिलाड़ी शामिल हैं, जो दल का सबसे बड़ा हिस्सा हैं। दल में कुछ और खिलाड़ियों को शामिल किए जाने की संभावना है लेकिन ये ऐसे मामले हैं जिनके लिए एशिया ओलंपिक परिषद की मंजूरी का इंतजार है। मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि इन अतिरिक्त खिलाड़ियों का चयन पिछले साल सितंबर में जारी किये गये मानदंडों की अनदेखी करके नहीं किया जाएगा। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया, हम पर काफी दबाव था।

कुछ अभिभावक आए और उन्होंने कहा कि उनके बच्चे का चयन नहीं हुआ है। हमने उनसे कहा कि अगर आपका बच्चा चयन का हकदार है और तय मानदंड पूरा करता है, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि उसका चयन न हो। अधिकारी ने उदाहरण देते हुए कहा, मान लीजिए 100 मीटर दौड़ में पदक की दावेदारी के लिए 10 सेकंड का समय जरूरी है, तो क्या हम 15 सेकंड में दौड़ने वाले खिलाड़ी को भेजेंगे? हमने मानदंड तय किए हैं कि अगर कोई खिलाड़ी एशिया में शीर्ष छह में है, तभी उसका चयन किया जाएगा। हमने इसी नियम का पालन किया है। मंत्रालय ने 2025 में जारी चयन मानदंडों में स्पष्ट किया था कि एशियाई खेलों समेत बहु-खेल प्रतियोगिताओं के लिए केवल उन्हीं खिलाड़ियों पर विचार किया जाएगा, जिनके पास पदक जीतने की वास्तविक संभावना हो। इसके अलावा महाद्वीपीय रैंकिंग में शीर्ष छह खिलाड़ियों को ही पात्र माना गया था। इसी कटऑफ के कारण खराब होती रैंकिंग के चलते भारतीय फुटबॉल टीम एशियाई खेलों से बाहर होने वाली शुरुआती टीमों में शामिल रही।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भी कुछ सप्ताह पहले कहा था कि एशियाई खेल जैसी प्रतियोगिताओं को खिलाड़ियों के लिए महज अनुभव हासिल करने के अवसर के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। जापान वही खिलाड़ी जाएं, जो पदक जीतने की मजबूत क्षमता रखते हों। बहु-खेल प्रतियोगिताओं के लिए भारतीय दल को अंतिम रूप देना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है।

## संक्षेप

### शुभंकर नेक्सो चैंपियनशिप में 46वें पायदान पर रहे

एबेरडीन। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा 2026 नेक्सो चैंपियनशिप के अंतिम दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेलकर संयुक्त 46वें स्थान पर रहे। शर्मा ने इस दौरान तीन बर्डी और तीन बोगी लगाये। उन्होंने इससे पहले तीन दौर में 73, 72 और 75 के कार्ड खेले थे। उनका कुल स्कोर चार ओवर 292 का रहा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले एक अन्य भारतीय गोल्फर युवराज संधू कट से चूक गए थे। स्कॉटलैंड के स्कॉट जैमीसन ने अंतिम दौर में 67 का शानदार कार्ड खेलकर डीपी वर्ल्ड टूर पर अपना दूसरा खिताब जीता। उन्होंने कुल 11 अंडर स्कोर बनाकर इंग्लैंड के मैथ्यू जॉर्डन को दो शॉट से पछाड़ा।

### गॉफ ने दूसरी बार सिनसिनाटी ओपन का खिताब जीता

मेसन (अमेरिका)। कोको गॉफ ने हमवतन अमेरिकी जेसिका पेगुला को सीधे सेटों में हराकर सिनसिनाटी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में दूसरी बार महिला एकल का खिताब जीता, जबकि पुरुष एकल में फ्रांस के आर्थर फिल्स चैंपियन बने। महिला वर्ग के फाइनल में गॉफ ने पेगुला को 6-2, 6-4 से हराया। पुरुषों के फाइनल में फ्रांस के फिल्स ने अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो को 6-3, l-6, 6-0 से हराकर अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता। पेगुला ने शनिवार को सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन इगा स्वियातेक को जबकि गॉफ ने सारा बेजलेक को हराकर 56 वर्षों में सिनसिनाटी ओपन में पहली बार अमेरिकी महिला खिलाड़ियों के बीच फाइनल का मुकाबला तय किया था। इससे पहले सिनसिनाटी ओपन में अमेरिका की दो महिला खिलाड़ियों के बीच फाइनल मुकाबला 1970 में खेला गया था जब रोजी कैसल्स ने नैन्सी रिची को हराया था। गॉफ ने 2023 में कैरोलिना मुचोवा को हराकर यहां अपना पहला खिताब जीता था। उन्होंने रविवार को खेले गए फाइनल में पहले सेट में 5-0 की बढ़त हासिल की और फिर 6-2 से जीत दर्ज की। पेगुला ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए स्कोर 5-4 तक पहुंचाया, लेकिन गॉफ ने अंत में जीत हासिल कर ली। गॉफ ने छह में से पांच ब्रेक प्वाइंट जीते। फिल्स और टियाफो का मैच पहली बार था जब दो अश्वेत खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 फाइनल में आमने-सामने थे। 22 वर्षीय फिल्स मास्टर्स 1000 का खिताब जीतने वाले तीसरे अश्वेत पुरुष खिलाड़ी हैं। उनसे पहले बेन शेल्टन ने कनाडा में दो बार और जो-विल्फ्रेड सोंगा ने 2008 में पेरिस में और 2014 में कनाडा में मास्टर्स 1000 का खिताब जीता था।

## पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ बड़ी जीत की ओर पूर्व क्षेत्र

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय टीम से बाहर चल रहे हरफनमौला शाहबाज अहमद ने सोमवार को दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन 167 रन बनाने के बाद तीन विकेट झटके जिससे पूर्व क्षेत्र ने कमजोर पूर्वोत्तर क्षेत्र को फॉलोऑन के लिए मजबूर कर दिया। पूर्व क्षेत्र ने पहली पारी में 467 रन बनाने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र को महज 111 रन पर आउट कर दिया। त्रिपुरा के मध्यम गति के गेंदबाज अभिजीत सरकार ने 9.5 ओवर में 20 रन देकर पांच विकेट लिए, जबकि शाहबाज ने 20 रन देकर तीन विकेट चटकाए। फॉलोऑन के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाए सात रन बना लिए थे। उसे पारी की हार से बचने के लिए अभी 349 रन और बनाने हैं।

मौसम ने अगर खलल नहीं डाला तो पूर्व क्षेत्र के तीसरे दिन के भीतर ही मुकाबला खत्म करने की पूरी संभावना है। रविवार के नाबाद 100 रन के स्कोर से आगे खेलने उतरे शाहबाज ने आक्रामक अंदाज अपनाते हुए 244 गेंदों पर 167 रन के साथ प्रथम श्रेणी का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया। उनकी पारी में 17 चौके और चार गगनचुंबी छक्के शामिल रहे।

## प्रतीती को एकल बढ़त, मयंक शीर्ष पर

एजेंसी

मुंबई। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला फिडे मास्टर (डब्ल्यूएफएम) प्रतीति बोरदोलोई ने सोमवार को यहां सातवें दौर में महिला कैंडिडेट मास्टर (डब्ल्यूसीएम) आद्या गौड़ा पर महत्वपूर्ण जीत हासिल करते हुए एशियाई जूनियर क्लासिकल शतरंज चैंपियनशिप में महिला वर्ग में एकल बढ़त हासिल कर ली।

इस जीत के साथ प्रतीति के कुल सात में से छह अंक हो गए और वह अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से आधा अंक आगे हो गईं। इससे पहले तुर्कमेनिस्तान की महिला चैंपियन शोहराडोवा लैला उनके साथ संयुक्त बढ़त पर थी लेकिन शिवमशिका जी



के साथ ड्रॉ खेलने के कारण वह 5.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गई। फिडे मास्टर (एफएम) एम प्रिशिता गुप्ता ने डब्ल्यूएफएम निवेदिता वी सी पर जीत हासिल करके खिताब के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। उनके 5.5 अंक हो गए हैं और वह संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। कजाकिस्तान की डब्ल्यूएफएम मारिया खोल्यावको और डब्ल्यूसीएम दक्षिता कुमावत के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा और दोनों के समान पांच अंक हो गए।

ओपन चैंपियनशिप में शीर्ष वरीयता प्राप्त और संभावित ग्रैंडमास्टर मयंक चक्रवर्ती ने सात राउंड पूरे होने के बाद अपनी एकमात्र बढ़त बरकरार रखी। मयंक का मुकाबला इंटरनेशनल मास्टर विग्नेश अद्वैत वेमुला से ड्रॉ पर समाप्त हुआ, लेकिन यह परिणाम उनके लिए सात में से छह अंक हासिल करने और बाकी खिलाड़ियों से आधा अंक आगे रहने के लिए पर्याप्त था। रूस के इंटरनेशनल मास्टर आर्टेम पिंगिन को दक्ष गोयल ने अप्रत्याशित रूप से ड्रॉ पर रोक दिया।

## भारत के खिलाफ श्रृंखला में अफगानिस्तान की अगुआई करेंगे इब्राहिम जादरान

एजेंसी

काबुल। अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ आगामी तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए सोमवार को इब्राहिम जादरान को कप्तान नियुक्त किया। पूर्णकालिक टी20 कप्तान के रूप में यह उनकी पहली श्रृंखला होगी। तीन मैच की यह श्रृंखला 13 से 17 सितंबर तक नयी दिल्ली के फिरोज शाह कोटला मैदान पर खेली जाएगी। यह अफगानिस्तान की घरेलू श्रृंखला है। अनुभवी तेज गेंदबाज नवीन उलहक की भी टीम में वापसी हुई है। वह दाएं कंधे में स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरने के बाद राष्ट्रीय टीम में लौटे हैं। इस चोट के कारण वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 श्रृंखला और टी20 विश्व कप 2026 में नहीं खेल पाए थे।

नवीन की वापसी से अफगानिस्तान का तेज गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है जिसमें फजलहक फारूकी, अब्दुल्लाह अहमदजई और ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई भी शामिल हैं। अफगानिस्तान ने मजबूत टीम चुनी है। अनुभवी ऑलराउंडर गुलबदीन नैब की भी वापसी हुई है जिससे मध्यक्रम को मजबूती मिलने के साथ एक और गेंदबाजी विकल्प उपलब्ध होगा।

### हॉकी वर्ल्डकप : भारत ऑस्ट्रेलिया का मैच ड्रॉ

एम्सटेलवीन। भारतीय महिला हॉकी टीम वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच सकी है। उसे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत की जरूरत थी, लेकिन मैच 0-0 से ड्रॉ रहा और ऑस्ट्रेलिया टॉप-4 में पहुंच गई। एमस्टेलवीन के वैगनर हॉकी स्टेडियम में भारतीय कोच ने आखिरी 5 मिनट के लिए गोलकीपर को भी बाहर बुला लिया था। ताकि, गोल के मौके बनाए जा सके। लेकिन, गोल नहीं आया। भारत लगातार तीसरे मैच में गोल नहीं कर सका है। उसे पिछले मुकाबले में नीदरलैंड ने 0-2 से हराया। जबकि, इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबला गोलरहित ड्रॉ रहा था। भारतीय टीम की ओर से पिछला गोल साउथ अफ्रीका के खिलाफ 18 अगस्त के मैच में हुआ था। उस में इंडिया 6-1 से जीत हासिल की थी।

## मुश्ताक और अर्शदीप ने उत्तर क्षेत्र को बढ़त दिलायी

एजेंसी

बेंगलुरु। यश धुल एक बार फिर बल्ले से नाकाम रहे जबकि बाएं हाथ के स्पिनर आबिद मुश्ताक और अनुभवी अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाजी से उत्तर क्षेत्र ने सोमवार को यहां दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के दूसरे दिन पश्चिम क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 64 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

उत्तर क्षेत्र की पहली पारी के 251 रन के जवाब में पश्चिम क्षेत्र ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 31 रन से की थी लेकिन उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके और पूरी टीम 181 रन पर सिमट गई। किफायती गेंदबाजी करने वाले मुश्ताक ने 25.5 ओवर में 39 रन देकर पांच विकेट लिए जबकि अर्शदीप ने 53 रन देकर तीन विकेट चटकाए। शम्स मुलानी ने 94 गेंद में सर्वाधिक 52 रन बनाए। उनके अलावा मुशीर खान (31) ही 30 रन के आंकड़े को पार कर पाए।

हालांकि उत्तर क्षेत्र अपनी बढ़त को मजबूत करने में पूरी तरह सफल नहीं रहा और दिन का खेल खत्म होने तक उसने चार विकेट पर 107 रन बनाए। मुंबई के स्पिन गेंदबाजों शम्स मुलानी और तनुश कोटियान ने दो-दो विकेट लिए। पिच से गेंदबाजों को टर्न मिल रहा है। उत्तर क्षेत्र की कुल बढ़त अब 171 रन की हो गई है और उसकी कोशिश इसे 250 रन तक पहुंचाने की होगी जो बचाव करने के लिए पर्याप्त स्कोर साबित हो सकता है।

### सेरेना व अल्काराज़ यूएस ओपन में क्वालीफायर से भिड़ेंगे

न्यूयॉर्क। सेरेना विलियम्स और कार्लोस अल्काराज़ यूएस ओपन मिश्रित युगल टेनिस चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सेरेना और अल्काराज़ का मुकाबला आठ टीमों के क्वालीफाइंग टूर्नामेंट से आगे बढ़ने वाली किसी टीम से होगा। सेरेना 2022 के बाद पहली बार यूएस ओपन में वापसी कर रही हैं। उन्हें और अल्काराज को 16 टीमों के टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड के जरिए प्रवेश मिला है। मिश्रित युगल का पहला राउंड और क्वार्टरफाइनल मंगलवार को होंगे, जबकि सेमीफाइनल और फाइनल बुधवार को खेले जाएंगे। विजेता टीम को 10 लाख डॉलर का पुरस्कार मिलेगा। दो बार की मौजूदा महिला चैंपियन एरिना सबालेंका और 23 बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन नोवाक जोकोविच को शीर्ष वरीयता दी गई है।

## लखनऊ फाल्कन्स की जीत, अंक तालिका में दूसरे स्थान पर


खेल संवाददाता

**लखनऊ।** मोहम्मद सैफ (89 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत लखनऊ फाल्कन्स ने यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एनसीएस में काशी रुद्रास को डकवर्थ-लुईस-स्टर्न (डीएलएस) पद्धति से 14 रन से पराजित किया। लखनऊ फाल्कन्स इस तरह छह मैचों में तीन जीत के चलते 6 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। हालांकि

- बारिश से बाधित मैच में काशी रुद्रास को डीएलएस से 14 रन से दी शिकस्त

पिछली विजेता काशी रुद्रास के भी 6 मैचों में तीन जीत के चलते 6 अंक है लेकिन लखनऊ को बेहतर नेट रन रेट का फायदा मिला।

मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार लखनऊ के तूफानी बल्लेबाज मोहम्मद सैफ को दिया गया। भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच की औपचारिक शुरूआत उत्तर प्रदेश सरकार के व्यावसायिक शिक्षा,



कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने टॉस कराकर और पारंपरिक ढंग से घंटा बजाने की रस्म के साथ की। इस अवसर पर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने और युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में यूपी टी20 लीग एक महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे आयोजन प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के साथ-साथ उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। इससे उनके खेल कौशल, आत्मविश्वास एवं

- यूपी टी-20 लीग सीजन-4 पावर्ड बाई बिमल इलायची और एनसीएस

प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में वृद्धि होती है तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने की संभावनाएं मजबूत होती हैं। यूपी टी-20 लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन डॉ. संजय कपूर ने कहा कि लीग में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का शानदार तालमेल देखने को मिल रहा है। इससे प्रदेश के उभरते क्रिकेटरों को बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर अवसर मिल रहा है।



# बीजिंग पहुंचे एनएसए अजित डोभाल

## चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेंगे

एजेंसी

बीजिंग। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल सोमवार को दो दिवसीय दौरे पर बीजिंग पहुंचे, जहां वह अपने चीनी समकक्ष और विदेश मंत्री वांग यी के साथ भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेंगे। मंगलवार को होने वाली यह वार्ता इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 12-13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन के लिए चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग की भारत की संभावित यात्रा को लेकर अभी अनिश्चितता बनी हुई है। यह वार्ता ऐसे समय हो रही है जब दोनों देशों के बीच सीमा और अरुणाचल प्रदेश को लेकर मतभेद प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। साल 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प और पूर्वी लद्दाख में लंबे समय तक चले सैन्य गतिरोध के बाद नयी दिल्ली और बीजिंग के संबंध काफी तनावपूर्ण हो गए थे। हालांकि, इसके बाद दोनों पक्षों ने संबंधों को स्थिर करने के लिए कदम उठाए हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता की घोषणा करते हुए कहा कि डोभाल और वांग सीमा मुद्दे के साथ-साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय व अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर गहन चर्चा करेंगे। लिन ने कहा कि भारत-चीन विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता सीमा मुद्दे पर दोनों देशों के बीच बातचीत का मुख्य जरिया है। उन्होंने कहा कि यह दोनों पक्षों के लिए आपसी हित के मुद्दों पर बातचीत का एक महत्वपूर्ण मंच भी है।

उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त में चीन और भारत ने 24वें दौर की वार्ता सफलतापूर्वक की थी और दोनों पक्षों ने सीमा मुद्दे पर स्पष्ट व गहन विचार-विमर्श किया था तथा कई मुद्दों पर आपसी समझ कायम की थी। उन्होंने कहा कि इस बार 25वें दौर की वार्ता होगी, जिसमें दोनों पक्ष दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी साझा समझ के आधार पर सीमा मुद्दे पर गहन बातचीत जारी रखेंगे, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व स्थिरता बनाए रखने के लिए मिलकर काम किया जा सके। लिन ने कहा कि दोनों पक्ष द्विपक्षीय संबंधों तथा अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे।

डोभाल और वांग दोनों ही सीमा वार्ता के लिए विशेष प्रतिनिधि हैं। यह व्यवस्था 2003 में भारत-चीन के बीच 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा के विवाद को व्यापक रूप से हल करने के लिए बनाई गई थी। हालांकि इस व्यवस्था से सीमा विवाद को हल करने में सफलता नहीं मिली है, लेकिन दोनों देशों के अधिकारी इसे विभिन्न मुद्दों पर बार-बार होने वाले तनाव को दूर करने का एक उपयोगी माध्यम मानते हैं। सोमवार को लिन ने अगले महीने ब्रिक्स सम्मेलन के लिए शी चिनफिंग की बहुप्रतीक्षित नयी दिल्ली यात्रा से जुड़े सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया। शी की भारत यात्रा की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, दोनों देशों के अधिकारी सम्मेलन में चीनी नेता के शामिल होने को लेकर आशावादी हैं। विशेष प्रतिनिधियों की वार्ता में हिस्सा लेने के अलावा डोभाल चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एनएसए की यात्रा को लेकर जारी एक बयान में यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने कहा चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर भारत-चीन सीमा मुद्दे पर भारत के विशेष प्रतिनिधि (एसआर) राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आज दोपहर दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग पहुंचे। विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है, एनएसए डोभाल और चीन के विशेष प्रतिनिधि विदेश मंत्री वांग 25 अगस्त को भारत-चीन सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों की 25वें दौर की वार्ता करेंगे। शी की यात्रा से सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात का अवसर उपलब्ध हो सकता है, जिसमें दोनों देशों के संबंधों को आगे बढ़ाने की पहल पर चर्चा हो सकती है।

# ईरान ने अमेरिकी प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाये जाने की घोषणा से पहले चेतावनी दी

दुबई। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अगर अमेरिका ने प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाया तो तेहरान करारा जवाब देगा और उन देशों के खिलाफ कार्वाई करेगा, जिन्हें वह अमेरिका के सहयोगियों के तौर पर देखता है। मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बकई ने कहा, इस तनाव को और बढ़ाने के निश्चित रूप से दुष्परिणाम होंगे। हमारे हाथ बंधे हुए नहीं हैं। ईरान की शीर्ष सुरक्षा संस्था के नए प्रमुख ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर कोई देश प्रतिबंधों का समर्थन करेगा तो ईरान इसे युद्ध की कार्वाई मानेगा। अमेरिका ने कई सप्ताह से जारी गतिरोध के बाद ईरान के खिलाफ प्रतिबंधों का दायरा बढ़ाने की बात कही है। अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण खत्म नहीं कर पाया है। युद्ध शुरू होने से करीब छह महीने पहले तक दुनिया में 20 प्रतिशत तेल की आपूर्ति इसी मार्ग से होती थी। ईरान की शर्त है कि इस जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के लिए अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकाबंदी हटाए।









Viraj आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com